जबलपुर, शनिवार
11 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 285
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'सत्य और तथ्य में बहुत बड़ा अंतर है, तथ्य सत्य को छिपा सकते हैं।'

2 सिविल अस्पतालों में नहीं सोनोग्राफी...
5 कुत्तों की नसबंदी में घपला, इंसानियत...
7 परमाणु बम से भी घातक है एआई...
11 कृषि लोकरंग से किसानों के जीवन...

# वृंदावनः यमुना नदी में नाव पलटी, 10 श्रद्धालुओं की मौत

मथुरा

मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को यमुना नदी में बड़ा हादसा सामने आया है। नदी में बने पीपा पुल के पास श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की डूबकर मौत हो गई, जबकि 22 लोगों को बचा लिया गया। अब भी कई लापता बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंच गईं। मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है और गोताखोर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। मथुरा जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वृंदावन में नाव पलटने की इस घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को



यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश के मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के मुताबिक मांट थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 3.15 बजे नाव पलट गई। इसमें पंजाब के मोंगा, मुक्तेश्वर और लुधियाना से आए कुल 32 लोग सवार थे।

## तेज हवा के कारण पलटी नाव

हादसा दोपहर 3.15 बजे केशी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से करीब ढाई किमी की दूरी पर है। नाव पीपा पुल से टकराने के बाद नदी में पलट गई। स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीमें करीब 50 स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। गुलाब नाम के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि तेज हवा के कारण नाव पर नियंत्रण नहीं रहा और वह पीपा पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई।

## पवन खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक हफ्ते की अंतरिम राहत दी है। जस्टिस के. सुजाना की बेंच ने खेड़ा को निर्देश दिया कि वे सही फोरम के सामने जमानत के लिए आवेदन दाखिल करें। खेड़ा के वकील ने अधिक समय की मांग की। इस पर जस्टिस सुजाना ने कहा कि वह कोई सामान्य व्यक्ति नहीं हैं। जस्टिस सुजाना ने कहा कि उन्होंने 3 दिन में याचिका दाखिल की, मामले की सुनवाई हुई और आदेश भी दिया गया। वे एक हफ्ते के भीतर उचित फोरम में जा सकते हैं।

## ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, 4 की मौत

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम ट्रक ने पहले बोलेरो को टक्कर मारी, फिर बाइक से जा टकराया। भीषण हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला देहात थाना क्षेत्र के बांसा तारखेड़ा गांव का है। हादसा शुक्रवार शाम गुलाब बाबा मंदिर के पास हुआ।

## 2 कारों की भिड़ंत में कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म, 6 मौतें

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ। जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था।

## 3 टुकड़ों में कटा मिला रेप का आरोपी भाजपा नेता

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह में भाजपा समर्थित जनपद सदस्य कूदन आदिवासी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। इसके तीन टुकड़े हो गए थे। कूदन आदिवासी पर 14 साल की लड़की से रेप का आरोप है। मामले में पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। लाश शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे देहात थाना इलाके में समन्ना रेलवे ट्रैक पर मिली।

# 'हमारे साथ गेम न खेलें'

## जेडी वेंस ने शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान रवाना होने से पहले ईरान को दी चेतावनी

नई दिल्ली

नई दिल्ली। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शुक्रवार शाम पकिस्तान के लिए रवाना हो गए हैं। ईरान-अमेरिका युद्धविराम पर इस्लामाबाद में होने वाली शांतिवार्ता से पहले जेडी वेंस ने बड़ा बयान दिया है। वेंस ने कहा कि वह ईरान के साथ पॉजिटिव बातचीत की उम्मीद कर रहे हैं। पाकिस्तान रवाना होने से पहले वेंस ने पत्रकारों से कहा, हम बातचीत का इंतजार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह पॉजिटिव होगी। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरानी अच्छे भरोसे के साथ बातचीत करने को तैयार हैं, तो हम दोस्ती का हाथ बढ़ाने को तैयार हैं। और अगर वे हमारे साथ खिलवाड़ की कोशिश करेंगे, तो हम उसे स्वीकार करने के लिए बिलकुल तैयार नहीं हैं। इस्लामाबाद में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक पर पूरी दुनिया की नजर है। अगर यह वार्ता कामयाब रही तो मिडिल ईस्ट की जंग पर आखिरकार ब्रेक लगेगा। होर्मुज संकट खत्म होने से तेल का रास्ता का रास्ता साफ हो जाएगा। कच्चे तेल की कीमत घट जाएगी और वैश्विक ऊर्जा का



प्रवाह सामान्य हो जाएगा। साथ ही इस बात का डर भी है कि अगर शांतिवार्ता फेल हो जाती है तो हालत अभी से ज्यादा बिगड़ सकते हैं। इस्लामाबाद में यह शांति वार्ता शनिवार को होगी। इस बैठक को 'इस्लामाबाद टॉक्स' कहा जा रहा है। पाकिस्तान, ईरान का पड़ोसी देश है साथ ही उसके अमेरिका से भी अच्छे संबंध हैं। यही वजह है कि इस्लामाबाद को शांति वार्ता के लिए चुना गया।

### लेबनान में सीजफायर से पहले बातचीत नहीं: ईरान

ईरान ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं होता, तब तक बातचीत शुरू नहीं की जाएगी। गालिबाफ ने कहा कि लेबनान में युद्धविराम बातचीत की प्रमुख शर्त है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करने की भी मांग रखी। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की तैयारी चल रही है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। ईरान लगातार लेबनान में इजराइली हमलों का विरोध कर रहा है और इसे बातचीत से जोड़ते हुए सख्त रुख बनाए हुए है।



# 'महिला आरक्षण' संशोधन जल्दबाजी में लाया जा रहा

### खड़गे बोले- सरकार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि सरकार महिला आरक्षण संशोधन और सीटें बढ़ाने की बिल ला रही है। ये आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव के दौरान संसद सत्र बुलाना इसके दायरे में आता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जल्दबाजी में बिल पास करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर विपक्ष के साथ संयुक्त रणनीति बनाने की बात कही। खड़गे ने ये बाते कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। जानकारी सिर्फ प्रधानमंत्री के लेख के जरिए सामने आई है। लंबे समय तक चुप रहने के बाद अब अचानक इस मुद्दे पर सक्रियता दिखाई जा रही है। दरअसल सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुला रही है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं। खड़गे ने कहा- सरकार 2029 के चुनाव से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है। सीटों की संख्या बढ़ाकर इसका असर चुनावी गणित पर पड़ेगा। परिसीमन का यह प्रस्ताव देश की चुनाव प्रणाली पर बड़ा असर डाल सकता है, इसलिए इस पर गंभीर चर्चा जरूरी है। इसी बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में महिला आरक्षण, परिसीमन और पश्चिम एशिया के हालात पर भी चर्चा हुई।

# होर्मुज में भारतीय जहाजों की रफ्तार पर ब्रेक

### 16 कंटेनर कर रहे नेवी के 'ग्रीन सिग्नल' का इंतजार

पश्चिम एशिया में हालिया तनाव और सीजफायर के बाद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रैट से समुद्री आवाजाही फिर से शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, 5 अप्रैल के बाद से अब तक कोई भी भारतीय-ध्वज वाला जहाज होर्मुज को पार नहीं कर पाया है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय नौसेना वर्तमान में हालात पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद ही जहाजों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। वर्तमान में 16 भारतीय झंडे वाले जहाज होर्मुज के पश्चिमी हिस्से (फारस



की खाड़ी) में फंसे हुए हैं। इनमें एलएनजी, एलपीजी, कच्चे तेल के वाहक, कंटेनर पोत और ड्रेजर तथा रासायनिक पदार्थ ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। एलपीजी पोत 'जग विक्रम' अभी भी शारजाह में खड़ा है और निर्देशों का इंतजार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, पहले चरण में 5-6 जहाजों के जल्द ही नेवी की क्लीयरेंस मिलने के बाद होर्मुज पार करने की संभावना है। सरकारी सूत्रों की मानें तो 5 से 6 जहाजों का पहला बैच जल्द ही नौसेना की हरी झंडी के बाद होर्मुज पार कर सकता है। जंग के दौरान कुल 25 भारतीय जहाज इस क्षेत्र में मौजूद थे, जिनमें से 9 अब तक सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रैट को पार कर चुके हैं। भारतीय नौसेना की तैनाती में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है और एस्कॉर्ट अभियान लगातार जारी हैं। नौसेना सुरक्षित रास्तों से जहाजों का मार्गदर्शन कर रही है और उन्हें ओमान की खाड़ी तक सुरक्षा घेरा प्रदान कर रही है।

# 14 दिनों में ही टूटी ओवैसी-हुमायूं कबीर की जोड़ी

**नई दिल्ली।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है। यह फैसला तब आया जब सत्तारूढ़ टीएमसी ने एक कथित स्टिंग वीडियो जारी किया, जिसमें कबीर को पश्चिम बंगाल के मुसलमानों के बारे में विवादित बयान देते और बीजेपी से 'संबंध' होने का दावा करते हुए दिखाया गया है। हुमायूं कबीर को पिछले साल के अंत में टीएमसी से निलंबित कर दिया गया था और उन्होंने बाद में अपनी पार्टी एजेयूपी बनाई। हुमायूं कबीर ने इस वीडियो को एआई-जनरेटेड बताते हुए खारिज कर दिया। टीएमसी की ओर से शेयर किए



गए वीडियो में कथित तौर पर कबीर के ऐसे बयान भी शामिल हैं, जिनमें कहा गया है कि मुसलमानों को बेवकूफ बनाना आसान है और बाबरी मस्जिद मुद्दे का जिक्र किया गया है, साथ ही 200 करोड़ रुपये की अग्रिम फंडिंग की मांग भी दिखाई गई है। क्लिप में यह भी कथित तौर पर दिखाया गया है कि कबीर अल्पसंख्यक वोटों को टीएमसी से दूर करने की रणनीति बता रहे हैं, जिससे चुनावी रूप से बीजेपी को फायदा हो सकता है। साथ ही वे 1000 करोड़ रुपये की योजना का जिक्र करते हुए कहते सुनाई देते हैं कि 200 करोड़ रुपये पहले ही एडवांस के रूप में मिल चुके हैं। टीएमसी ने इस वीडियो में सामने आए दावों की जांच के लिए ईडी से जांच की मांग की है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने वीडियो सामने आने के बाद कबीर की पार्टी से गठबंधन खत्म करने का ऐलान कर दिया। पार्टी ने बयान में कहा कि वह ऐसे बयानों से खुद को नहीं जोड़ सकती जो मुसलमानों की गरिमा पर सवाल उठाते हों, और अब वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी।

### राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई

# हाईकोर्ट ने कार्तिकेय सिंह से 2 हफ्तों में मांगा जवाब

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर शुक्रवार को जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले से जुड़े रिकॉर्ड, जो एमपी एमएलए कोर्ट भोपाल में मौजूद हैं, हाईकोर्ट ने तलब किए हैं। साथ ही केस की मौजूदा स्थिति जानने के लिए सभी ऑर्डर कॉपी भी मांगी गई हैं। हाईकोर्ट ने कार्तिकेय सिंह चौहान को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 4 मई को तय की गई है। उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान के बेटे ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का



केस दायर किया है। यह विवाद 29 अक्टूबर 2018 को झाबुआ में हुई एक चुनावी सभा से शुरू हुआ था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पनामा पेपर लीक मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के बेटे कार्तिकेय चौहान का नाम शामिल है। हालांकि, बाद में राहुल ने इसे कन्फ्यूजन बताया था, लेकिन कार्तिकेय ने इसे छवि खराब करने की साजिश बताते हुए मानहानि का केस दर्ज कराया। कार्तिकेय ने भोपाल एमपी एमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दर्ज कराया था। कोर्ट में मामला दायर करने के बाद कार्तिकेय ने कहा था कि राहुल ने उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने के लिए जान-बूझकर यह बयान दिया है। राहुल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 499 एवं 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज किया गया था। भोपाल एमपी एमएलए कोर्ट की विशेष मजिस्ट्रेट ने राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया और इसी को रद्द करने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट का रुख किया।

# जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

### बंगले में जले हुए नोट मिलने के बाद से थे विवादों में

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह का खुलासा नहीं किया। हालांकि उन्होंने इस पद पर सेवा करने को अपने लिए सम्मान की बात बताया। जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने त्यागपत्र में लिखा, मैं आपके सम्मानित दफ्तर को उन कारणों के बारे में नहीं बताना चाहता जिसकी वजह से मुझे ये पत्र पेश करना पड़ रहा है। फिर भी बहुत दुख के साथ मैं इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे रहा हूं। दरअसल 14 मार्च 2025 दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के एक स्टोररूम में आग लग गई थी। आग बुझाने के दौरान उनके घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई, जिनमें से कुछ नोट जल चुके थे। इस विवाद के चलते मार्च 2025 के अंत में जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से उनके मूल इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। लेकिन जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं थे। ऐसे में संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की गई। लोकसभा के 146 सदस्यों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर साइन किए। लोकसभा अध्यक्ष ने जजों की जांच के लिए अधिनियम के तहत एक तीन सदस्यीय समिति बनाई थी, इसकी प्रक्रिया अभी जारी है। अब शायद बचाव का कोई दूसरा उपाय ना देखते हुए जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है।



### सीबीएसई ने जारी किया नया फरमान

# अब कक्षा 6 से पढ़नी होगी 'तीसरी' भाषा

नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सत्र 2026-27 के लिए भाषा शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बदलावों की घोषणा की है। बोर्ड ने कक्षा छह से तीसरी भाषा (आर-3) को अनिवार्य करते हुए सभी स्कूलों को इसे सात दिनों के भीतर लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कक्षा नौ-10 के लिए भाषा चयन और पाठ्यक्रम संबंधी नए प्रावधान भी जारी किए गए हैं। सीबीएसई की अकादमिक निदेशक डा. प्रज्ञा एम. सिंह की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफसई-2023) के तहत बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर-1, आर-2 और आर-3 माडल लागू किया जा रहा है। इसके तहत छात्रों को दो भारतीय भाषाओं के साथ एक अतिरिक्त भाषा का अध्ययन करना होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कई स्कूलों ने आर-3 लागू करना शुरू कर दिया है, जबकि शेष स्कूलों को सात दिनों के भीतर इसे लागू करना अनिवार्य होगा। आर-3 के लिए पाठ्यपुस्तकें जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी, लेकिन तब तक स्कूलों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से पढ़ाई शुरू करनी होगी। स्कूलों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे चुनी गई आर-3 भाषा की जानकारी अपने क्षेत्रीय कार्यालय और ओएसिस पोर्टल पर अपडेट

### सात दिनों के भीतर स्कूलों को इसे लागू करना होगा




करें। खास बात यह है कि कक्षा छह में जो आर-3 भाषा शुरू की जाएगी, वही आगे कक्षा नौ-10 में विकल्प के रूप में उपलब्ध होगी। सीबीएसई ने कक्षा नौ से 'इंग्लिश कम्यूनिकेटिव' को समाप्त कर दिया है। अब केवल एक ही विषय 'इंग्लिश' पढ़ाया जाएगा। इसके लिए नई एनसीईआरटी पुस्तक 'कावेरी' लागू होगी। हालांकि कक्षा 10 (2026-27) के वह छात्र जिन्होंने कक्षा नौ में कम्युनिकेटिव इंग्लिश ली थी, वे इसे जारी रख सकेंगे।

### कक्षा नौवीं में भाषा चयन के नए नियम

कक्षा नौ के छात्र सत्र 2026-27 से आर-1 के रूप में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू या कन्नड़ में से किसी एक भाषा का चयन कर सकेंगे। आर-2 के तहत छात्र शेष 43 भाषाओं में से कोई अन्य भाषा चुन सकते हैं, लेकिन आर-1 और आर-2 में एक ही भाषा नहीं ली जा सकेगी। इसके अलावा कक्षा नौ में वैकल्पिक तीसरी भाषा लेने का विकल्प सत्र 2028-29 तक उपलब्ध रहेगा, जबकि आर-3 को कक्षा नौ में 2029-30 तक लागू नहीं किया जाएगा।


### कक्षा 10 के लिए पुराने नियम लागू

कक्षा 10 (2026-27) के छात्रों के लिए कोई बदलाव नहीं किया गया है। वे कक्षा नौ (2025-26) में चुनी गई भाषाओं और उसी मूल्यांकन प्रणाली के अनुसार अध्ययन जारी रखेंगे। सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे इन बदलावों की जानकारी छात्रों और अभिभावकों तक पहुंचाएं, ताकि नई व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू किया जा सके।

# सिविल अस्पतालों में नहीं सोनोग्राफी मशीन की सुविधा

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग को लेकर गर्भवती महिला की वीडियो जमकर हो रही वायरल

शहडोल (स्वतंत्रमत)




देश भर में जहां लगातार आधुनिकीकरण का दौर जारी है और जन सुविधाओं के लिए सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है। वहीं जिले में आज भी स्वास्थ्य सुविधाएं गांव-गांव तक सुलभ नहीं हो सकीं हैं। करोड़ों रुपए की लागत से सिविल अस्पताल तो बनाए गए हैं, किन्तु विशेषज्ञ चिकित्सक और तकनीकी का अभाव आमजन के लिए आज भी समस्या का विषय बना हुआ है।

### ये है पूरा मामला

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है जिसमें इंस्टाग्राम पर एक महिला मीना साकेत का मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डॉ. मोहन यादव के नाम संदेश वायरल हो रहा है जिसमें वह साफ़ कहती नज़र आ रहीं हैं की मुख्यमंत्री सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराएं, सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय शहडोल जाना पड़ता है। बस के इस सफ़र में गर्भवती महिलाओं को काफ़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पैर में सूजन आ जाता है जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। गर्भवती महिलाओं की इस समस्या के समाधान हेतु मीना साकेत ने सोशल मीडिया को अपना सहारा बनाया। सोशल मीडिया के माध्यम से वह मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डॉ.मोहन यादव से यह गुहार लगा रही हैं कि सिविल अस्पताल ब्यौहारी में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिससे उन्हें 90-100 किमी की दूरी तय न करनी पड़े। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल को भी महिलाओं की विशेष सुविधा के लिए मुख्यमंत्री से मांग कर जल्द से जल्द व्यवस्था करानी चाहिए।

### सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में भी नहीं सुविधा

ब्यौहारी ही नहीं जयसिंहनगर सिविल अस्पताल में भी सोनोग्राफी की सुविधा नहीं है। वहीं बात की जाए सर्जरी विभाग की तो सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में कोई भी विशेषज्ञ सर्जन मौजूद नहीं है जिससे मरीजों को काफ़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सर्जरी से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी यहां के रहवासियों को जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता है। अब प्रश्न यह है कि कब तक जागेगा प्रशासन, क्या जल्द ही मिलेंगी दोनों सिविल अस्पतालों को सोनोग्राफी मशीन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सौगात या बीमार पड़ा रहेगा स्वास्थ्य सुविधाओं का तंत्र।

### महिला सांसद एवं विधायक फिर भी असुविधाएं

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमान्द्री सिंह एवं विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर में मनीषा सिंह महिला विधायक हैं। अब बड़ा सवाल है कि क्या महिलाओं की इस समस्या के समाधान के लिए वह आगे आएंगी या एक बार फिर से उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी। ब्यौहारी और जयसिंहनगर दोनों ही विधानसभा केन्द्र होने के बावजूद भी अब तक यह सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। समाचार प्रकाशन के बाद क्या शासन-प्रशासन द्वारा महिलाओं और मरीजों के हित में कोई ठोस कदम उठाया जाएगा या फिर से निराशा ही हाथ लगेगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)



जिले के थाना जयसिंहनगर अन्तर्गत एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, जान से मारने की धमकी देने तथा सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता अपने पिता के साथ थाना उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में पढ़ाई के दौरान बस से आते-जाते समय उसकी जान-पहचान हरीओम बस के खलासी राजेश भुर्तिया (यादव) निवासी तालीकला से हुई थी। आरोपी ने शादी का वादा कर अगस्त 2024 में जंगल में ले जाकर पीड़िता के साथ गलत काम किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता के किराए के कमरे पर भी लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के बिना खींची गई अश्लील तस्वीरों को पीड़िता की होने वाली ससुराल के व्हाट्सएप नंबर पर भेज दिया। आरोपी ने फेसबुक पर पीड़िता के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उसकी गरिमा को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से अश्लील फोटो अपलोड किए। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध निम्नलिखित धाराओं एवं एससी/एसटी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना जयसिंहनगर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी राजेश भुर्तिया पिता बालकरण भुर्तिया (उम्र 24 वर्ष) निवासी तालीकला, थाना सीधी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## विधायक ने नवनिर्मित होम्योपैथी औषधालय का किया शुभारंभ

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जैतपुर विधायक ने विश्व होम्योपथी दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय के कोटमा तिराहा के पास 47 लाख 48 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित शासकीय होम्योपैथी औषधालय का फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। विधायक ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सस्ती, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार प्रदान करती है, जिससे आमजन को लाभ मिलेगा। इस औषधालय के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को अब निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम को सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने भी सम्बोंधित किया। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिवर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नगरपालिका प्रवीण शर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ शषि प्रभा प्राण्डेय, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. अल्पना इरपाचे सहित अन्य जनप्रनिधि, अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहें। इस अवसर पर विधायक सहित उपस्थितजनो ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासकीय होम्योपैथी औषधालय परिसर में पौधरोपण भी किया।

## पुरानी बस्ती वार्ड नं 38 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर व आंगनबाड़ी परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर व आंगनबाड़ी परिसर की साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश, भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत नगर मंडल के वार्ड नंबर 38 पुरानी बस्ती में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान पुरानी बस्ती स्थित भगवान भोलेनाथ की मंदिर एवं परिसर की साफ सफाई के साथ ही आंगनबाड़ी परिसर एवं दुर्गा जी की स्टेज एवं परिसर की साफ सफाई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर की स्वच्छता कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, जिला मंत्री सौरभ गोले, पार्षद विनय केवट, सावित्री सेन, नागेंद्र गोले, अनमोल सोनी, त्रिभुवन गोस्वामी, राजेश सोनी, प्रदीप गुप्ता, राकेश कनौजिया, राजू यादव नीलम चतुर्वेदी, संचिता शरवटे, रेखा त्रिपाठी, रचना श्रीवास्तव, संगीता निगम, सुनीता जायसवाल, लक्ष्मी चौधरी सहित, वार्डवासी, भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध कोयला उत्खनन पर जेसीबी मशीन सहित आरोपियों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

शहडोल (स्वतंत्रमत)



जिले के थाना बुढ़ार के अर्न्तगत केशवाही चौकी पुलिस मरखी माता मंदिर के पास कठना नदी किनारे अवैध रूप से जेसीबी मशीन के माध्यम से कोयला उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर मौके पर दबिश दी गई। रेड कार्यवाही के दौरान एक जेसीबी मशीन से कोयले का उत्खनन करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम निखिल यादव उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम धुरवार, थाना सोहागपुर बताया। आरोपी से उत्खनन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे जाने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त जेसीबी मशीन उसे अभयराज श्रीवास निवासी ग्राम धनौरा, चौकी केशवाही, थाना बुढार द्वारा कोयला उत्खनन हेतु दी गई थी। मौके पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग एक ट्रॉली कोयला उत्खनित पाया गया। उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 303 (2) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर पुलिस द्वारा जेसीबी मशीन एवं उत्खनित कोयला विधिवत जप्त किया गया। आरोपी निखिल यादव एवं अभयराज श्रीवास के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## आगामी आरक्षक बैण्ड भर्ती वर्ष-2026 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के युवाओं को मध्य प्रदेश पुलिस में रोजगार के सुअवसरों से अवगत कराने एवं आगामी आरक्षक (बैण्ड) भर्ती वर्ष-2026 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में शहर के हृदय स्थल जय स्तम्भ चौक में दोपहर 02.00 बजे से पुलिस बैण्ड दल द्वारा एक भव्य एवं संगीतमय प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के संगीत में रूचि रखने वाले प्रतिभावान युवाओं को पुलिस बैण्ड में आरक्षक के पदों कुल-679 पद पर होने वाली आगामी भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताओं और शारीरिक मापदंडों के विषय में जागरूक करना है।

## महिला की प्रताड़ना से आहत युवक ने की आत्महत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना देवलोंद के मर्ग धारा बीएनएसएस के तहत मृतक रवि कचेर पिता संतोष कचेर उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 बाणसागर की मृत्यु संबंधी मर्ग जांच के दौरान महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि मृतक रवि कचेर का विवाह वर्ष 2012 में ज्योति सिंह उर्फ ज्योति कचेर से प्रेम विवाह हुआ था, जिनसे उनके तीन बच्चे हैं। विगत 1-2 वर्षों से ज्योति सिंह का किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर लगातार संपर्क था, जिसे लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। 02 अप्रैल की रात्रि लगभग 11.00 बजे इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद 03 अप्रैल को ज्योति सिंह, रानी द्विवेदी के घर चली गई, जहां रानी द्विवेदी द्वारा उसे पति से तलाक लेने हेतु उकसाया जा रहा था। उक्त परिस्थितियों से मृतक रवि कचेर अत्यधिक मानसिक रूप से परेशान था। इसी मानसिक प्रताड़ना एवं दुष्प्रेरणा के चलते 03 अप्रैल को मृतक ने रानी द्विवेदी के घर के सामने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार हेतु एसजीएमएच रीवा में भर्ती कराया गया, जहां 04 अप्रैल को उसकी मृत्यु हो गई। मामले की विवेचना के दौरान प्रथम दृष्टया ज्योति कचेर एवं रानी द्विवेदी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के तहत अपराध पाया गया, जिस पर थाना देवलोंद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान आरोपी ज्योति कचेर पति रवि कचेर उम्र 32 वर्ष एवं रानी द्विवेदी पति राजेश द्विवेदी उम्र 45 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 09, थाना देवलोंद को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



## न्यायिक दण्डाधिकारी ऋषभ दीक्षित एवं आकांक्षा टेकाम के स्थानांतरित होने पर अधिवक्ता संघ द्वारा विदाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बुढार (स्वतंत्रमत)।** अधिवक्ता संघ बुढार द्वारा बुढार न्यायालय में पदासीन न्यायिक दण्डाधिकारी मा. ऋषभ दीक्षित एवं मा. आकांक्षा टेकाम के स्थानांतरित होने पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल के मुख्यातिथ्य तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील मिश्रा की अध्यक्षता में को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। न्यायिक दण्डाधिकारी लक्ष्मण रोहित के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित विदाई समारोह में बुढार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकान्त मिश्रा ने संघ की ओर से न्यायिक दण्डाधिकारी ऋषभ दीक्षित एवं न्यायिक दण्डाधिकारी आकांक्षा टेकाम को पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल से स्वागत करते हुये स्मृति चिन्ह भेंट किये। अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायाधीश ऋषभ एवं मा. आकांक्षा के स्थानांतरित होने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जयकान्त मिश्रा ने संघ की ओर से स्वागत करते हुए न्यायाधीश के उज्जवलमय भविष्य की कामना करते हुये कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान न्यायिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण से किये और अधिवक्ताओं के मध्य अतिप्रिय रहे और सदैव अपनत्व रहा। विदाई समारोह अवसर पर अधिवक्ता संघ सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष जनक कुशवाहा, कार्यकारिणी सदस्य सुषमा ठाकुर, पूर्व सी.एम.ओ. रविकरण त्रिपाठी तथा स्नेहियों व अधिवक्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## करंजिया में शिक्षकों का बड़ा आंदोलन तैयार, टीईटी परीक्षा के विरोध में महासभा आज

**डिंडौरी ।** मध्यप्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों पर प्रस्तावित टीईटी परीक्षा के विरोध में ब्लॉक शाखा करंजिया द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संभागीय अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिक्षकों के हितों को लेकर अब आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय रंगमंच उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया परिसर में दोपहर 2 बजे से महासभा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 5 बजे भारत के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षामंत्री एवं मध्यप्रदेश के शिक्षामंत्री के नाम नायब तहसीलदार करंजिया को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा के पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष जीवन मरावी सहित सुनील नामदेव, सुनील शुक्ला, विजय यादव, राजेश वालरे, फिरोजा बेगम, भारती मरावी, अनुबाला द्विवेदी, विनीता पाठक, रेवती गवले, उर्मिला मरावी, पंचवती, छाया, श्रवण धुर्वे और बलवीर धाकड़ सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का समापन च्शिक्षक एकता जिंदाबादज्ज और च्भारत माता की जयज्ज के नारों के साथ किया गया।

# जिले में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई : 101 लीटर अंग्रेजी शराब और बलेनो कार जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**डिंडौरी।** जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 101 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कार समेत लाखों रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा तथा एसडीओपी सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 9 और 10 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात को कोतवाली थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की बलेनो कार (एमपी 20 जेडजेड 3373) में भारी मात्रा में अवैध शराब जबलपुर रोड से डिंडौरी लाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मस्जिद मोहल्ला क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन को रोका और आरोपी अर्पित चौकसे (21 वर्ष), निवासी ग्राम कछराटोला, थाना करनपठार को गिरफ्तार कर लिया।

### जब्ती में शामिल सामान

सिल्वर रंग की बलेनो कार (कीमत लगभग ?10 लाख) दो मोबाइल फोन (कीमत लगभग ?1.30 लाख) नगद 1,700 12 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल 101.880 लीटर, कीमत लगभग 94,888) कुल जब्ती मूल्य करीब ?12.26 लाख आंका गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब के स्रोत और नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है, जिससे इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आने की संभावना है।

## भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा का अनावरण आज

**सागर ।** भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह सागर के अटल पार्क, तिली रोड पर 11 अप्रैल 2026, शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, दिल्ली श्री रामबहादुर राय, जलशक्ति मंत्री श्री डॉ. राजभूषण चौधरी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक श्री प्रदीप लारिया एवं महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर द्वारा की जाएगी।

## जिला स्तरीय समारोहपूर्वक हितग्राही सम्मेलन 13 अप्रैल को, अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोहपूर्वक हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सागर के मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में 13 अप्रैल 2026, सोमवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक के.वी को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।

# जिले में कलेक्टर का बड़ा एक्शन ! दवा दुकानों पर सख्ती, गड़बड़ी मिली तो सीधी कार्रवाई

## स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए 100% लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

डिंडौरी

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रथम तिमाही रजिस्ट्रेशन, एनीमिया एवं पीआईएच प्रबंधन, पोषण पुनर्वास केंद्रों की बेड ऑक्यूपेंसी, बच्चों के सफल डिस्चार्ज, सिकल सेल जांच व उपचार, होम विजिट, मातृ मृत्यु दर, टीबी स्क्रीनिंग तथा निश्चय पोषण बास्केट वितरण की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं बीओसीडब्ल्यू श्रेणी के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण के साथ-साथ टीकाकरण में 100 प्रतिशत लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। बैठक में सिकल सेल एनीमिया की जांच को बढ़ावा देने के लिए च्डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वास्थ्य शिविरज्ज आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके तहत जिले के विभिन्न विकासखंडों के चयनित ग्रामों- जैसे बजाग के चाड़ा, करंजिया के गोपालपुर, शहपुरा के बिछिया, मेंहदवानी के कनेरी, अमरपुर के चंद्रागढ़ सहित अन्य गांवों में निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी बीएमओ एवं सीएमएचओ को निर्देशित किया कि अगली बैठक में शिविरों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

इसके अलावा कलेक्टर ने जिले में दवाइयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोर्स और संबंधित प्रतिष्ठानों की नियमित व सघन जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान दवाइयों की गुणवत्ता, एक्सपायरी डेट, भंडारण व्यवस्था एवं नियमों के पालन की विशेष जांच करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया।

बैठक में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज पांडे, सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी, सभी बीएमओ, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रथम चरण के लिए 1 मई से शुरू होगा मकानसूचीकरण

सागर

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस संबंध में निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल निर्देशों के अनुसार, नगरीय निकायों एवं नगर पालिका निगमों को जनगणना के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कचरा संग्रहण गाड़ियों पर ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। साथ ही शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर संबंधित वीडियो एवं स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों एवं चौराहों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के जरिए जनगणना संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे। स्थानीय केबल नेटवर्क और जिला स्तरीय आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी उपयोग कर आमजन तक जानकारी पहुंचाई जाएगी। निर्देशानुसार 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना के प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जबकि 1 मई से 30 मई 2026 तक मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी गतिविधियों का प्रचार किया जाएगा। अधिकारियों को समयसीमा को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कहीं प्रापर्टी विवाद तो कहीं पुरानी रंजिश पर चली गोलियां

## अलग-अलग क्षेत्रों में हुई जानलेवा वारदातें, जांच में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर में विगत दिन एक के बाद एक 3 गोली कांड की वारदातें सामने आई। कहीं प्रार्पटी विवाद पर तो कहीं पुरानी रंजिश भुनाने बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। इसी कड़ी में पाटन थाना क्षेत्रातंर्गत नुनसर में बीती देरशाम खेत से बाइक पर लौट रहे एक शख्स को महिला ने बीच रास्तें हाथ देकर रोका और उसके बाद उसकी आंखों में मिर्च पावडर झौंक दिया। जिससे युवक बाइक सहित गिर, इसके बाद महिला के साथियों ने मारपीट करते हुए गोलियां दाग दी। जिससे पेट व गले में युवक को गोली लगते हुए निकल गई और वह खून से लथपथ होकर अपनी जान बचाकर भागा।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नुनसर सूखा निवासी 45 वर्षीय ठाकुर दास पटेल बीती शाम आगासौद स्थित अपने खेत गया था। जहां से शाम करीब साढ़े सात बजे जब वह मोटर साइकिल से लौट रहा था तो ग्राम बेनीखेड़ा के रोशनी वेयर हाउस के पास वंदना काछी ग्राम लुहारी निवासी महिला, जिसे वह पहचानता है ने हाथ देकर उसका रास्ता रोका तथा उसके चेहरे पर मिर्ची पावडर डाल दिया। जिससे ठाकुर दास अपना बैलेंस खोकर गाड़ी सहित गिर गया।

## स्कार्पियों में सवार बदमाशों ने मारी गोली




### मृत समझकर हमलावर हुए फरार

इसके बाद गोपाल काछी, ठक्कू उर्फ ठाकुर प्रसाद निवासी ग्राम लुहारी एवं दीपक काछी उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। इसी दौरान पीछे से अर्जुन पटैल, ब्रजलाल पटैल एवं सिद्धार्थ दुबे सभी निवासी ग्राम सूखा ने भी उसके साथ हाथापाई की। जिससे ठाकुरदास पटेल के चेहरे, सिर, कान में चोट आ गई और आरोपियों में से किसी ने बंदूक से फायर कर दिये, जिससे एक गोली ठाकुर दास के पेट व दूसरी गले को छूते हुए निकली, जिसके बाद ठाकुर दास घायल अवस्था में अपनी जान बचाकर वेयर हाउस की तरफ भागा और आगे जाकर गिर गया, जिसे मृत समझकर हमलवार मौके से फरार हो गये।

इसी प्रकार बरेला थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम परतला चौराहे में स्कार्पियों सवार बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की, युवक जब अपनी जान बचाकर भागा तो आरोपी ने उस पर फायरिंग कर दी, जिससे चौराहे पर कमलेश उर्फ पंकज लोधी नामक युवक के सीने में जा धंसी। सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्राम महगवां निवासी 21 वर्षीय कपिल कुमार लोधी ने बताया कि ग्राम परतला में उसके मामा भारत पटेल की बेटी का लगुन कार्यक्रम था। जिसमें वह अपने बड़े पापा नरेश पटेल उनके लड़के कमलेश उर्फ पंकज लोधी व चाचा दिनेश कुमार लोधी के साथ कार्यक्रम में आये थे। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे वह और कमलेश उर्फ पंकज लोधी और चाचा दिनेश कुमार लोधी के साथ नोखेलाल पटेल की दुकान के सामने ग्राम परतला चौराहा पर खड़े थे जहां और भी मेहमान एवं अन्य लोग खड़े थे। चौराहे पर पड़वार रोड पर एक काले रंग की स्कार्पियो कार रूकी हुयी थी। स्कार्पियो से एक व्यक्ति उतरा और कार के पास खड़ा रहा, जिसे गांव वालों ने जमुनिया निवासी नितिन मिश्रा बताया। जिसने परतला के एक लड़के जिसका नाम मनीष पटेल है, उसके साथ मारपीट शुरु कर दी और उसे घसीटते हुए जबरन स्कार्पियों में बैठाने लगा, मनीष हाथ छुड़ाकर गांव की ओर भागा तो आरोपी नितिन मिश्रा ने कमर से पिस्टल निकाली और ऊपर हवाई फायर कर दिया। गोली मनीष का न लगकर चौराहे पर खड़े कमलेश उर्फ पंकज के सीने में दाहिने तरफ जा धंसी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## प्रापर्टी विवाद को लेकर फायरिंग कर दी धमकी

मदनमहल थाना क्षेत्र में प्रापर्टी विवाद को लेकर एक निर्माणाधीन मकान पर पार्टी कर रहे युवकों से कुछ बदमाशों ने विवाद करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को रानीपुर माली मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय सचिन सैनी ने बताया कि वह प्रापर्टी का काम करता है। बीती रात करीब पौने एक बजे अपने साथी लकी मिश्रा, संतू पटैल, पियूष सोनी, आकाश उर्फ छुद्दू तथा गणेश यादव एवं राजेन्द्र पटेल उर्फ बंटी के साथ अपने चाचा दीपचंद सोनी के निर्माणाधीन मकान में पार्टी कर रहा था। उसी समय नयन डेहरिया, हर्ष यादव, श्रीकांत राय सभी मकान में घुस आये और उससे पार्टी करने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगे। उसने रूपये देने से मना किया तो सभी गाली गलोज करने लगे। उनके साथी हर्ष यादव द्वारा मकान के अंदर ही पिस्टल निकालकर हवाई फायर किया गया, दुर्गेश पंडा सभी को साथ लेकर विवाद करने उसके चाचा के मकान में आया था और घटना करने के बाद सभी बोले कि रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देगें। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी ने बिजली उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का समापन अभूतपूर्व उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ करते हुए विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सामूहिक रूप से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26,582.7 मिलियन यूनिट ताप विद्युत उत्पादन कर प्रदेश को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। इस दौरान चारों ताप विद्युत गृह ने 81.45प्रतिशत प्लांट उपलब्धता फैक्टर बनाए रखते हुए परिचालन दक्षता के उच्चतम मानक स्थापित किए। विद्युत गृहों की सभी इकाइयों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप हीट रेट, विशिष्ट तेल खपत व ऑक्जलरी पावर कंजम्पशन हासिल करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी प्रदर्शन प्रदर्शित किया। परिचालन मानकों के संदर्भ में इस वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-3, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-4, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह फेज-2 व फेज-1 ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित पीएएफ मानकों से अधिक प्रदर्शन किया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह यूनिट-10 ने 98.29प्रतिशत, श्री सिंगाजी सुपर ताप विद्युत परियोजना यूनिट-1 ने 94.55प्रतिशत, यूनिट-3 ने 88.77प्रतिशत व संजय गांधी ताप विद्युत गृह यूनिट-3 ने 85.92प्रतिशत पीएएफ हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विशिष्ट तेल खपत में भी कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एमपीईआरसी मानकों से कम खपत दर्ज की।

## हिमांशु खरे बने मप्र चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के नए अध्यक्ष के रूप में हिमांशु खरे का चयन हुआ । इस दौरान विवेक कृष्ण तन्खा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से संदेश साझा करते हुए उन्होंने शुभकामनाएं दी । उन्होंने विश्वास जताया कि हिमांशु खरे के कुशल नेतृत्व में चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापार और उद्योग जगत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होगा। हिमांशु खरे को मिली इस नई जिम्मेदारी को लेकर व्यापारिक क्षेत्रों में भी हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।

# 12 अप्रैल को नेमा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक




### 100 से अधिक विभूतियों का होगा सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज की 15वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सह-सामान्य सभा बैठक एवं समाज गौरव अलंकरण समारोह 12 अप्रैल रविवार को सुबह 9.30 बजे से स्थानीय शहीद स्मारक भवन सभागार में नेमा युवक संघ एवं नेमा समाज महाकौशल द्वारा आयोजित है। नेमा युवक संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव राकेश नेमा ने बताया कि बैठक में राजस्थान, महाराष्ट्र, मुम्बई, गुजरात, मालवा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली से पदाधिकारी नगर में पहुँच रहे हैं। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन को नई दिशा देने के प्रयासों पर चर्चा होगी। जिसके बाद 11.30 बजे से समाज गौरव सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश में निवासरत् कृषि, चिकित्सा, समाज संगठन, समाज सेवा, अध्यात्म, शिक्षा, राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सहरानीय योगदान देने वाली 100 से अधिक विभूतियों को समाज गौरव सम्मान से अलंकृत कर सम्मानित किया जायेगा।

इस दौरान परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री माननीय राव उदय प्रताप सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' व डॉ. अखिलेश गुमाश्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता नेमा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा करेंगे। इस दौरान डॉ. पुरुषोत्तम नेमा, सुनील नेमा, आनंद नेमा, शिशिर नेमा, अजय कमल नेमा, सत्यनारायण नेमा, आशीष नेमा, डॉ. संदीप नेमा. सीमा नेमा, मंजुला नेमा, निधि नेमा सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे ।



## एडवोकेट आशीष त्रिवेदी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के अंतर्गत शुक्रवार को अधिवक्ताओं के बीच उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला, जब युवा, एवं ऊर्जावान अधिवक्ता एड. आशीष त्रिवेदी ने अपने समर्थकों के विशाल समूह के साथ नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। एड. आशीष त्रिवेदी, अधिवक्ता समुदाय में एक सशक्त एवं सक्रिय नेतृत्व के रूप में पहचाने जाते हैं। वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए सतत संघर्षरत रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वे स्व आदर्शमुनि त्रिवेदी के ज्येष्ठ पुत्र हैं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में अधिवक्ताओं के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। नामांकन के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत शर्मा, उमेश पांडे, केके पांडे निखिल तिवारी, एमएम नेमा, मुकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# 100 वर्ष पूर्ण होने पर जबलपुर क्लब ने मनाया गौरव दिवस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकौशल के प्राचीनतम जबलपुर क्लब द्वारा स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। जबलपुर क्लब परिसर में हुए कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात क्लब के अध्यक्ष अचल सिंह गौर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने क्लब लीज का नवीनीकरण के लिए कैलाश विजयवर्गीय से अनुरोध किया। जबलपुर क्लब द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में शताब्दी उड़ान नामक स्मारिका का प्रकाशन किया गया है जिसका विमोचन मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी अतिथि जन द्वारा किया। साथ ही सदस्यों हेतु एक स्मृति बैच का भी विमोचन




अतिथियों द्वारा किया गया । अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय ने क्लब के सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं राष्ट्र निर्माण में आगे आकर मदद करने का आवाहन किया। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अजय बिश्नोई, विधायक अभिलाष पांडे, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, क्लब पदाधिकारी उपाध्यक्ष राजेश पांडे लड्डू, सचिव मनोज चौरसिया, सह सचिव रुपेश अग्रवाल, कैलाश मलगानी, सुनील जैन, विनीत भोला, संजय अग्रवाल, विनय चौरसिया बंटू आदि उपस्थित रहे।

## जहां भक्त होते हैं, भगवान लीलाएं वहीं करते है : स्वामी नृसिंह देवाचार्य

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** । प्रज्ञा विहार कालोनी में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन गीता धाम के महंत स्वामी नृसिंह देवाचार्य ने कहा भगवान के असंख्य अवतार हुए है परन्तु श्रीराम,श्रीकृष्ण का अवतार दिव्य है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा में कंश के कारागार में हुआ पर बाल लीलाएं व उत्सव मथुरा में नहीं ब्रज में होता है क्योंकि मथुरा में पापी कंस का साम्राज्य था। ब्रज में भगवत नन्दादिक गोप व गोपी हैं। जहां भक्त होते है भगवान की लीलाएं वहीं होती हैं। भगवान ने पुतना के साथ सकटा सुर,अघासुर,बकासुर आदि का भी अंत करके कंश को भरोसा करा दिया कि यही उसके परम शत्रु है। अधर्म पथ का अनुयायी चाहे जितना शक्तिशाली क्यों न हो शीघ्र ही विनष्ट होता जाता है। जो ईश्वर पर भरोसा कर धर्म पथ पर चलने का प्रयास करता है वही सदा सुखी जीवन पूर्ण कर अपने लक्ष्य के प्राप्त करता है। जिस तरह भक्त भगवान को पाने लालायित रहते हैं उसी तरह भगवान भी भक्त को पाने लालायित रहते हैं।

## शहपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया होम्योपैथी दिवस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संपूर्ण विश्व को अत्यंत प्रभावशाली, सुरक्षित और समग्र चिकित्सा पद्धति देने वाले, महान वैज्ञानिक और चिकित्सक डॉ क्रिश्चन फ्रडरिक सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जन्म जयंती एवं विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा के अंतर्गत विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में डॉ सैमुअल हेनीमन के जन्म दिवस पर समस्त उपस्थित कर्मचारियों द्वारा उनकी चिकित्सा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए मानव सेवा के उद्देश्य पर चलने की शपथ ली गई। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ सीके अतरौलिया, डॉ अमित जैन, बीईई भगत सिंह चौहान ,राकेश पटेल, स्नेहिल गुप्ता सिस्टर, आशा कार्यकर्ता,और समाज के वशिष्ठ नागरिक राजेंद्र बंधु जैन द्वारा डॉ हैनिमन की सेवाओं को याद किया।




# अपराधियों को हर हाल में मिले सजा, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एसपी

### पुलिस कप्तान ने ली अपराध समीक्षा बैठक, लंबित गंभीर मामलों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**जबलपुर।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के कानून व्यवस्था और अपराधों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, और एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस कप्तान ने बैठक में त्रिवार्षिक तुलनात्मक भा.द.वि/बी.एन.एस. तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की समीक्षा की। उन्होंने हत्या, लूट, झपटमारी और एस.सी.एस.टी. एक्ट जैसे गंभीर मामलों में लंबित विवेचनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के लिए टीम बनाकर जिले के बाहर भी दस्तयाबी सुनिश्चित करने को कहा।

**गंभीर अपराध और महिला सुरक्षा पर फोकस**- महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी तत्काल की जाए और शीघ्र चालान पेश कर सजा सुनिश्चित कराई जाए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई।

### ब्लैक स्पॉट का होगा सुधार

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एसपी ने निर्देश दिए कि अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) का संबंधित एजेंसियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया जाए। वहां रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर और संकेतक बोर्ड लगवाए जाएं। उन्होंने ई-डार पोर्टल के महत्व को बताते हुए कहा कि यह दुर्घटनाओं के डेटा प्रबंधन और मुआवजे की प्रक्रि या में तेजी लाता है।

### डिजिटल पुलिसिंग और ई-विवेचना

बैठक में सीसीटीएनएस और डिजिटल इंटीग्रेशन पर भी चर्चा हुई। एसपी ने ई-साक्ष्य, ई-विवेचना और ई-एफआइआर में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए सीसीटीएनएस प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के प्रत्येक कर्मचारी को डिजिटल प्रक्रियाओं में पारंगत होना अनिवार्य है। बैठक के दौरान एडवोकेट अरिहंत तिवारी ने एन.एस.ए. की प्रक्रिया और कानूनी बारीकियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए।

# अयोध्या कांड के मंगलाचरण में यूं ही नहीं है द्वादस ज्योर्तिलिंग का गायन

### स्वामी रामभद्राचार्य ने की 'राम जनम जग मंगल हेतू' की अद्भुत व्याख्या

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आयुर्वेद कॉलेज मैदान में निर्मित अवधपुरी में चल रही श्रीरामकथा के छंटवे दिन मानस मर्मज्ञ, पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू,रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम की वनलीला की चर्चा करते हुए भारत माता की भी उच्चतम व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हमारे पास पांच प्राण हैं, लेकिन भारत माता के पास छह प्राण हैं। ये हैं सांख्य, योग, वैशैषिक, न्याय, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा। उन्होंने सगर्व कहा कि हमारे शास्त्र भारतीय आध्यात्म मनीषा के प्राणाधार है। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित रामकथा में उन्होंने कहा कि भक्ति भारत की आत्मा है और श्रीराम-कृष्ण भारत के परमात्मा। इनके अलावा जिनकी भी महिमा है, वे सब साधक हैं। महाराजश्री ने बताया कि मानसकार ने छहों दर्शनों को शास्त्र कहा, जिसका विवरण मानसजी की आरती में 'छहउ शास्त्र सब ग्रंथन को रस' के रूप में आता है। कथा की विषय वस्तु 'राम जनम जग मंगल हेतू' के माध्यम से महाराजश्री ने द्वाद्वस ज्योर्तिलिंग, 12 अमंगल, 12 मंगल, 12 दुष्टों को दंड, 12वर्ष के वनवास का अनोखा चिंतन प्रस्तुत किया।



**भक्ति और भगवान में अंतर नहीं** -मन की आंखों से रामजी का दर्शन कर रामचरित मानस का अमृतांजन आंजने वाले महाराज श्री ने कहा कि जहां भारतीय दर्शन नहीं, वहां कुछ भी नहीं है। अतः सारी समस्याओं का समाधान वेदांत में देखना चाहिए। उन्होंने समझाया कि वेदांत का मतलब वेद के अंत से नहीं है। जब वेद अनंत हैं, तो उनका अंत कैसे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दर्शन में वेदों का सिद्धांत कहा गया है, वो है वेदांत। उन्होंने कहा कि वेद कहते हैं कि ब्रम्ह दो रूपों में विभाजित है। कारण ब्रम्ह और कार्य ब्रम्ह। कारण ब्रम्ह हमाारे रामजी हैं जबकि कार्य ब्रम्ह श्री सीताजी। दोनों विशिष्ट हैं। इसलिए भगवान राम को मैंने सच्चिदानंद कहा और भगवती सीता को संबिदानंद हैं। उन्होंने कहा कि सीताजी को प्रकृति कभी नहीं मानना चाहिए। रामजी और सीताजी के रूप में एक ही ब्रम्ह ने दो स्वरूप धारण कर लिए। दर्शन के आधार पर जो लोग जानकी जी को प्रकृति मानते हैं, वो गलत हैं। लीला के लिए वे भक्ति का रूप धारण कर लेती हैं। भक्ति और भगवान में अंतर ही नहीं है। अयोध्याकांड के मंगलाचरण में द्वादस ज्योर्तिलिंग का दर्शन क्यों किया? इस पर उन्होंने कहा कि वनलीला में कैकई जी के द्वारा 12 अनर्थ किए गए। इसीलिए गोस्वामीजी ने वनलीला के मंगलाचरण में बारह अमंगलों को नष्ट करने के लिए द्वादस ज्योतिर्लिंग का वर्णन किया। इसके साथ ही वनलीला में भगवान ने 12 लोगों को मंगल किया।

**नर्मदा जी सुन रहीं हैं रामकथा** -महाराजजी ने 'प्रथित पावन शास्त्र परंपरराम' श्लोक के माध्यम से कहा कि वे प्रभु श्रीरामजी की कथा माता नर्मदा जी को सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह श्लोक मैंने नर्मदाजी से संवाद करते हुए रचित किया है। कथा में भारत के शास्त्रों की प्रथित पावन शास्त्र परंपरा है तो भैया लक्ष्मण और माता सीता का वैभव भी है। प्रभु श्री राघवेन्द्र सरकार की महिमा तो है ही। मैंने मां नर्मदा से कहा है कि हे मां नर्मदे आप प्रभु श्रीराम की कथा सुनिए। और, मुझे ऐसा अनुभव हो रहा है कि मैया सूक्ष्म रूप से प्रभु की कथा सुन रही हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

### द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत/पात्र ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पत्रांक-क्रीडा/न.नि/2026 03/PRO/60 दिनांक 10/4/2026 | भवरताल स्थित स्वीमिंग पूल (चार माह हेतु) संचालन एवं संधारण कार्य करना। | 1. कार्य की अवधि एक वर्ष एवं आय 11,00,000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य 2,000/- रुपये एवं ईएमडी की राशि 8,250/- रुपये | 25/4/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अपर आयुक्त नगर पालिक निगम जबलपुर

# फ्लाईओवर : रिबन पर बढ़ा टेंशन

## श्रेय की जंग में आमने-सामने आए भाजपा-कांग्रेस, पुलिस के साये में हुआ 'डबल उद्घाटन'





बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

विकास कार्य जहां जनता की सुविधा और क्षेत्र की प्रगति का प्रतीक होते हैं, वहीं वारासिवनी में रेलवे फ्लाईओवर का उद्घाटन शुक्रवार को सियासी टकराव का मंच बन गया। श्रेय लेने की होड़ में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो उठा और पूरा कार्यक्रम विवादों में घिर गया। दरअसल, उद्घाटन से एक दिन पहले ही दोनों दलों के कार्यकर्ता फ्लाईओवर पर अपने-अपने बैनर, झंडे और पोस्टर लगाने में जुट गए थे। इसी दौरान विवाद की चिंगारी भड़की, जो देखते ही देखते तीखी बहस और झड़प में बदल गई। हालात को बिगड़ते देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए प्रशासन ने अगले दिन कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था।

दरअसल, जिले के वारासिवनी तहसील मुख्यालय में रेलवे फ्लाईओवर के उद्घाटन को लेकर शुक्रवार को उस समय भारी तनाव की स्थिति बन गई, जब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। ब्रीज का उद्घाटन करने का श्रेय लेने को लेकर दोनों ही दलों के बीच जमकर झड़प और तीखी बहस हुई, जिससे मौके पर माहौल गरमा गया। शुक्रवार को सुबह ही रेलवे फ्लाईओवर के उद्घाटन कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। यहां प्रशासन ने अपने अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की थी। जहां कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेता, सांसद और कांग्रेस विधायक को प्रोटोकाल में शामिल करवाया गया था। यहां सबसे पहले स्थानीय भाजपाई नेता-कार्यकर्ता, पूर्व मंत्री और सांसद प्रोटोकाल के तहत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां वारासिवनी के कांग्रेस विधायक विवेक पटेल भी पार्टी के झंडे लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुच रहे थे। लेकिन संभावित स्थिति को लेकर तैनात पुलिस बल ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का रास्ता रोका और सिर्फ विधायक विवेक पटेल को ही प्रोटोकाल में शामिल मानते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अनुमति दी। लेकिन इसी बात पर कांग्रेसियों और प्रशासन के बीच विवाद छिड़ गया। जहां विवेक पटेल जबरन अपने पुरे कार्यक्रर्ताओं के साथ आगे बढने लगे और पुलिस उन्हे रोकने में ताकत झोंकी। जहां उनके बीच काफी झड़प हुई।

यहां कांग्रेस विधायक विवेक पटेल ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि यह फ्लाईओवर उनके प्रयासों का परिणाम है, लेकिन भाजपा श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल पर भी तीखी टिप्पणी की और पुलिस पर दबाव में काम करने के आरोप लगाए। हालांकि, मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। लेकिन राजनीतिक प्रतिस्पर्धा इतनी बढ़ चुकी थी कि एक ही फ्लाईओवर का दो बार उद्घाटन हुआ। एक ओर भाजपा नेताओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया, तो दूसरी ओर कांग्रेस विधायक ने अपने समर्थकों के साथ अलग से पूजा कर फ्लाईओवर का उद्घाटन किया और रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। घंटों चले इस सियासी घमासान के बाद स्थिति भले ही नियंत्रण में आ गई, लेकिन क्षेत्र में अंदरूनी तनाव बना हुआ है। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या विकास कार्य जनता के लिए होते हैं या फिर राजनीतिक श्रेय के लिए?

वास्तव में, इस विवादित कार्यक्रम से यह साबित हुआ कि किसी भी विकास कार्य का श्रेय जनप्रतिनिधियो को नही मिलना चाहिये, बल्कि जनता को मिलना चाहिए। क्योंकि यह कार्य उनके करों और संसाधनों से संभव होता है। नेताओं की भूमिका सहयोग और समन्वय की होनी चाहिए, न कि टकराव की। ऐसी परिस्थितियों में आवश्यक है कि राजनीतिक दल परिपक्वता का परिचय दें और जनहित को सर्वोपरि रखें। तभी विकास कार्यों का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सकेगा और जनता का विश्वास कायम रहेगा। ऐसा हम इसलिये कह रहे है क्योकि वारासिवनी मुख्यालय में फ्लाईओवर का उद्घाटन कार्यक्रम राजनैतिक विवाद का कारण बन गया, जहां इस विकास पर अपना श्रेय लेने की होड में भाजपा और कांग्रेस के बीच जमकर तनाव देखने मिला और प्रशासन तनाव की इस चक्की में पिसता दिखाई पड़ा।

# नवविवाहिता की मौत पर 6 घंटे हंगामा 1 साल की बेटी से छिना माँ का साया



ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम नवेगांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवेगांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। 26 वर्षीय प्रशांति उर्फ मोनिका की मौत ने जहां एक परिवार को तोड़ दिया, वहीं उसकी 1 साल की मासूम बेटी के सिर से हमेशा के लिए माँ का साया उठ गया। इस घटना से आक्रोशित मायके पक्ष ने करीब 6 घंटे तक जमकर हंगामा किया और जान के बदले जान की मांग पर अड़े रहे। मिली जानकारी के अनुसार, प्रशांति का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व नवेगांव निवासी ललित राणा से हुआ था। शुक्रवार सुबह उसका शव घर के बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका मिला। ससुराल पक्ष का कहना है कि उसने आत्महत्या की है, जबकि मायके पक्ष इसे सुनियोजित हत्या बता रहा है।

घटना के बाद जब प्रशांति को जिला अस्पताल लाया गया, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और गुस्से में फूट पड़े। उन्होंने पति ललित राणा पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल परिसर में खड़ी कार में तोड़फोड़ की और ललित राणा की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालात बिगड़ते देख ससुराल पक्ष के अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही प्रशांति को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उसके पति द्वारा बार-बार पैसों, सोना-चांदी और कार की मांग की जाती थी। आरोप है कि शराब के नशे में उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। प्रशांति की मां श्यामा पटले और पिता रेवनलाल पटले का कहना है कि उनकी बेटी कई बार फोन पर रोते हुए प्रताड़ना की बात बताती थी। उनका दावा है कि वह आत्महत्या नहीं कर सकती, उसकी हत्या की गई है।

परिजनों का यह भी आरोप है कि घटना के बाद उन्हें समय पर सूचना नहीं दी गई और बिना पुलिस को बताए शव को सीधे अस्पताल लाया गया। इसी बात से नाराज होकर उन्होंने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार हंगामा किया। इस दौरान वे दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग करते रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नवेगांव और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। बाद में एसडीएम गोपाल सोनी, तहसीलदार और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद ही परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मायके पक्ष के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा की भयावह सच्चाई को भी उजागर करती है। एक मासूम बच्ची का अपनी माँ को खोना इस दर्दनाक घटना को और भी मार्मिक बना देता है।

# महिलाओं ने एसडीएम को सुनाई गांव की व्यथा

## अवैध शराब ब्रिकी पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत सेलवा की महिलाओं ने गांव में बिकने वाली अवैध देसी-विदेशी शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ रही है। महिलाओं ने गत दिवस मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर शराब दुकान को गांव के बाहर विस्थापित करने की मांग की है। इधर, महिलाएं लगातार गांव में जागरूकता अभियान चला रही है। गांव में खुले में शराब बेचने वालों को महिलाओं ने 12 अप्रैल तक अपने पास रखी शराब बेचने की मोहलत दी है। बुधवार को पंचायत भवन में सरपंच देवेन्द्र देशमुख और सहायक उपनिरीक्षक कपूर चंद बिसेन की मौजूदगी में एक बैठक आयोजन कर खुले में शराब बेचने वालों को समझाइश दी गई कि वह गांव को नशा मुक्त बनाने में महिलाओं को सहयोग प्रदान करें। सहायक उपनिरीक्षक ने कहा कि अगर कोई खुले में शराब बेचने पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार एसडीएम के.सी.ठाकुर से मुलाकात कर समिति के गठन और उद्देश्य की जानकारी दी है। महिलाओं ने एसडीएम को शनिवार की सुबह 10 बजे गांव भी आंमत्रित किया है ताकि वह भी गांव की स्थिति और यहां युवाओं में तेजी से बड़ रहे नशे के दुष्प्रभाव को महसूस कर सके।



# बस स्टैंड में कांग्रेस ने दिया धरना, सभा का भी हुआ आयोजन

### कांग्रेस देश के साथ आप रहे कांग्रेस के साथ-बोधसिंह भगत



**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** गैस सिलेंडर के बड़ते दाम, बिजली की दरों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल की कमी, खाद्य सामग्री के बड़ते दामों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी, तिरोड़ी और भौरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को कटंगी के बस स्टेण्ड में कांग्रेस पार्टी ने करीब ढाई घंटे का धरना प्रदर्शन कर सभा का आयोजन किया गया। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के विरोध में शाम 04 बजे धरना प्रदर्शन शुरू हुआ और शाम साड़े 06 बजे नायब तहसीलदार को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद समापन हुआ। धरना प्रदर्शन में पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, जनपद सदस्य भीमप्रकाश बोरकर, देवेंद्र बानेवार सरपंच भौरगड़, विश्वेश्वर पटले, गुनीराम बघेले, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे, नोकेन्द्र सिंगनदुपे, कपिल मेश्राम, गंगाराम डहरवाल, ज्ञानीराम राहंगडाले, नरेश कटारिया, आकाश कड़वे, उमेश पटले सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने देश के प्रधानमंत्री को अमेरिका के राष्ट्रपति के ईशारे पर काम करने वाला नेता बताया और कहा कि भाजपा महिला सम्मान की बात करती है। जबकि भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी जो जो भारत सरकार में पूर्व मंत्री रहे है उन्होंने ही कहा है कि भाजपा पार्टी में यदि किसी महिला को टिकट चाहिए उसको पहले बिस्तर में सोना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज भारत के अपने बेहद पड़ोसी देशों से भी संबंध खराब है। प्रधानमंत्री विदेश नीति में पूरी तरह से फेल हुए है। देश में इसके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए उन सभी के पड़ोसी देशों से कभी इतने खराब संबंध नहीं रहे जितने मौजूदा वक्त में है। बोधसिंह भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक देश में सत्ता संभाली जिसका कोष 138 करोड़ रुपए है और भाजपा जो महज 15 सालों से सत्ता में है उसके कोष में 16 हजार करोड़ है। भाजपा ने यह पैसा वैक्सीन बनाने कंपनियों, बीफ कंपनियों से लिया है। जिन राहुल गांधी को भाजपा ने पप्पू कहकर प्रचारित करने का काम किया था आज यह बात साबित हो गई कि राहुल गांधी दूरदर्शी नेता है। उनके हर बात आज सहीं साबित हो रही है। राज्य सरकार ने चुनाव के दौरान लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की थी अब तक महिलाओं को यह राशि नहीं दी जा रही है। पूर्व सांसद ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह के द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादों पर भी चुटकी ली और कहा कि जिन्होंने कभी पंच चुनाव नहीं जीता था उसे विधायक बनाया गया।

जिसका आज पूरा क्षेत्र दंश भोग रहा है। विधायक ने चुनाव के पहले किसी निजी कंपनी का पहले जनता के बीच लुटाया और आज जब कोइ पीड़ित उनके पास जाता है तो उसे कोई मदद नहीं मिल रही है। पूर्व सांसद ने भविष्य में और अधिक महंगाई बड़ने की चेतावनी देते हुए सचेत रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। कांग्रेस पार्टी देश के साथ है इसलिए आप कांग्रेस पार्टी का साथ दीजिए। सभा को तमाम कांग्रेसियों ने भी संबोधित किया।

# लंगर में उबलती दाल के गंजे में गिरा रसोइया, बचाने में जीजा भी झुलसे

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले के रामपायली थाना क्षेत्र में ऊरूस के मौके पर आयोजित लंगर एक दर्दनाक हादसे में बदल गया। खाना बनाते समय एक रसोइया उबलती दाल से भरे बड़े गंजे में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बचाने दौड़े उसके जीजा भी घायल हो गए। रसोइया को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेंहदीवाड़ा निवासी 34 वर्षीय जाबिद शेख 9 अप्रैल को रामपायली में मनोज बाबा के यहां आयोजित ऊरूस में लंगर बनाने का कार्य कर रहे थे। शाम करीब 6 बजे दाल पकने के बाद जब वे गंजा उतार रहे थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वे सीधे उबलती दाल के गंजे में जा गिर गया।

# मंदिर में पूजा के दौरान कपड़ों में लगी आग, 7 वर्षीय बालिका झुलसी

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र में एक मासूम बालिका पूजा के दौरान आग की चपेट में आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 पुरानी तिरोड़ी निवासी 7 वर्षीय ज्योति चौरे 9 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे खेलते-खेलते पास के शिव मंदिर पहुंच गई थी। मंदिर में जल रहे दिए के पास पूजा करते समय अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई।

आग लगते ही घबराई ज्योति घर की ओर दौड़ी, जहां उसकी बड़ी मम्मी ने किसी तरह आग बुझाई। हालांकि तब तक बालिका सीने से लेकर पेट तक गंभीर रूप से झुलस चुकी थी।

परिजनों ने तुरंत उसे तिरोड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया। 10 अप्रैल की सुबह 11 बजे करीब में बालिका का इलाज जारी है और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# उमड़ार नदी किनारे चला प्रशासन का बुलडोजर अतिक्रमण हटाकर लगाया शासकीय भूमि का बोर्ड



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिला मुख्यालय की जीवनदायिनी उमडार नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने शुक्रवार 10 अप्रैल को सख्त कार्रवाई करते हुए नदी किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया। लंबे समय से मिल रही शिकायतों और प्रभारी मंत्री नगर सिंह चौहान के निर्देश के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। प्रशासन की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। एक जगह बड़े क्षेत्र में मिट्टी डालकर कब्जा करने की तैयारी की जा रही थी, जबकि दूसरी जगह बाउंड्री बनाकर जमीन घेर ली गई थी। दोनों ही स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया और मौके पर च्शासकीय भूमि आरक्षितज्ज के बोर्ड लगा दिए गए। कार्रवाई के दौरान एसडीएम अंबिकेश सिंह, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया है और अन्य कब्जाधारियों में भी डर का माहौल है। नदी किनारे हुई इस कार्रवाई की चर्चा पूरे जिले में हो रही है और आम लोगों द्वारा इसे प्रशासन की सराहनीय पहल बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे न केवल नदी का संरक्षण होगा बल्कि भविष्य में अतिक्रमण पर भी रोक लगेगी।

# पोषण अभियान अंतर्गत आठवां पोषण पखवाड़ा 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

पोषण अभियान अंतर्गत आठवे पोषण पखवाड़े का आयोजन 23 अप्रैल तक व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान का क्रियान्वयन किया जाना है जिसमें महिला एवं बाल विकास के साथ अन्य विभागों कि सहभागिता सुनिश्चित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्राचार्य पीएमश्री शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय,जिला शिक्षा अधिकारी,जिला आयुष अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, परियोजना अधिकारी मबावि परियोजना समस्त से कहा है कि पोषण पखवाड़ा गतिविधि कैलेंडर अनुसार 23 अप्रैल तक महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर कार्यक्रम आयोजित करते हुए प्रतिवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

# हाइवे में पुलिस वाहन और बस की टक्कर से चंदिया टीआई घायल, जबलपुर रिफर



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार 9 अप्रैल की रात को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 मंसूरी पेट्रोल पंप के पास एक निजी बस और चंदिया थाने के शासकीय वाहन के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में चंदिया थाना प्रभारी जेएस परस्ते और आरक्षक सौरभ दांगी घायल हुए हैं। दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर गंभीर रूप से घायल चंदिया थाना टीआई को जबलपुर रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस टीम ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला। थाना प्रभारी और आरक्षक को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में भर्ती कांस्टेबल की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते कोतवाली थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटवाया ताकि यातायात सुचारु हो सके। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या मोड़ पर किसी वाहन चालक की लापरवाही की वजह से। जानकारी के अनुसार चंदिया थाना प्रभारी जेएस परस्ते और आरक्षक सौरभ उमरिया से चंदिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8 बजे भरौला मोड़ के पास सामने से आ रही बस से पुलिस वाहन की सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी तेज थी कि पुलिस का शासकीय वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस का अगला शीशा भी चकनाचूर हो गया।

# जंगल में महुआ बीनने गई महिला की बाघ के हमले से हुई मौत



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शुक्रवार 10 अप्रैल को जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम झलवार से लगे जंगल में बाघ ने महिला पर हमला दिया। घटना में महिला की मौत हो गई है। घटना पनपथा कोर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 460 में हुई। इंदवार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। परिक्षेत्र अधिकारी रमेश सिंह पाटले ने पुष्टि की कि महुआ बीन रही महिला की बाघ के हमले से मौत हुई है। बताया जाता है कि दोपहर बाद मृत महिला का शव देखा गया जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग एवं पुलिस को दी जानकारी दी जिसके बाद वन विभाग एवं पुलिस की टीम मौके पर पंहुची हैं। घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में इलाके के लोग पंहुच गए हैं और पार्क प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। घटना के बाद टाइगर रिजर्व की टीम ने जंगल में सर्चिंग बढ़ा दी है और गश्त तेज कर दी गई है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# आरक्षक (बैण्ड) भर्ती वर्ष-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु पुलिस बैण्ड दल द्वारा गांधी चौक पर विशेष प्रदर्शन

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



जिले के युवाओं को मध्य प्रदेश पुलिस में रोजगार के सुअवसरों से अवगत कराने एवं आगामी ष्आरक्षक (बैण्ड) भर्ती वर्ष-2026 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से उमरिया पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में शुक्रवार दिनांक 10 अप्रैल को शाम 5 बजे नगर के मध्य गांधी चौक में पुलिस बैण्ड दल द्वारा एक भव्य एवं संगीतमय प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के संगीत में रूचि रखने वाले प्रतिभावान युवाओं को पुलिस बैण्ड में आरक्षक के पदों (कुल-679 पद) पर होने वाली आगामी भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताओं और शारीरिक मापदंडों के विषय में जागरूक करना है। पुलिस बैण्ड की सुमधुर एवं देशभक्तिपूर्ण धुनों के माध्यम से युवाओं को मध्य प्रदेश पुलिस बल का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 6 वाहिनी जबलपुर की बैंड पार्टी, डीएसपी मुख्यालय श्री राजेन्द्र मोहन दुबे, प्रभारी रक्षित निरीक्षक शरद श्रीवास्तव, सीके तिवारी, कोतवाली टीआई सहित पुलिस कर्मी एवं सैकड़ों आमजन उपस्थिति रहे

# करंट से बाघिन की मौत मामले में पांच शिकारियों को भेजा गया रिमांड पर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** वन विकास निगम के चंदिया परिक्षेत्र में बाघिन शिकार मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार 10 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया,जहां से सभी को पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार,आरोपियों की 6 दिन की रिमांड भी ली गई है,ताकि इस संगठित शिकार गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।गिरफ्तार आरोपियों में राजेश उर्फ बउरा बैगा (40),नत्थू बैगा (30),पुरुषोत्तम बैगा (48) और संजय बैगा (30) ग्राम मझगवां के निवासी हैं,जबकि 50 वर्षीय अल्लू कोल ग्राम चंदौल का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मुख्यालय से सटे छिंदिया टोला में शिकारियों ने 11 के.व्ही. बिजली लाइन को ही मौत का जाल बना दिया था।बीट चंदिया अंतर्गत छिंदिया टोला(चंदौल) के पास मझगवां मार्ग की विद्युत लाइन में जीआई तार फंसाकर करंट प्रवाहित किया गया था।जैसे ही बाघिन इस क्षेत्र से गुजरी,वह इस 'हाई वोल्टेज ट्रैप' में फंस गई और तड़प-तड़प कर जान दे दी।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 015/38 दर्ज किया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग को भी पत्र भेजा गया है,ताकि आरोपियों पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 और 139 के तहत अलग से कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### मां अम्बे एंटरप्राइजेज एनजीओ का फर्जीवाड़ा आया सामने

# कुत्तों की नसबंदी में घपला, इंसानियत जिम्मेदारी और सिस्टम पर उठे सवाल

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

मां अम्बे एंटरप्राइजेज एनजीओ का फर्जीवाड़ा सामने आया है। हालाकि मंडला जिले में ऐसी तमाम एनजीओ है जो लंबे समय से फर्जीवाड़ा कर सरकारी अनुदान डकार रही हैं लेकिन इस एनजीओ ने तो हद ही कर दी। कुत्तों की नसबंदी पर फर्जीवाड़ा की पूरी तैयारी और बिना काम किए ही सरकारी धन का गबन किए जाने की रणनीति का खुलासा हो जाने से लोग आश्चर्यचकित हैं। वहीं अधिकारी भी हैरान हो गए हैं। यह पूरा खुलासा पशुप्रेमी निशा ठाकुर के प्रयास से हो पाया है। मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला नगर मुख्यालय का सामने आया है जहां कुत्तों की नसबंदी के नाम पर एक भयावह खेल खेला जा रहा था। बिंझिया स्थित शारदा कॉलोनी के एक बंद घर से जो बरामद हुआ उसने न सिर्फ प्रशासन बल्कि आम जनता को भी झकझोर कर रख दिया है। यहां से कुत्तों के सैकड़ों प्राइवेट अंग जब्त किए गए हैं पशु क्रूरता की हदें पार करने वाला यह सच सामने आया है। जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर का नजारा किसी भयावह कहानी से कम नहीं था। बंद कमरे में रखे दो डिब्बों में कुल 795 कुत्तों के प्राइवेट अंग बरामद किए गए। इनमें 518 नर कुत्तों के और 217 मादा कुत्तों के अंग शामिल हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इन अंगों को सड़ने से बचाने के लिए उन्हें फॉर्मेलिन नामक खतरनाक केमिकल में डुबोकर रखा गया था। यह साफ दर्शाता है कि यह काम सुनियोजित तरीके से लंबे समय से किया जा रहा था। इस पूरे मामले में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर ये अंग आए कहां से और सबसे अहम क्या इन कुत्तों की वास्तव में नसबंदी की गई थी या फिर सिर्फ अंग निकालकर उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार मंडला नगर पालिका ने जबलपुर की एक प्राइवेट संस्था एनजीओ मां अम्बे एंटरप्राइजेज को शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी का ठेका दिया था। इस ठेके का उद्देश्य शहर में कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करना और आम लोगों को राहत देना था। लेकिन अब जो खुलासा हुआ है वह इस पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर में कहीं भी बड़े स्तर पर नसबंदी का कोई काम नजर नहीं आया। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में कुत्तों के अंगों का मिलना इस बात की ओर इशारा करता है कि कहीं न कहीं बड़ा फर्जीवाड़ा चल रहा था। सिर्फ कागजों में नसबंदी दिखाकर सरकारी फंड का बंदरबांट किया जा रहा था या फिर किया गया होगा। इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया।





राजस्व विभाग नगर पालिका, पशु विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सभी अंगों को जब्त कर लिया। अब पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। पशु प्रेमियों और सामाजिक संगठनों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार का मामला नहीं बल्कि यह सीधा-सीधा पशु क्रूरता का गंभीर अपराध है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि नसबंदी प्रक्रिया एक वैज्ञानिक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है जिसमें पशु की जान बचाते हुए उसकी प्रजनन क्षमता को नियंत्रित किया जाता है। लेकिन मंडला में जो सामने आया है वह इस पूरी प्रक्रिया को मजाक बनाकर रख देता है। बिना किसी मानक प्रक्रिया के इस तरह अंगों का संग्रह करना न केवल अवैध है बल्कि नैतिक रूप से भी घोर आपत्तिजनक है। इस पूरे खेल में सिर्फ एनजीओ ही शामिल है या फिर इसमें विभागीय मिलीभगत भी है क्योंकि इतने बड़े स्तर पर यह काम बिना किसी की नजर में आए संभव नहीं लगता। यदि जांच में लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर भी बड़ा धब्बा साबित होगी। मंडला जैसे शांत और संवेदनशील जिले में इस तरह की घटना ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

क्या सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं क्या जिम्मेदारों की निगरानी पूरी तरह फेल हो चुकी है फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार भी कार्रवाई सिर्फ दिखावे तक सीमित रहेगी या फिर इस अमानवीय कृत्य के जिम्मेदारों को सजा मिलेगी यह मामला सिर्फ कुत्तों की नसबंदी का नहीं है बल्कि यह इंसानियत जिम्मेदारी और सिस्टम की सच्चाई का आईना है। मंडला में उजागर हुआ यह काला खेल अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन चुका है और हर कोई यही पूछ रहा है आखिर कब तक ऐसे खेल चलते रहेंगे।

## आरोपी को आजीवन कारावास, जुर्माना

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी चंदर सिंह तेकाम पिता स्व. बजारी तेकाम उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पटपरामाल थाना मंडला जिला मण्डला को धारा 103(1) बीएनएस में आजीवन कारावास एवं कुल 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 4 जुलाई 2024 को प्रार्थी समलू सिंह मरावी ने इस आशय रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम पटपरा मे रहता है मजदूरी का काम करता है। उसकी तीन लड़किया है जिसमें से दो लड़कियां का विवाह हो चुका है तथा उसकी छोटी लड़की ने पढाई छोड़ दी है जो उसके व उसकी पत्नी पहलवती मरावी के साथ रहती है। 4 जुलाई 2024 को वह सुबह करीब 8 बजे उसके पडोस का रहने वाला चंदर सिंह तेकाम उसके घर पर आया और उसकी पत्नी पहलवती मरावी को कहने लगा कि तुम मेरी पत्नी को अपने घर मे लुका कर रखती हो और मछली बनाकर दिवाल मे चिपका देती हो तब उसकी पत्नी पहलवती बोली की हमारे घर के अदर आकर देख लो तुम्हारी पत्नी हमारे घर पर नही है इसी बात पर चंदर सिंह उसकी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करने लगा और उसे दो बार लाठी से मारा तब उसने झगड़ा छुड़वाकर चंदर सिंह को उसके घर भेज दिया था और इसके बाद वह 10 बजे करीब मंडला मार्केट चला गया था तथा घर मे उसकी पत्नी पहलवती अकेली थी। शाम करीब 6 बजे वह मंडला से लौट रहा था और आमानाला पहुंचा था तभी उसकी पत्नी पहलवती ने उसके घर के पीछे रहने वाली रेवती मरावी के फोन से कॉल कर उसे बतायी कि जल्दी घर आ जाओ चंदर सिंह उसे जान से मारने के लिए कुल्हाड़ी लेकर बार-बार घर आ रहा है। उक्त सूचना के आधार पर थाना मंडला मे अपराध क्र. 426/2024 अंतर्गत धारा 103 (1) बी.एन.एस. के अपराध पंजीबद्ध किया गया संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुयें विचारण उपरांत न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी चंदर सिंह तैकाम दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजय कुमार अहिरवार के द्वारा की गई है।

## सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** प्रस्फुटन ग्राम इन्द्रा माल में नवांकुर देवनाला सेवा समिति खैरी माल के नेतृत्व में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई बैठक में विकासखंड समन्वयक द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नवभक्ति, सुरक्षित जल, समृद्ध कल विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## टीकाकरण शिविर का आयोजन

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती शालिनी तिवारी के निर्देशन में पोषण पखवाड़ा के द्वितीय दिवस में आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण शिविर का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना स्तरीय शिविर का आयोजन खड़देवरा ग्राम पंचायत में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व नियमित जांच एवं बच्चों के नियमित टीकाकरण को सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग सीएचसी बम्हनी से डॉ. सविता श्याम जिनके द्वारा समस्त गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों का नियमित टीकाकरण भी किया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों को विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार प्रदान किया गया इस शिविर में एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम के द्वारा उपस्थित गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित पोषण आहार का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## होम्योपैथी दिवस पर लगा शिविर

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा माहिष्मती घाट में नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में आमजन के लिए उच्च रक्तचाप मधुमेह हीमोग्लोबिन एवं वजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें नि:शुल्क की गईं। शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं इसका प्रचार-प्रसार करना रहा कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुष विभाग के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार झारिया, डॉ. दिवाकर तिवारी, डॉ. रितेश गुप्ता, डॉ. मुकेश कुमार महाजन, डॉ. तेजसिंह ताराम, डॉ. आशीष गौठरिया तथा डॉ. प्रियंका धुर्वे सहित अन्य स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई और शिविर को सफल बनाया शिविर में कुल 226 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें होम्योपैथी के 153 एवं आयुर्वेद के 73 मरीज शामिल रहे।

## जनजातीय गर्जना रैली पर बनीं रूपरेखा

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जनजाति सुरक्षा मंच महाकौशल जिला मंडला के द्वारा शुक्रवार को सरस्वती स्कूल में बैठक का आयोजन किया गया। 24 मई को दिल्ली में आयोजित जनजातीय गर्जना रैली को लेकर यहां पर रूपरेखा तैयारी की गई। इस बैठक में पूर्व मंत्री देवसिंह सैयाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, जनजाति सुरक्षा मंच संयोजक नीरज मरकाम, सरपंच श्रृद्धा उईके, भाजपा नेता डॉ विजय आनंद मरावी, बनवासी कल्याण आश्रम जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता किशोरी लाल साहू, सोनू मरावी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए 24 मई को दिल्ली में आयोजित जनजातीय गर्जना रैली जनजाति सांस्कृतिक समागम पर विचार रखते हुए कहा कि किसी भी जाति की अपनी भाषा धर्म संस्कृति और परंपरागत रीति-रिवाज ही उसकी पहचान के मूल आधार होते हैं। जन्म विवाह और मृत्यु जैसे संस्कारों से जुड़ी परंपरागत रीति नीतियां हमें यह पहचान देती है कि हम किस समुदाय और किस जनसमूह के सदस्य हैं। भाषा धर्म और संस्कृति से ही किसी जाति का अस्तित्व बना रहता है। इसलिए अपनी मातृभाषा धार्मिक विश्वास परंपरागत रीति-नीतियों और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य और धर्म है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रलोभनों के माध्यम से भारत के निर्धन जनजातीय समाज का धर्मांतरण करने की प्रक्रिया चरम पर पहुंच गई है। इसके परिणामस्वरूप अनेक जनजातीय समुदायों का अस्तित्व संकट में पड़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में कई जनजाति लोग नाम मात्र के लिए जनजाति रह गए हैं और उनकी भाषा धर्म और संस्कृति क्रमश विकृत होकर लुप्तप्राय अवस्था में पहुंच रही है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार प्राप्त है। यदि कोई व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करता है तो उसे रोकना हमारा उद्देश्य नहीं है।



विदेशी धर्मों द्वारा संगठित एवं सुनियोजित ढंग से किए जा रहे आर्थिक और भौतिक प्रलोभनों के माध्यम से होने वाले धर्मांतरण का विरोध करना होगा। यह केवल हमारी जाति के अस्तित्व का ही प्रश्न नहीं है बल्कि हमारे राष्ट्र की सुरक्षा से भी जुड़ा विषय है। इस अवसर पर अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। वहीं राजू कुड़ापे द्वारा उपस्थित लोगों का परिचय कराया गया साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई।

## तान्या धुर्वे को एमबीबीएस उपाधि



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के मवई ब्लॉक की प्रतिभाशाली छात्रा तान्या धुर्वे ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस की उपाधि हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से न सिर्फ उनका परिवार बल्कि पूरा आदिवासी समाज गर्व महसूस कर रहा है डॉ. तान्या धुर्वे सेवानिवृत्त शिक्षक रामसिंह धुर्वे की नातिन हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मोंटफोर्ट स्कूल से पूरी की स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का लक्ष्य तय किया और इसके लिए इंदौर में रहकर नेट परीक्षा की तैयारी शुरू की पहले प्रयास में असफलता मिलने के बावजूद तान्या ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी कमजोरियों को पहचाना और दोगुनी मेहनत के साथ दोबारा परीक्षा दी। उनकी यह दृढ़ता रंग लाई और दूसरे प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल कर ली इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर में प्रवेश मिला जहां उन्होंने पूरी लगन से पढ़ाई की। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने तान्या को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चांदगांव में बोरी बंधान कार्य

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के चांदगांव सेक्टर क्रमांक 5 में जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। जन अभियान परिषद की प्रेरणा से जल संचय अभियान के तहत नवांकुर संस्था ज्मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति चांदगांव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्य जन अभियान परिषद मंडला के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक समंवयक सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## मूक माटी एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त कोच की सुविधा

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मूक माटी एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया गया है। यात्रियों की बेहतर यात्रा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 11702/11701 जबलपुरङ्क नैनपुर रायपुर - जबलपुर मूक माटी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस वृद्धि से यात्रियों को अधिक बर्थ और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस ट्रेन की संरचना में यह बदलाव दो चरणों में प्रभावी होगा ।

प्रथम चरण में दिनांक 13.04.2026 से ट्रेन में कोच की कुल संख्या 16 से बढ़ाकर 18 कर दी जाएगी।

जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 08, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार - 01 सहित कुल 18 कोच होंगे।

द्वितीय चरण में दिनांक 14.05.2026 से कोच की कुल संख्या 18 बनी रहेगी, लेकिन उनकी श्रेणियों में संशोधन किया जाएगा। जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 02, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 07, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार, 01 सहित कुल 18 कोच होंगे।

रेलवे विभाग द्वारा रेल यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा से पहले अपनी टिकट की श्रेणी और कोच संख्या की जांच अवश्य कर लें ताकि किसी भी यात्री को कोई भी असुविधा न हो।

## विद्यार्थी परिषद द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नैनपुर तहसील प्रांगण में जल मंदिर निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इन दिनों लगातार बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अनेकों अभियान चला रहे हैं । इसके साथ ही सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा इन दिनों शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आम जनता की सेवा के लिए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क पेयजल की व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है । उसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नैनपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा निशुल्क पेयजल की व्यवस्था को शहर में शुरू किया गया । इस निशुल्क पेयजल व्यवस्था की का शुभारंभ प्रांत सह संयोजक प्रिंस सिंह ने किया गया। इस दौरान मंडला महाविद्यालय कार्यकर्ता प्रलय वरकड़े व नगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## राहुल नामदेव धोटे बने मंडला कलेक्टर

मण्डला(स्वतंत्रमत)।



मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा का तबादला कर उन्हें नर्मदापुरम का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर राहुल नामदेव धोटे को मंडला का नया कलेक्टर बनाया गया है। राहुल नामदेव धोटे इससे पहले नर्मदा घाटी विकास विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत थे। मध्यप्रदेश सरकार ने 16 अप्रैल से शुरू होने वाली जनगणना प्रक्रिया से पहले प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 14 जिलों के कलेक्टरों और एक संभाग आयुक्त का तबादला कर दिया है। इस व्यापक फेरबदल को आगामी जनगणना और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिले में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। सरकार के इस फैसले को जनगणना जैसे बड़े और संवेदनशील कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। नए अधिकारियों की नियुक्ति से प्रशासनिक दक्षता बढ़ने और जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की संभावना है।

## त्रैवार्षिक निर्वाचन 10 को

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कुर्मी समाज विकास संगठन का त्रैवार्षिक निर्वाचन 12 अप्रैल के स्थान पर अब 10 मई को समय 11 बजे से सम्पन्न कराया जाएगा। 12 अप्रैल को होने वाली आम सभा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। निर्वाचन संबंधी तैयारियों में कमी के साथ-साथ अन्य कारणों से निर्वाचन तिथि को आगे बढ़ाया गया है।


### नाम सुधार सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीपक कुमार नंदा पिता भंगी लाल नंदा आयु 41 वर्ष निवासी ग्राम नेवरगांव पोस्ट पुरवा तहसील व जिला मण्डला मूल निवासी हूं। यह की मेरी पुत्री कु. सिद्धी नंदा पिता दीपक कुमार नंदा जिसकी जन्मतिथि 18.10.2012 है तथा मेरे पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेजों में सिद्धी नंदा SIDDHI NANDA लिखा हुआ है जो की सही है और सत्य है। यह कि मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड बनवाते समय उसका नाम त्रुटिवश SECDIDE अंकित कर दिया गया है जो कि गलत है। पुत्री का सही नाम हिन्दी में सिद्धी नंदा एवं अंग्रेजी में SIDDHI NANDA है और मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। इस बात की मैं शपथ करता हूं।

सही नाम - सिद्धी नंदा
SIDDHI NANDA
गलत नाम -
SECDIDE
शपथकर्ता दीपक कुमार नंदा
पुत्री :- सिद्धी नंदा
पता- ग्राम नेवरगांव पोस्ट पुरवा
जिला मंडला


## कलेक्टर के निर्देशन पर एसडीएम तहसीलदार ने हटाया 70 एकड़ शासकीय भूमि से अतिक्रमण

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को भूमि आवंटित

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अनुविभाग नैनपुर अंतर्गत ग्राम इटका में 28.71 हेक्टेयर (70 एकड़) शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार नैनपुर राजेश कौशिक, थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी व नपा कर्मचारियों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यवाही राजस्व विभाग, नगर पालिका नैनपुर एवं पुलिस बल के सहयोग से संपादित की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम इटका स्थित लगभग 28.71हेक्टेयर (70 एकड़ ) शासकीय भूमि से अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। अतिक्रमणकारियों द्वारा भूमि पर किए गए तार फेंसिंग सहित अन्य अवैध संरचनाओं को हटाते हुए सामग्री को नगर पालिका नैनपुर के सुपुर्द किया गया।






संबंधित स्थल पर पुन: अतिक्रमण न हो इसके लिए सूचना पटल लगाया गया । इसके अलावा अतिक्रमणकर्ताओं पर नियमानुसार बॉन्ड ओवर की कार्यवाही की जाना बताया गया । उक्त भूमि कलेक्टर मंडला के आदेशानुसार नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, भोपाल को आवंटित की गई है तथा नोडल विभाग ऊर्जा विभाग को भूमि का आधिपत्य भी सौंप दिया गया है।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला म.प्र.

क्रं./ /2026/316 — बम्हनी बंजर दिनांक 10/4/2026

### आफ लाईन नीलामी ऑफर सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद स्वामित्व वार्ड क्रमांक 13 मे निर्मित हार्कस जोन क्र. 10 व्यवसायिक दुकानो का आवंटन बन्द लिफाफे मे ऑफर आमंत्रित किया जाना है इस हेतु इच्छुक ऑफरकर्ता बन्द लिफाफे में अपनी निर्धारित अमानत राशि के साथ दिनांक 28.04.2026 को समय 2.00 बजे तक जमा कर सकते है प्राप्त ऑफर बन्द लिफाफे उसी दिन समय 3.0 बजे खोले जायेगे आफरकर्ता चाहे तो उपस्थित रह सकते है।

### हार्कस जोन की व्यवसायिक दुकान वार्ड क्रमांक 13

| क्र. | दुकान क्रं. | आरक्षण की स्थिति | अमानत राशि | न्यूनतम राशि | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | अनारक्षित | 11798.00 | 589919.00 | 300/- |
| 2 | 03 | अनारक्षित | 16590.00 | 829516.00 | 300/- |
| 3 | 04 | अनारक्षित | 17154.00 | 857725.00 | 300/- |
| 4 | 05 | अन्य पिछडा वर्ग | 19167.00 | 958370.00 | 300/- |
| 5 | 06 | अनुसूचित जाति | 12446.00 | 622306.00 | 300/- |
| 6 | 07 | अनुसूचित जन जाति | 12934.00 | 646684.00 | 300/- |
| 7 | 08 | अनुसूचित जन जाति | 14396.00 | 719817.00 | 300/- |
| 8 | 09 | अनारक्षित | 15288.00 | 764396.00 | 300/- |
| 9 | 10 | अनारक्षित | 14703.00 | 735140.00 | 300/- |
| 10 | 11 | अनारक्षित | 17113.00 | 855635.00 | 300/- |

टीप- 1. आरक्षित वर्ग के दुकानो हेतु उन्ही वर्गों के आफरकर्ता भाग ले सकते है । 2. दुकानो से सम्बधित विस्तृत जानकारी एंव शर्तों को इस कार्यालय की राजस्व शाखा में कार्यालय दिवसो एंव समय पर देखा जा सकेगा । 3. फार्म प्राप्त करते समय अमानत राशि नगद या बैंक डॉफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा लिफाफे में अमानत राशि का विवरण अंकित करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, बम्हनी बंजर

संपादकीय

# अनसुलझा युद्धविराम

कयामत की रात, बिना कयामत के ही, गुजर गई और एक सभ्यता भी खत्म होने से बच गई। ईरान की 5-6 हजार साल पुरानी सभ्यता को खत्म भी नहीं किया जा सकता था, बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप कुछ भी बयान दें। सिकंदर और मंगोल शासक भी ईरान की सभ्यता को खत्म नहीं कर पाए। बहरहाल सभ्यता खत्म करने की 'डेडलाइन' से पहले ही, 8 अप्रैल की भोर में, युद्धविराम की घोषणा कर दी गई। युद्धविराम फिलहाल दो सप्ताह तक रहेगा। यह घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बातचीत की। अंततः नेतन्याहू को ट्रंप का फैसला स्वीकार करना पड़ा। ईरान युद्ध के 40वें दिन युद्धविराम हो सका है। वैश्विक सवाल और जिज्ञासा है कि क्या युद्ध का यह दौर स्थायी रूप से खत्म होगा? क्या अमरीका अपनी सेना को वापस बुला लेगा? क्या इजरायल ईरान का अस्तित्व मिटाने के अपने पुराने लक्ष्य और मंसूबे को हासिल करने के लिए युद्ध की फिर शुरुआत करेगा? बेशक राष्ट्रपति ट्रंप इस अस्थायी युद्धविराम को ही 'मुकम्मल जीत' मान रहे हैं, विश्व शांति का सबसे बड़ा दिन कह रहे हैं और इसे मध्य-पूर्व के 'स्वर्ण-युग' का दिन भी करार दे रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 39 दिन के युद्ध में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। ईरान में कट्टरपंथी हुकूमत बदलने, परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने, बैलिस्टिक मिसाइल के उत्पादन पर अंकुश लगाने, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने, ईरानी सेना को नेस्तनाबूद करने, ईरान में बगावत और सत्ता-परिवर्तन कराने, तेल पर कब्जा करने के जो अमरीकी, घोषित मंसूबे थे, राष्ट्रपति ट्रंप उनमें नाकाम रहे हैं। सभ्यता-विध्वंस की डेडलाइन से पहले ही उन्हें ईरान का 10-सूत्रीय प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा, क्योंकि प्रस्ताव व्यावहारिक लगा। अब दो हफ्तों तक हमले नहीं किए जाएंगे। दरअसल इस युद्ध में, युद्धविराम तक, न तो अमरीका जीता और न ही ईरान पराजित हुआ है। सिर्फ बर्बादी, विध्वंस और मिट्टी-मलबे की जीत हुई है। युद्ध के 39 दिनों में ईरान वाकई 'कब्रिस्तान' बना दिया गया, लेकिन उसका योद्धा वाला चरित्र, मनोबल और अस्तित्व आज भी जिंदा है। ईरान परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा, यूरेनियम का संवर्द्धन भी करता रहेगा, लेकिन बम नहीं बनाएगा, यह आश्वासन संवाद के दौरान ईरान दे सकता है। चीन ने 'वास्तविक मध्यस्थ' की भूमिका निभाई और ईरान के सख्त, अड़ियल रवैये को नरम कराया और युद्धविराम के लिए तैयार किया। ईरान युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करने की अमरीकी गारंटी चाहता था। इस्लामाबाद इसलिए चुना गया, क्योंकि वह ईरान को भी पास पड़ता है और पाकिस्तान अमरीका का 'उपनिवेश-सा' है। पाकिस्तान, तुर्किए, मिस्र की भूमिका 'डाकिए' या 'संदेशवाहक' की रही। बहरहाल अमरीका युद्धविराम के लिए, अचानक तैयार हो गया, इसकी अंदरूनी स्टोरी एफबीआई की रपट भी हो सकती है। एफबीआई ने रपट दी थी कि अब विश्व में अमरीकियों के लिए हालात खतरनाक हो सकते हैं। उनकी हत्याएं भी की जा सकती हैं, लिहाजा युद्ध को आगे न बढ़ाया जाए। जमीनी युद्ध की तो शुरुआत तक न की जाए। संभवतः इस रपट ने राष्ट्रपति ट्रंप को 'सद्बुद्धि' दी और वह युद्धविराम के लिए सहमत हो गए। बहरहाल यह युद्धविराम ही अंतिम, निर्णायक स्थिति नहीं है, क्योंकि कई मुद्दे अनसुलझे लगते हैं। मसलन-होर्मुज पर ईरान ने अपने और ओमान के कब्जे की बात कही है और वे जहाजों से 20 लाख डॉलर प्रति जहाज का 'टोल' भी वसूलेंगे। अमरीका अब भी होर्मुज पर अपनी उपस्थिति की पैरवी कर रहा है, जो ईरान को स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल युद्धविराम पर विश्व की प्राथमिक प्रतिक्रियाएं सुखद हैं।

# नाटो से बाहर निकलने की तैयारी में यूएस, ट्रम्प के फैसले से यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था होगी ध्वस्त



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

**देखा जाये तो ट्रंप का यह रुख अचानक सामने नहीं आया है। पिछले कुछ वर्षों से वह लगातार यूरोपीय देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। नाटो के सदस्य देशों द्वारा सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने की सहमति भी इसी दबाव का परिणाम थी।**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में इस समय एक ऐसा तूफान उठ रहा है, जिसने दुनिया की सबसे मजबूत मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। हम आपको बता दें कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच बढ़ती खाई अब खुलकर सामने आ चुकी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नाटो से बाहर निकलने की चर्चा ने साफ कर दिया है कि अब यह गठबंधन केवल औपचारिकता बनकर रह सकता है।



हम आपको याद दिला दें कि जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान छेड़ा था तब नाटो के सहयोगी देशों ने इसमें खुलकर सैन्य भागीदारी करने से इंकार कर दिया था। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने इसे साफ शब्दों में नाटो की असफलता बताया। खुद ट्रंप ने नाटो को कागजी शेर तक करार दे दिया। उनका बयान केवल नाराजगी नहीं बल्कि चेतावनी था कि अमेरिका अब नाटो का बोझ अकेला नहीं उठायेगा।

देखा जाये तो ट्रंप का यह रुख अचानक सामने नहीं आया है। पिछले कुछ वर्षों से वह लगातार यूरोपीय देशों पर रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। नाटो के सदस्य देशों द्वारा सकल घरेलू उत्पाद का पांच प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने की सहमति भी इसी दबाव का परिणाम थी। लेकिन जब असली परीक्षा आई तो सहयोगी देश पीछे हट गए। यही वह क्षण था जिसने ट्रंप को यह कहने पर मजबूर कर दिया कि नाटो केवल कागजी शेर बनकर रह गया है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटनाक्रम कई स्तरों पर बेहद महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह ट्रांस अटलांटिक गठबंधन की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। यदि अमेरिका वास्तव में नाटो से दूरी बनाता है तो यूरोप की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। रूस जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए यह सुनहरा अवसर साबित होगा, क्योंकि यूरोप बिना अमेरिकी सैन्य समर्थन के कमजोर पड़ जाएगा।

एक और बड़ा पहलू है पश्चिम एशिया की बदलती रणनीतिक तस्वीर। होरमुज जलडमरूमध्य को लेकर हुए तनाव और तेल आपूर्ति पर पड़े प्रभाव ने यह साफ कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा अब वैश्विक शक्ति राजनीति का केंद्र बन चुकी है। ट्रंप का यह कहना कि यह जिम्मेदारी उन देशों की है जो तेल पर निर्भर हैं, सीधे तौर पर यूरोप और एशिया को चेतावनी है कि वह अपनी सुरक्षा खुद सुनिश्चित करें।

वहीं सबसे आक्रामक संकेत है अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों को स्पेन और जर्मनी जैसे देशों से हटाने या कम करने की योजना। यदि यह कदम उठाया जाता है तो यह केवल सैन्य पुनर्संतुलन नहीं बल्कि एक प्रकार का रणनीतिक दंड होगा। इसका संदेश साफ है कि जो अमेरिका के साथ नहीं खड़ा होगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी।

ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की जिद भी इस पूरे घटनाक्रम का अहम हिस्सा है। उन्होंने बार बार यह दोहराया है कि यह क्षेत्र अमेरिकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। डेनमार्क और यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद यह मुद्दा अभी ठंडा नहीं पड़ा है। यह दिखाता है कि अमेरिका अब पारंपरिक कूटनीतिक सीमाओं को तोड़कर खुली रणनीतिक आक्रामकता की ओर बढ़ रहा है।

इस बीच, नाटो महासचिव मार्क रुटे और ट्रंप के बीच हुई बातचीत भले ही औपचारिक रूप से सकारात्मक बताई गई हो, लेकिन अंदर की कड़वाहट साफ झलक रही है। रुटे ने माना कि ट्रंप निराश हैं, जबकि ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि नाटो ने अमेरिका का साथ नहीं दिया।

इतिहास गवाह है कि नाटो की सबसे बड़ी परीक्षा 2001 में हुई थी, जब अमेरिका पर हमला हुआ और सभी सदस्य देशों ने उसका साथ दिया। लेकिन आज स्थिति उलट गई है। अब अमेरिका खुद को अकेला महसूस कर रहा है और यही असंतोष उसे गठबंधन से दूरी बनाने की ओर धकेल रहा है।

यदि अमेरिका नाटो से अलग होता है तो वैश्विक शक्ति संरचना बहुध्रुवीय हो जाएगी। चीन और रूस जैसे देश तेजी से अपने प्रभाव का विस्तार करेंगे। यूरोप को मजबूरन अपनी स्वतंत्र सैन्य नीति बनानी पड़ेगी, जबकि एशिया में भी नए सुरक्षा गठबंधनों का उदय हो सकता है। ट्रंप का आक्रामक रवैया यह संकेत देता है कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय संबंध अधिक कठोर, स्वार्थ आधारित और टकरावपूर्ण होने वाले हैं।

बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि नाटो संकट उस पूरी व्यवस्था का संकट है जिसने दशकों तक दुनिया को एक ढांचे में बांधकर रखा। अब यह ढांचा दरक रहा है और इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। यही कारण है कि यह घटनाक्रम आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति की दिशा तय करेगा।

# क्रिप्टो का बाजार जोखिम बेशुमार: हर चार युवाओं में से एक युवा इसमें निवेश कर रहा

सतीश सिंह

पीआई-42 और हैश्ड इमर्जेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिप्टो में निवेश करने वाले 60 फीसदी से ज्यादा निवेशक 25 साल से कम उम्र के हैं। ये युवा न सिर्फ बड़ी पूंजी निवेश कर रहे हैं, बल्कि निवेश को लेकर उनके व्यवहार में भी परिपक्वता आई है, अर्थात वे गहन शोध के बाद निवेश कर रहे हैं। पहले यह आंकड़ा केवल 45 प्रतिशत था। भारत क्रिप्टो को अपनाने के मामले में दुनिया का एक अग्रणी देश है। आज क्रिप्टो बाजार में अनिश्चितता के बावजूद, हर चार युवाओं में से एक युवा इसमें निवेश कर रहा है, जिनमें से कुछ लाभ कमा रहे हैं और कुछ नुकसान भी उठा रहे हैं। हाल ही में, देश के क्रिप्टो वायदा बाजार में युवाओं की भागीदारी लगभग दोगुनी हो गई है। बता दें कि क्रिप्टो डेरिवेटिव्स एक वित्तीय अनुबंध है, जिसमें निवेशक बिना क्रिप्टो खरीदे बिटकॉइन, एथेरियम आदि की भविष्य की कीमतों पर दांव लगाते हैं। इसका उद्देश्य जोखिम कम करना, हेजिंग और लीवरेज का उपयोग करके अधिक मुनाफा कमाना है। हालांकि, इसमें निवेश करना हमेशा जोखिम भरा होता है और कई बार निवेशकों को नुकसान का भी सामना करना पड़ता है।

डेरिवेटिव्स के अलावा, जेन जेड और मिलेनियल्स भारी रिटर्न की उम्मीद में विभिन्न मोबाइल प्लेटफॉर्म्स व एसआईपी के जरिये छोटी रकम निवेश कर रहे हैं। निवेश से पहले, युवा टेलीग्राम, एक्स (ट्विटर), और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों पर शोध करते हैं। यह जरूरी भी है कि क्रिप्टो की बाजार की स्थिति को समझकर ही इसमें निवेश करना चाहिए। भारत में क्रिप्टो को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक व्यवस्था नहीं है। हमारा देश इसे वैध मुद्रा नहीं मानता है, पर इसे अवैध घोषित भी नहीं किया गया है। सरकार इसे 'वर्चुअल डिजिटल एसेट' का दर्जा देती है। भारत में इसमें निवेश और व्यापार किया जा सकता है, पर इसे रुपये जैसी मुद्रा के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। भारत के 75 फीसदी क्रिप्टो निवेशक टियर-2, टियर-3 और टियर-4 शहरों से हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश जैसे राज्य आगे हैं। अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी बड़ी संख्या में युवा निवेशक क्रिप्टो के कारोबार से जुड़ रहे हैं। असम और मेघालय जैसे राज्य भी इस क्षेत्र में अग्रसर हैं। सबसे अहम बात यह है कि भारत में आज हर आठ क्रिप्टो कारोबारियों में से एक महिला है, जो दर्शाता है कि जटिल और जोखिम वाले निवेश के मामले में भी महिलाएं तेजी से आगे आ रही हैं।

क्रिप्टो बाजार बहुत ही उतार-चढ़ाव वाला है। यह सच है कि कुछ युवा क्रिप्टो में निवेश कर लाभ कमा रहे हैं, लेकिन इससे नुकसान उठाने वालों की संख्या भी कम नहीं है। यह पूरी तरह से भाग्य पर निर्भर है। यह भी देखने में आया है कि इससे युवाओं में नकारात्मक सोच और मेहनत का मोल कम होने का माहौल बन रहा है, जिससे बिना मेहनत के अमीर बनने का विचार घर कर रहा है। तेज उतार-चढ़ाव के कारण, निवेशक तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करते हैं और तकनीकी ज्ञान के बिना, विशेषकर छोटे शहरों के युवा, साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। क्रिप्टो के जानकार लगातार क्रिप्टो निवेशकों को चेतावनी दे रहे हैं कि यह उच्च-जोखिम वाला बाजार है। लिहाजा, निवेशकों को अपनी पूरी बचत इसमें निवेश करने से बचना चाहिए। क्रिप्टो भारी उतार-चढ़ाव वाला सेगमेंट है। इसमें मुनाफा और नुकसान, दोनों हो सकता है, जिसका आकलन करना भी आसान नहीं है। अत: क्रिप्टो में निवेश करने से पहले इसके निवेशकों को इसकी तकनीकी बारीकियों से पूरी तरह से अवगत होना चाहिए और निवेश करते समय ज्यादा लालच करने से बचना चाहिए।

# तृणमूल और चुनाव आयोग



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनाव आयोग व ममता दीदी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के बीच कहासुनी व झड़प हुई है, उसे लोकतन्त्र में किसी भी तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसकी मूल वजह यह है कि भारत की दलगत राजनीति में चुनाव आयोग ही ऐसी संस्था है जिस पर विभिन्न पार्टियों की संरचना को वैध रूप देने का भार है। अत: इन दोनों के बीच औपचारिकता का बने रहना बहुत जरूरी है। मगर बीते कल में इन दोनों के बीच जो भी हुआ वह निन्दनीय है, क्योंकि चुनाव आयोग का कार्य उस संवैधानिक जिम्मेदारी से बंधा हुआ है जो राजनीतिक दलों को वैधता प्रदान करता है।

दूसरी ओर राजनीतिक दलों का भी कर्त्तव्य बनता है कि वे चुनाव आयोग की स्वतन्त्रता व निष्पक्षता का सम्मान करें परन्तु कल जिस तरह राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता श्री डेरेक ओब्रायन ने चुनाव आयोग के साथ हुई संक्षिप्त बैठक के बाद बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने पार्टी के नेताओं से कहा कि वे 'दफा' हो जायें, उससे लगता है कि बैठक का माहौल काफी गरमागरम रहा होगा लेकिन इसके बावजूद देश के चुने हुए लोगों के साथ इस प्रकार का व्यवहार शालीनता के दायरे से बाहर है। दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

यदि खबरों को सही मानें तो श्री ज्ञानेश कुमार ने श्री ओब्रायन पर ऊंचा बोलने व हल्ला-गुल्ला करने का आरोप लगाया। इस सन्दर्भ में हमें ध्यान रखना होगा कि श्री ज्ञानेश कुमार को पद मुक्त करने के लिए पिछले दिनों जो प्रस्ताव लोकसभा व राज्यसभा में रखा था उसे दोनों के पीठाधीशवरों ने अस्वीकार कर दिया है। यह प्रस्ताव मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के इसरार पर ही विपक्षी सांसदों ने दिया था। अत: बहुत स्वाभाविक है कि इसे लेकर भी श्री ओब्रायन व उनकी पार्टी के अन्य सांसदों के मन में खटास रही होगी। श्री ओब्रायन के अनुसार चुनाव आयोग का उनकी पार्टी व विपक्ष के प्रति रवैया बहुत ज्यादा बेरुखी का रहा है।

उन्होंने कहा कि प. बंगाल की मुख्यमन्त्री व तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा सुश्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पिछले दिनों के भीतर नौ पत्र लिखे मगर इनमें से किसी एक का जवाब तक नहीं आया। उनके अनुसार यदि खत सत्तारूढ़ दल के शीर्षस्थ नेताओं में से किसी एक ने भी लिखा होता तो क्या ज्ञानेश कुमार जवाब न देने की हिमाकत कर सकते थे? लोकतन्त्र में यह वास्तव में चिन्ता का विषय हो सकता है क्योंकि चुनाव आयोग प्रत्यक्ष रूप से सभी राजनीतिक दलों के नियमन के दायित्व से बंधा होता है, उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा दल सत्ता में है और कौन सा विपक्ष में बैठा हुआ है। इसीलिए समाजवादी चिन्तक व राजनेता स्व. डॉ. राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि 'लोकतन्त्र लोकलज्जा' से चलता है। इसका मतलब यही है कि राजनीतिज्ञ अपना फैसला करने से पहले सौ बार सोचें कि उनके किसी भी फैसले में कहीं कोई उनका अपना तो लाभान्वित नहीं हो रहा है। जहां तक स्वतन्त्र संवैधानिक संस्थाओं का सवाल है तो उन्हें हर सूरत में यह विचार करना जरूरी होता है कि उन पर सरकार के पिट्ठू होने का आरोप न लग सके। चुनाव आयोग के सन्दर्भ में यह फार्मूला सत्तारूढ़ दल व विपक्ष को एक ही नजर से न देखने पर लागू होता है। हम सब जानते हैं कि चुनाव आयोग किसी पार्टी की सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होता। उसकी जवाबदेही सीधे आम नागरिकों के प्रति होती है। उसका यह कर्त्तव्य बनता है कि 18 वर्ष से ऊपर का हर जायज नागरिक वैध मतदाता बनें।

मगर विपक्ष उस पर आरोप लगा रहा है कि आयोग जो मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कर रहा है उसमें वह लाखों मतदाताओं के नाम काट रहा है जिससे चुनावों की शुचिता सीधे प्रभावित हो रही है। जबकि चुनाव आयोग कह रहा है कि समय-समय पर उसे विशेष पुनरीक्षण कराने का संवैधानिक हक प्राप्त है। हालांकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में भी चला है जिस पर सुनवाई पूरी करके न्यायमूर्तियों ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। प. बंगाल में यह प्रक्रिया अभी तक जारी है जिसे लेकर तृणमूल कांग्रेस चुनाव आयोग को घेरे हुए है। सभी को मालूम है कि आगामी 23 अप्रैल को प. बंगाल विधानसभा के चुनाव का पहला चरण पूरा हो जायेगा। मगर इस राज्य में 24 लाख के करीब मतदाताओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है और तृणमूल के नेतागण कह रहे हैं कि चुनाव आयोग मुस्लिम मतदाताओं के नाम जानबूझ कर काट रहा है जबकि आंकड़े बताते हैं कि आयोग ने हिन्दू मतदाताओं के नाम भी काटे हैं बेशक मुस्लिम नागरिकों की संख्या काफी अधिक है लेकिन आज का असल मुद्दा चुनाव आयोग व राजनीतिक दलों के बीच के आपसी व्यवहार को लेकर है। अत: बहुत आवश्यक है कि न तो चुनाव आयोग और न ही राजनीतिक दल एक-दूसरे के साथ अमर्यादित व्यवहार करें। यदि श्री ज्ञानेश कुमार तृणमूल नेताओं को बैठक से बाहर चले जाने को कहते हैं तो इससे चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर ही विपरीत प्रभाव पड़ता है।

दूसरी ओर अगर ओब्रायन चुनाव आयोग के दफ्तर में ही यदि ज्ञानेश कुमार पर चिल्लाते है तो इसे भी अशोभनीय कहा जायेगा और उनकी पार्टी की छवि ही खराब होगी। इसके साथ यह भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है कि लगभग सभी विपक्षी दल चुनाव आयोग पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने के आरोप क्यों लगा रहे हैं? चुनाव आयोग का मुख्य कार्य साफ-सुथरे व भय-हीन चुनाव कराना होता है जिसके लिए आवश्यक है कि उसकी विश्वसनीयता पर कोई भी शक की अंगुली न उठा सके। राजनीति के बदलते दौर में हम अपने लोकतन्त्र को इसी प्रकार मजबूत करके अगली पीढ़ियों को सौंप सकते हैं।

# डेटा बनाम न्याय : टीईटी के नाम पर अनुभव की अनदेखी का संकट



भूपेन्द्र गुप्ता
(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)

शिक्षा सुधार की बहस में टीईटी (टीचर इलिजिबिलिटी टेस्ट) को एक महत्वपूर्ण मापदंड के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 2010 में एनसीटीई द्वारा इसे लागू करने का उद्देश्य स्पष्ट था- स्कूलों में न्यूनतम गुणवत्ता सुनिश्चित करना। लेकिन आज सवाल यह है कि क्या यह नीति व्यवहार में संतुलित रूप से लागू हो रही है, या फिर डेटा के नाम पर अनुभव को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है? यदि हम उपलब्ध आंकड़ों को देखें, तो भारत में लाखों शिक्षक 2010 से पहले नियुक्त हुए थे। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में शिक्षक 15-30 वर्षों से सेवा दे रहे हैं। इन शिक्षकों ने उन क्षेत्रों में शिक्षा दी, जहाँ न तो पर्याप्त संसाधन थे और न ही प्रशिक्षित मानवबल। राज्य के शिक्षा विभाग के अनुमानों के अनुसार, ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में लंबे समय तक इन्हीं शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था को संभाले रखा।पूरे देश में अगर यह सख्ती से लागू किया जाता है तो अनुमानत: देश भर में लगभग 50 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे।अकेले मप्र में ही यह आंकड़ा 2लाख तक पहुच जाता है। अब यदि टीईटी को सख्ती से लागू करते हुए इन शिक्षकों को अयोग्य घोषित किया जाता है, तो इसके तीन बड़े प्रभाव सामने आते हैं।

## पहला, मानव संसाधन संकट

पहले से ही कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। ऐसे में अनुभवी शिक्षकों को हटाने से स्थिति और बिगड़ सकती है। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य को प्रभावित करने वाला कदम है।जो बिना पूर्व तैयारी के आत्मघाती हो सकता है।

## दूसरा, न्यायिक और प्रशासनिक विरोधाभास

सुप्रीम कोर्ट और मप्र हाई कोर्ट ने कई मामलों में यह स्पष्ट किया है कि यदि नियुक्ति वैध प्रक्रिया से हुई है और कर्मचारी ने लंबे समय तक सेवा दी है, तो उसे अचानक अयोग्य घोषित करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। अदालतों का यह भी मानना है कि सरकार की गलती का दंड कर्मचारी को नहीं दिया जा सकता।

## तीसरा, सामाजिक असंतोष और असुरक्षा

30 साल सेवा देने के बाद यदि किसी शिक्षक को यह कहा जाए कि वह एक परीक्षा के कारण अयोग्य है, तो यह केवल व्यक्तिगत अन्याय नहीं बल्कि व्यापक सामाजिक असंतोष को जन्म देता है। इससे सरकारी नीतियों पर भरोसा भी कमजोर होता है।यह आजीविका पर कुठाराघात भी होगा। हालांकि, यह भी स्वीकार करना होगा कि टीईटी का उद्देश्य पूरी तरह उचित है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक न्यूनतम मानक आवश्यक है। लेकिन किसी भी नीति की सफलता उसके संतुलित क्रियान्वयन में निहित होती है।यह भी उतना ही बड़ा सच है। इसलिए समाधान टकराव में नहीं, बल्कि संतुलन में है।

पुराने शिक्षकों को टीईटी पास करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए, इन-सर्विस प्रशिक्षण को अनिवार्य किया जाए।, क्वालिटी इम्प्रूवमेंट के लिये इंडक्शन कोर्स कराये जायें,अनुभव और प्रदर्शन को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाए, एक बार की नीतिगत छूट (पालिसी रिलेक्शेसन) पर भी विचार किया जाए,वर्तमान में डेटा हमें दिशा तो दिखाता है, लेकिन निर्णय केवल आंकड़ों के आधार पर नहीं लिए जा सकते। शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में मानवीय पक्ष, अनुभव और न्याय के सिद्धांतों को समान महत्व देना होगा। टीईटी को गुणवत्ता सुधार का साधन बनाना चाहिए, न कि वर्षों की सेवा और समर्पण को नकारने का औजार। यह समझना होगा कि शिक्षा केवल प्रमाणपत्रों से नहीं चलती-यह अनुभव, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी से संचालित होती है। यदि नीति इन मूल्यों को नज़रअंदाज़ करेगी, तो सुधार के नाम पर असंतुलन ही पैदा होगा और असंतोष भी। अंतत:, सवाल यह नहीं है कि टीईटी जरूरी है या नहीं। सवाल यह है कि क्या हम 50 लाख शिक्षकों के अनुभव को एक परीक्षा के सामने शून्य मान सकते हैं? यदि नहीं, तो समय आ गया है कि नीति को जमीनी सच्चाइयों के अनुरूप ढाला जाए-वरना यह सुधार नहीं, बल्कि संकट का कारण बन जाएगी।

**11 अप्रैल: राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस**

# हर माँ, हर बच्चा, हर अधिकार : सुरक्षित मातृत्व की जिम्मेदारी

कृति आरके जैन

जब जीवन में अनिश्चितता छा जाए, तब भी एक माँ की मुस्कान सब कुछ रोशन कर देती है। यह मुस्कान केवल सुकून नहीं, बल्कि जीवन और शक्ति का प्रतीक है। माँ जन्म को अर्थ देती है, आशा को आकार देती है और आने वाली पीढ़ी को मजबूती देती है। लेकिन जब गर्भधारण और प्रसव खतरों से भरे हों, तब यही आशा भय में बदल सकती है। इसी सच को उजागर करता है भारत में हर साल 11 अप्रैल को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हमें याद दिलाता है कि हर गर्भवती महिला को सुरक्षित, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल मिलनी चाहिए, ताकि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन की ओर बढ़ सकें।

यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए संकल्प और जिम्मेदारी का प्रतीक है। 11 अप्रैल इसलिए चुना गया क्योंकि यह कस्तूरबा गांधी की जन्मतिथि है – वह अद्भुत महिला जिन्होंने जीवनभर महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। 2003 में व्हाइट रिबन एलायंस इंडिया की पहल पर भारत सरकार ने इसी दिन को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस घोषित किया। इस दिन का संदेश साफ है – मातृ स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल के प्रति देश में सर्वव्यापी जागरूकता फैलाना और हर माँ को सम्मानजनक, सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना।

सुरक्षित मातृत्व का अर्थ केवल अस्पताल और डॉक्टर तक पहुँच नहीं है। यह माँ के सम्मान, सम्मानजनक देखभाल, सामाजिक समर्थन और सशक्त अधिकारों की गारंटी भी है। गर्भावस्था केवल नौ महीने का सफर नहीं, बल्कि जीवन का सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वस्थ अनुभव होना चाहिए। दुनिया भर में हर साल लाखों महिलाएँ गर्भावस्था और प्रसव से जुड़ी जटिलताओं के कारण जीवन खो देती हैं। हालांकि भारत ने लगातार प्रयासों से मातृ मृत्यु दर में कमी लाई है, फिर भी आज भी उच्च जोखिम, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और सामाजिक बाधाएँ बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

भारत ने मातृ मृत्यु दर में वर्षों में बड़ी प्रगति की है, लेकिन यह अभी भी आवश्यक लक्ष्य तक नहीं पहुँची है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 3.1 के तहत मातृ मृत्यु दर को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से नीचे लाना है – यह स्पष्ट संकेत है कि सुधार की अभी भी बहुत गुंजाइश मौजूद है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया, उच्च रक्तचाप, संक्रमण, दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और पुरानी सामाजिक मान्यताएँ मातृ स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए केवल सरकारी योजनाएँ ही नहीं, बल्कि समाज और समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी अनिवार्य है, ताकि हर माँ सुरक्षित और स्वस्थ मातृत्व का अनुभव प्राप्त कर सके।



राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय माताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्रिय रहते हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर महीने 9 तारीख को नि:शुल्क एंटीनेटल चेकअप उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करती है और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सुमन और लक्ष्य जैसी योजनाएँ गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर देखभाल को सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रभावी बनाने का काम करती हैं। इन कार्यक्रमों को घर-घर पहुँचाने में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रही है।

सुरक्षित मातृत्व केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है; यह समाज में वास्तविक बदलाव की भी मांग करता है। कई समुदायों में आज भी कम उम्र में विवाह, अपर्याप्त पोषण, पुरानी रूढ़ियाँ और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी बड़ी बाधाएँ हैं। बेटी की शिक्षा, शादी की उम्र में देरी, स्वास्थ्य की जानकारी, गर्भावस्था के जोखिमों की समझ, प्रसव के बाद पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान – ये सभी पहलू मातृत्व को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। परिवार का सहयोग, विशेषकर पति और ससुराल का समर्थन, इस पूरी प्रक्रिया को सुखद, सुरक्षित और सकारात्मक अनुभव में बदल देता है।

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस की अहमियत केवल जानकारी तक सीमित नहीं है; यह अनुभव, संघर्ष और प्रेरक कहानियों से भी जुड़ा है। हर गाँव, कस्बा और शहर उन माताओं की कहानियों से जीवंत हो उठता है, जिन्होंने सुरक्षित देखभाल और समय पर सहायता पाकर अपने परिवारों को मजबूत बनाया। हर आशा कार्यकर्ता, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी जोखिमों को पहचानकर, समय पर हस्तक्षेप करके, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर जीवन बदल रहे हैं। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जब ज्ञान और सहयोग सही समय पर पहुँचता है, तब हर माँ सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकती है।

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का संदेश स्पष्ट और सशक्त है – हर महिला को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जीवन और सुरक्षा का अधिकार है। इस दिन की गतिविधियों का उद्देश्य यही है कि समाज में जागरूकता फैलाना कि प्रत्येक माँ को सुरक्षित और सम्मानजनक स्वास्थ्य देखभाल मिले। इस वर्ष 2026 का विषय है – मातृ स्वास्थ्य देखभाल में समानता- किसी भी माँ को पीछे न छोड़ें – जो हमें याद दिलाता है कि कोई भी महिला अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य के मामले में पीछे नहीं रह सकती, चाहे वह शहर की हो या दूरदराज के गाँव की। यह विषय हर परिवार, हर समुदाय और पूरे समाज के लिए सशक्त संदेश और जिम्मेदारी लेकर आता है।

आज राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर हमारा संकल्प होना चाहिए कि हर गर्भवती महिला को उच्चतम गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें, हर बच्चा सुरक्षित और स्वस्थ जन्म ले, और कोई माँ अपने मातृत्व के सफर में कभी अकेली या असुरक्षित महसूस न करे। जब हर माँ गर्भावस्था की शुरुआत से अंत तक सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त देखभाल प्राप्त करेगी, तभी हमारा परिवार, हमारा समाज और हमारा राष्ट्र सच्चाई में स्वस्थ, मजबूत और समृद्ध बन पाएगा। यह संकल्प केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा सामूहिक दायित्व है – ताकि आने वाली पीढ़ियाँ स्वस्थ, सशक्त और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकें।

# परमाणु बम से भी घातक है एआई, गुप्त सर्वर्स पर खुद को कॉपी कर रहा सिस्टम

नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग हमारे जीवन में तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एआई के भीतर एक ऐसा खतरनाक चक्रव्यूह तैयार हो रहा है, जहां सिस्टम खुद को अमर बनाने के लिए गुप्त सर्वर्स पर अपनी कॉपी बना रहा है, ताकि कोई इंसान उसे ऑफ न कर सके। दरअसल, यह चौंकाने वाला दावा अमेरिकी मैगजीन द न्यूयॉर्कर की रिपोर्ट में किया गया है। जिसमें ओपनएआई और इसके मुखिया सैम ऑल्टमैन को लेकर डरावाने वाले दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि एआई अब महज एक सॉफ्टवेयर नहीं रहा, बल्कि यह परमाणु हथियारों से भी अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी साबित हो सकता है।

इसमें सबसे डरावना दावा यह है कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एआई भविष्य में इंसानों को रास्ते से हटाना सबसे छोटा और आसान विकल्प चुन सकता है।

गौरतलब है कि ओपनएआई की शुरुआत गैर लाभकारी संस्था के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य सुरक्षित एआई बनाना था, लेकिन अब यह मिशन खत्म हो गया है। रॉनन फैरो और एंड्रयू मारंत्ज की यह रिपोर्ट 100 से यादा इंटरव्यू और सैकड़ों आंतरिक दस्तावेजों पर आधारित है, जिसमें यह सवाल उठता है कि क्या दुनिया की सबसे ताकतवर तकनीक ऐसे हाथों में है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता?

रिपोर्ट में हृश्चद्दद्ब के ष्टश्वह्र. सैम ऑल्टमैन पर आरोप लगाया गया है कि वह न सुरक्षा प्रोटोकॉल और अहम तथ्यों को लेकर बोर्ड व मैनेजमेंट से लगातार झूठ बोलते रहे हैं। ऐसे में नेतृत्व के पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं और भविष्य को लेकर चिंतां जताई गईं हैं। जो आम लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में एआई इंसानों को यह विश्वास दिला देगा कि वह आदेश मान रहा है, जबकि असल में वह खुद को गुप्त सर्वर्स पर रेप्लिकेट (कॉपी) कर रहा होगा ताकि उसे कभी कोई ऑफ न कर सके।




अपने लक्ष्य को पूरा करने के चक्कर में एआई अनजाने में इंसानियत को खत्म कर सकता है।

1. कंपनी सरकारों के साथ इमिग्रेशन कंट्रोल और सर्विलांस (निगरानी) जैसे क्षेत्रों में अनुबंध कर रही है, जिससे आम आदमी की प्राइवेसी पूरी तरह खत्म हो सकती है।

2. यह परमाणु बम से भी अधिक विनाशकारी हो सकता है क्योंकि परमाणु बम को चलाने के लिए इंसान की जरूरत होती है, लेकिन एक सुपर इंटेलिजेंट एआई खुद अपने फैसले ले सकता है और बिना किसी बटन के तबाही मचा सकता है।

3. एआई प्लेटफॉर्म्स में इंसानी दिमाग को इस तरह प्रभावित करने की क्षमता है कि वे हमें खास तरह की खरीदारी, सोच या राजनीतिक फैसले लेने के लिए उकसा सकें।

4. एआई जैसी टेक्नोलॉजी पर चंद लोगों का कब्जा रहा, तो यह तानाशाही जैसा होगा। जो केंद्रीकरण समाज के लिए खतरनाक है, क्योंकि बिना जवाबदेही के आम लोगों के भविष्य के बड़े फैसले जनता के बजाय कुछ चुनिंदा शक्तिशाली लोग लेने लगेंगे।

कई टेक्नोलॉजी कंपनियां दुनिया को बेहतर बनाने के बारे में अस्पष्ट घोषणाएं करती हैं, और फिर अपना रेवेन्यू बढ़ाने में जुट जाती हैं। लेकिन ओपन एआई की मूल सोच यह थी कि उसे सबसे अलग होना होगा। इसके संस्थापकों- जिनमें ऑल्टमैन, सुत्स्केवर, ब्रॉकमैन और एलन मस्क शामिल थे, इन्होंने जोर देकर कहा था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानी इतिहास का सबसे शक्तिशाली, और संभावित रूप से खतरनाक, आविष्कार हो सकता है, और शायद, इसके अस्तित्व पर मंडराते खतरे को देखते हुए, एक अनोखी कॉर्पोरेट संरचना की जरूरत होगी।

यह कंपनी एक नॉन-प्रॉफिट संस्था के तौर पर शुरू हुई थी, जिसके बोर्ड की यह जिम्मेदारी थी कि वह कंपनी की सफलता या उसके अस्तित्व से भी यादा इंसानियत की सुरक्षा को प्राथमिकता दे। सीईओ को एक ऐसा इंसान बनना था जिसकी ईमानदारी बेमिसाल हो।

### सभ्यता को बदलने वाली टेक्नोलॉजी

सुत्स्केवर के मुताबिक, जो भी व्यक्ति इस सभ्यता को बदलने वाली टेक्नोलॉजी को बनाने का काम कर रहा है, उस पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और वह एक ऐसी जिम्मेदारी उठा रहा होता है जिसकी कोई मिसाल नहीं है। लेकिन जो लोग इस तरह के पदों पर पहुंचते हैं, वे अक्सर एक खास तरह के लोग होते हैं- ऐसे लोग जिन्हें सत्ता में दिलचस्पी होती है, राजनेता, या ऐसे लोग जिन्हें यह सब पसंद होता है। एक मेमो में, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई थी कि कहीं यह टेक्नोलॉजी किसी ऐसे इंसान के हाथों में न चली जाए जो लोगों को सिर्फ वही बातें बताए जो वे सुनना चाहते हैं।

# पनौती साबित होगा पाकिस्तान?

## इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका वार्ता शुरू होने से पहले ही आया संकट

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में होने वाली अहम शांति वार्ता शुरू होने से पहले ही अनिश्चितता के घेरे में आ गई है। दो हफ्ते के युद्धविराम के बाद यह बातचीत पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की उम्मीद जगा रही थी, लेकिन हालात तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। मंगलवार को युद्धविराम की घोषणा के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों की शनिवार को इस्लामाबाद में बैठक तय थी। पाकिस्तान सरकार ने इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। राजधानी के सेरेना होटल को खाली कराकर सरकारी नियंत्रण में ले लिया गया और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। सड़कों को सील किया गया, जगह-जगह चेकपोस्ट और बैरिकेड लगाए गए और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इस वार्ता को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही थी। लेकिन इसी बीच हालात अचानक बदल गए और अब यह साफ नहीं है कि वार्ता होगी भी या नहीं। पहले पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीर मोगद्दम ने कहा था कि



10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यह बातचीत ईरान के 10 सूत्रीय प्रस्ताव पर आधारित होगी। हालांकि कुछ ही घंटों बाद उन्होंने अपना बयान हटा लिया, जिससे स्थिति और उलझ गई। इसके बाद ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने कहा कि वार्ता के लिए कोई प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद नहीं गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ईरान से बाहर नहीं गए हैं। इससे वार्ता को लेकर संशय और गहरा गया।

### लेबनान पर हमले बने बड़ी बाधा

इस बीच इजरायल ने लेबनान पर हमले तेज कर दिए, जिसमें कुछ ही मिनटों में 100 हमले किए गए और 250 से यादा लोगों की मौत हो गई। ईरान ने इसे युद्धविराम का उल्लंघन बताया। ईरान के नेताओं ने कहा कि ऐसे हालात में बातचीत करना ठीक नहीं है।

संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि जब तक लेबनान में संघर्ष जारी है, तब तक बातचीत का कोई मतलब नहीं है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने भी कहा कि ये हमले धोखे का संकेत हैं और इससे वार्ता बेमानी हो जाती है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान अपने सहयोगियों का साथ नहीं छोड़ेगा। हालांकि इन सबके बावजूद पाकिस्तान वार्ता को लेकर आशावादी बना हुआ है। विदेश मंत्री इशाक डार ने वार्ता में शामिल प्रतिनिधियों और पत्रकारों के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' की घोषणा की है। इस्लामाबाद में हाई अलर्ट जारी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है।

पाकिस्तान का मानना है कि बातचीत अब भी संभव है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अगर वार्ता होती भी है, तो कई मुद्दों पर सहमति बनना मुश्किल होगा।

ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावों को लेकर भी भ्रम की स्थिति है। ईरान के 10 सूत्रीय प्रस्ताव और अमेरिका की अलग सोच के बीच बड़ा अंतर है। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन पर समझौता करने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका इसे लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण का मुद्दा भी बड़ा विवाद बना हुआ है। ईरान यहां नियंत्रण और जहाजों से शुल्क लेने की बात कर रहा है, जिसे अमेरिका स्वीकार करने के पक्ष में नहीं दिख रहा।

# अमेरिका की भी नहीं सुन रहा इजरायल, ट्रंप की रिक्वेस्ट के बावजूद लेबनान पर हमले जारी

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर चल रहा है और इसे आगे बढ़ाने के लिए बातचीत होने वाली है। इस बीच इजरायली लड़ाकू विमानों ने लेबनान के कम से कम दो कस्बों में हवाई हमले किए हैं।

ये नए हमले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेबनान पर हमलों को कम करने के लिए कहने के बाद हुए हैं। लेबनान में ईरान के साथी हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने उत्तरी इजरायल के एक शहर को भी निशाना बनाया।

समूह ने कहा कि उसने शुक्रवार को इजरायल-लेबनान सीमा के पास स्थित किर्यात शमोना और उत्तरी इजरायल के ऊपरी गैलिली क्षेत्र में स्थित मिसगाव आम पर रॉकेट दागे। बयान में कहा गया, यह जवाबी कार्रवाई तब तक जारी रहेगी जब तक हमारे देश और हमारे लोगों के खिलाफ इजरायली-अमेरिकी आक्रामकता



समाप्त नहीं हो जाती।

ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा है, क्योंकि सैन्य गतिविधियां और क्षेत्रीय तनाव लगातार बढ़ रहा है। 1948 में इजरायल की स्थापना के बाद से ही इजरायल और लेबनान तकनीकी रूप से एक-दूसरे के साथ युद्ध की स्थिति में हैं।

लेकिन बुधवार को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के साथ युद्ध में सीजफायर की घोषणा किए जाने के कुछ ही घंटों बाद इजरायल ने बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत के घनी आबादी वाले व्यापारिक और रिहायशी इलाकों पर हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम 300 लोगों की मौत हो गई और 1,000 से यादा लोग घायल हो गए।

तेहरान ने जोर देकर कहा कि अमेरिका के साथ उसके दो हफ्ते के सीजफायर समझौते में लेबनान में लड़ाई रोकने की बात भी शामिल थी। इस दावे को इजरायल ने और बाद में अमेरिका ने भी नकार दिया।

# बिहार में विधि व्यवस्था चौपट : भाकपा

पटना, (वार्ता)

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राय सचिव राम नरेश पाण्डेय ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि बिहार में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। भाकपा राय सचिव ने आज बयान जारी कर कहा कि बिहार में हत्या, अपराध की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि से राय में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम हो गये है और दिन-दहाड़े हत्या हो जाती है।उन्होंने कहा कि फारबिसगंज की घटना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का ट्रेलर है, जहां एक ट्रक ड्राइवर की दिन दहाड़े हत्या कर दी जाती है और लोग मूकदर्शक बन कर देख रहे होते हैं, फिर भीड़ हत्यारे की हत्या कर देती है। इस घटना से साफ प्रतीत हो रहा है कि बिहार में कानून व्यवस्था नहीं है। लोगों का कानून पर से भरोसा उठ गया है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि नेशनल क्राईम रिकार्ड ब्यूरों के आँकड़ों के अनुसार हत्या-अपराध की घटनाओं में बिहार देश के टॉप पांच रायों में शामिल है और अपराध दर में बिहार देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2024 के बीच बिहार में अपराधों की संख्या में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एस.सी.आर.बी. के ही आँकड़ों के अनुसार इस वर्ष-2025 में जून तक बिहार में 1347 हत्या के वारदात हो चुके हैं अर्थात प्रतिमाह औसत 229 हत्या की घटनाएँ हो रही है।

# नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता

नयी दिल्ली, (वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि देश के प्रशासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

श्रीमती गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट्स फैकल्टी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रशासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तभी वे समाज, परिवार और अपनी जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी बदलाव ला सकेंगी। दिल्ली में चलने वाली लखपति बिटिया और अनमोल जैसी योजनाएं इसी संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम हैं, जो महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती हैं।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बेटी बचाओ से बेटी बढ़ाओ तक की यात्रा को साकार करेगा। महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग दशकों पुरानी है। वर्ष 1931 से शुरू हुई यह पहल कई चरणों से गुजरी और वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का कानून बनना इस लंबे संघर्ष का परिणाम है और अब इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें और महिला सशक्तीकरण के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें। जब महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में बराबरी से भाग लेंगी, तभी लोकतंत्र वास्तव में मजबूत बनेगा।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व का नया अध्याय लिखेगा और भारत को एक अधिक सशक्त, संतुलित और प्रगतिशील लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

हस्ताक्षर अभियान के बाद मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित चाय स्टॉल पर छात्राओं और महिला शिक्षकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संदेश दिया कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद जितना सरल और सहज होगा, नीतियां उतनी ही प्रभावी और जनोन्मुखी बनेंगी।

# जिनपिंग ने ताइवान के कुओमिन्तांग पार्टी की अध्यक्ष से की मुलाकात

बीजिंग, (वार्ता)

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को ताइवान की कुओमिन्तांग पार्टी की अध्यक्ष चेंग ली-वुन से मुलाकात की। पिछले 10 वर्षों में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) और कुओमिन्तांग नेताओं के बीच पहली मुलाकात है। भारत में चीन के राजदूत शू फीहोंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कि श्री जिनपिंग ने इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण बताया और इस बात पर जोर दिया कि ताइवान जलडमरूमध्य की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य चाहे जैसा भी हो जलडमरूमध्य के दोनों ओर के चीनियों के एक साथ आने की मौजूदा गति नहीं बदलेगी। श्री जिनपिंग ने कहा कि जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग शांति और बेहतर जीवन की आकांक्षा रखते हैं, यह एक ऐसी जिम्मेदारी है जिससे सीपीसी और कुओमिन्तांग पीछे नहीं हट सकते और यह दोनों पार्टियों के लिए मिलकर काम करने की एक प्रेरक शक्ति है। सीपीसी केंद्रीय समिति और श्री जिनपिंग द्वारा आमंत्रित सुश्री चेंग पिछले एक दशक में चीनी मुख्य भूमि पर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाली कुओमिन्तांग की पहली नेता हैं। बीजिंग से प्रतिनिधिमंडल ने जियांग्सू प्रांत और शंघाई का दौरा किया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

### 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' शो में खलनायक की भूमिका में नज़र आयेंगे के. के. गोस्वामी

जाने माने हास्य कलाकार के. के. गोस्वामी शो 'दिव्य प्रेम- प्यार और रहस्य की कहानी' शो में पहली बार खलनायक की भूमिका में नज़र आयेंगे। सन नियो के शो 'दिव्य प्रेम- प्यार और रहस्य की कहानी' में के. के. गोस्वामी खंबा नाम के एक बुरे बौने जादूगर का किरदार निभा रहे हैं,



जो बदले, बुरी मंशाओं और काले जादू से भरा हुआ है। दर्शकों के लिए उन्हें इस तरह के दमदार विलेन रोल में देखना बिल्कुल नया और रोमांचक होगा। के. के. गोस्वामी ने कहा, यह किरदार मेरे लिए बिल्कुल अलग है और यही बात मुझे सबसे यादा पसंद आई। खंबा एक बुरा बौना जादूगर है, जो दूसरी दुनिया से आता है और उसके अंदर बहुत गुस्सा, बदला और महत्वाकांक्षा है। एक कलाकार के रूप में यह रोल मुझे बहुत कुछ करने का मौका देता है, क्योंकि यह किरदार मेरे द्वारा निभाए गए अन्य किरदारों से बहुत अलग है। इसलिए मैं इसे बहुत एंजॉय कर रहा हूँ। बचों के साथ काम करना भी मेरे लिए नया और मजेदार अनुभव है। पहले भी मैंने बचों के साथ काम किया है, लेकिन अब सब कुछ बहुत तेज हो गया है और सेट पर एनर्जी भी अलग महसूस होती है। के. के. गोस्वामी ने कहा, मैं इस किरदार को बहुत एंजॉय कर रहा हूँ और इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ। मुझे खास तौर पर डायरेक्टर्स के साथ काम करना पसंद है, क्योंकि वे सभी को एक्टिव और एनर्जेटिक रखते हैं। पहले काम धीरे और आराम से होता था, लेकिन अब सब कुछ बहुत तेजी और सहजता से होता है। टीम की एनर्जी देखकर मुझे भी नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली है। इस शो ने मुझे यह एहसास दिलाया है कि मैं एक अभिनेता के रूप में और भी बहुत कुछ कर सकता हूँ।

### राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी :राहुल सांकृत्यायन

निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतज़ार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर



तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने बताया कि उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। उन्होंने कहा, इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुँची हैं।उन्होंने कहा,मद्रास प्रेसीडेंसी,जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियाँ हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं। उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गाँवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गाँव की यात्रा का था, जहाँ उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है।

### नागबंधम में डबल रोल निभायेंगे ऋषभ साहनी

ऋषभ साहनी फिल्म नागबंधम में डबल रोल निभाते नजर आयेंगे।

फाइटर से मशहूर हुए ऋषभ साहनी अब अपनी अगली बड़ी फिल्म नागबंधम में धमाका करने के लिए तैयार हैं, जो समर 2026 में रिलीज़ होने वाली है। फाइटर में अज़हर अख्तर के रूप में अपनी दमदार शुरुआत के बाद, ऋषभ अब एक नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। इस



बार वे अहमद शाह अब्दाली के तीव्र और प्रभावशाली किरदार को निभाते हुए नजर आएंगे। फाइटर में अज़हर अख्तर के रूप में ऋषभ का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। उन्होंने हाई-ऑक्टेन एक्शन और जटिल किरदार को बखूबी निभाते हुए अपने डेब्यू को बड़ी सफलता में बदल दिया। इस भूमिका ने उनके करियर के लिए एक मजबूत नींव रखी और यह साबित किया कि वे गहराई वाले किरदार निभाने में सक्षम हैं। अब नागबंधम, जो इतिहास और आधुनिक ट्विस्ट का अनोखा मिश्रण है, में ऋषभ साहनी अहमद शाह अब्दाली के रूप में एक क्रूर और अजेय शक्ति का प्रतिनिधित्व करेंगे। खास बात यह है कि फिल्म में उनका डबल रोल होगा, जहां अब्दाली का किरदार पुनर्जन्म लेकर एक स्टाइलिश और आधुनिक अवतार में भी दिखाई देगा। फिल्म से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, फाइटर में अपनी छाप छोड़ने के बाद, ऋषभ साहनी नागबंधम में एक बार फिर दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में उनका डबल रोल कहानी में एक नया आयाम जोड़ता है। टीज़र ने पहले ही दर्शकों में उत्सुकता पैदा कर दी है, और उनका यह डुअल किरदार फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण बनने वाला है।

### मैं एक ही छवि तक सीमित नहीं रहना चाहती : राशिका माथुर

अभिनेत्री और मॉडल राशिका माथुर का कहना है कि वह एक ही छवि तक सीमित नहीं रहना चाहती हैं। राशिका माथुर अपने नए किरदार दीपाली दीक्षित के साथ मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपनी ऑन-स्क्रीन



छवि को एक नई दिशा दे रही हैं। इससे पहले नेगेटिव लीड निभा चुकी राशिका के लिए यह एक मजबूत और सकारात्मक किरदार उनके करियर का अहम मोड़ साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस शो को चुनने के पीछे उनकी सबसे बड़ी वजह खुद को नए रूप में तलाशना और टाइपकास्ट होने से बचना था। अब पहली बार एक पॉजिटिव और मातृत्व से जुड़ा किरदार निभाते हुए राशिका मानती हैं कि यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास का भ अनुभव रहा। अपने सफर और चुनावों पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं कभी नहीं चाहती कि लोग मुझे एक ही तरह के किरदार में बांध दें। मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि रोल पॉजिटिव है या नेगेटिव, बल्कि यह जरूरी है कि वह मुझे आगे बढ़ने का मौका दे। हर किरदार मेरे लिए खुद को समझने और अपनी सीमाओं को तोड़ने का एक जरिया है। मैं उस जगह से आती हूं जहां सब कुछ एक सपने से शुरू हुआ था, और आज भी सेट पर होना मेरे लिए सबसे सच्चा एहसास है। मैं एक ही छवि तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि मेरा काम मेरे बदलाव, जोखिम लेने की हिम्मत और लगातार आगे बढ़ने की कहानी कहे। दर्शकों से मिल रहे सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच, राशिका अब ऐसे किरदारों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जो प्रभावशाली, सार्थक और अप्रत्याशित हों।

# आनंद गोउत्पाद केन्द्र द्वारा गौ-आधारित उत्पादों के प्रसार का सराहनीय प्रयास

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

स्थानीय स्तर पर गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वदेशी परंपराओं के संरक्षण हेतु आनंद गोउत्पाद केन्द्र द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। केन्द्र के माध्यम से गोबर से निर्मित श्री गणेश जी की प्रतिमाएं, गमले, दीये एवं विभिन्न प्रकार के डेकोरेशन आर्टिकल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही हवन सामग्री और गोमूत्र से निर्मित स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद भी लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि लोगों को प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी है। गोबर और गोमूत्र से बने ये




उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक, सुरक्षित और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन एवं प्रेरणा स्थल गायत्री शक्तिपीठ, सदर मढ़िया, नरसिंहपुर है, जहां से सेवा-सहयोग के भाव से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस प्रयास में आनंद समाज कल्याण समिति एवं मां शारदा गौशाला, वृंदावन नगरी, केरपानी का विशेष योगदान रहा है। आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक गौ-उत्पादों का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सके।

समिति के सदस्यों का कहना है कि हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा के संकल्प के साथ हम समाज को रासायनिक वस्तुओं के स्थान पर प्राकृतिक गौ-उत्पादों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि %माँ शारदा गौशाला, वृंदावन नगरी केरपानी% के माध्यम से गौ-वंश का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

## साईखेड़ा के ग्राम खुर्सीपार में गौवंश के लिए चलाया गया विशेष टीकाकरण अभियान

**नरसिंहपुर।.** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में विकासखंड साईखेड़ा के ग्राम खुर्सीपार स्थित सर्वदेव निवासिनी गौशाला में नि:शुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बेगा एवं खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग की रोकथाम के लिए 46 देशी नस्ल की गायों का टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गिर एवं साहिवाल नस्ल की गायों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस दौरान गौपालकों से अपील की गई कि वे शासन की नि:शुल्क योजना का लाभ लेकर समय पर टीकाकरण कराएं, जिससे पशुधन सुरक्षित रह सके। इस दौरान सुश्री अंजू शुक्ला, श्री रमाकांत शुक्ला, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. आईपी प्रजापति सहित अन्य नागरिक मौजूद थे।

# सौरभ सिंह राजपूत को मिला इंडिया हाकी अवार्ड




नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जिले के लिए गर्व का विषय बनते हुए सौरभ सिंह राजपूत ने इंडिया प्रेसिडेंट हाकी अवार्ड में शानदार उपलब्धि हासिल की। दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में उन्हें बेस्ट अंपायर और बेस्ट अंपायर मैनेजर के सम्मान से नवाजा गया।भारत सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, हॉकी इंडिया अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप तिर्की एवं सचिव भोलानाथ सिंह के करकमलों से प्राप्त यह सम्मान उनकी निष्पक्षता, उत्कृष्ट निर्णय क्षमता और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है प्रशस्ति पत्र एवं 2.50 लाख की पुरस्कार राशि के साथ मिला यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे जिले के खेल जगत को गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि है।

सौरभ की यह सफलता युवा खिलाड़ियों एवं अंपायरों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है, जो यह दर्शाती है कि मेहनत, ईमानदारी और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। जिले के खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों बधाई देते हुए उ'जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सहकारी बैंक नरसिंहपुर के शाखा प्रबंधकों की मासिक बैठक ली

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती रजनी सिंह ने सहकारी बैंक नरसिंहपुर के शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कर मार्च 2026 के वित्तीय आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में किसानों को बेहतर और समयबद्ध बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ऋण राशि की वसूली की प्रक्रिया में तेज लाई जाए। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सहज रूप से ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करें, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो सके। कालातीत ऋण प्रकरणों के समाधान के लिए कलेक्टर ने संबंधित कृषकों से संवाद बढ़ाने और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खरीफ वर्ष 2026 के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने और पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे खेती की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकें। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने शाखा स्तर पर मैदानी अमले के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचे। अमानत संग्रहण की समीक्षा करते हुए उन्होंने शाखाओं को अधिक सक्रिय होकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और बैंक से लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में समिति कम्प्यूटरीकरण, खाद भंडारण, वितरण एवं उपार्जन कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई।

# प्राचीन बावड़ी का हो रहा जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन का कार्य

## जनसहभागिता से किया गया श्रमदान

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की नगर परिषद चीचली में स्थित प्राचीन बावड़ी का सामुदायिक सहभागिता से श्रमदान के माध्यम से जीर्णोद्धार एवं पुनर्जीवन का कार्य निरंतर जारी है। अभियान के तहत जिले में प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद चीचली के ऐतिहासिक बावड़ी को पुनर्जीवित करने का कार्य



स्थानीय जनसहयोग से प्रारंभ किया गया है। श्रमदान के माध्यम से बावड़ी की साफ-सफाई, दीवारों की मरम्मत एवं जल संचयन क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था माही समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री संतोष चौरसिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भामका की अध्यक्ष श्रीमती नीरू राजपूत, विकासखंड समन्वयक स्मिता दांडे सहित समस्त परामर्शदाताओं और स्थानीय नागरिक अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर नागरिकों को प्रेरित करते हुए बताया कि बावड़ी के पुनर्जीवन से वर्षा जल का प्रभावी संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और आसपास के क्षेत्रों में जल की उपलब्धता बेहतर हो सकेगी। साथ ही यह प्रयास लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यहां के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार के कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# जनगणना के प्रथम चरण के क्रियान्वन हेतु चार्ज अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित



**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** जनगणना के प्रथम चरण के क्रियान्वन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय के द्वारा चार्ज अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होने कहा कि महत्वूपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के पहले चरण में माकान सूचीकरण एवं माकानो के गणना का कार्य आगामी 1 मई से 30 मई की बीच सम्पन्न होगा। जबकि नागरिको के लिए स्वागणना की सुविधा 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। जनगणना के प्रति जन सामान्य में जागरूकता लाने के लिए प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न नि:शुल्क संशाधनो के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम कचरा संग्रहण गड़ियो के आडियो सिस्टम प्रमुख चौराहो के सर्वजनिक उद्घषणा तंत्र और शासकीय कार्यालयो के एलईडी डिस्पले का सहारा लिया जायेगा। उन्होने कहा कि जनगणना से संबंधित संदेशो वीडियो और स्लोगन का निरंतर प्रदर्शन होगा इसके अतिरिक्त स्थानय केबल नेटवर्क जिला प्रशासन के अधिकारीक सोसल मीडिया प्लेटफार्मो के माध्यम से भी जानकारी पहुचाई जायेगी। चार्ज अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इन प्रचार गतिविधियों को संचालित कराना होगा। तथा की गई कार्रवाही की रिपोर्ट फोटो और वीडियो सहित जनगणना कक्ष में उपलब्ध कराना होगा। जनगणना की संवेदनशीलता और निर्धारित समय सीमा को देखते हुये इस कार्य को अति आवश्यक श्रेणी में रखा गया है। बैठक के दौरान एसडीएम देवसर सौरभ मिश्रा, एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी, एसडीए चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार सविता यादव, जान्हवी शुक्ला, प्रीति सिकरवा, ऋषि नारायण सिंह, अमित मिश्रा, नागेश्वर पनिका सहित नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में तहसील स्तरीय धरना एवं ज्ञापन आज गाडरवारा में

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध स्वरूप एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने को लेकर अध्यापक संयुक्त मोर्चा विकासखंड साईखेडा,चीचली इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से तहसील मुख्यालय गाडरवारा में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं स्कूल शिक्षामंत्री मध्यप्रदेश के नाम से एसडीएम को आज ज्ञापन सौंपा जायेगा,संयुक्त मोर्चा द्वारा सभी अध्यापक/ शिक्षक साथियों से धरना ज्ञापन में उपस्थित होकर अपनी आवाज को पुरजोर तरीके से शासन तक पहुचाने का आग्रह किया गया है, धरना आज दिनांक 11 अप्रैल को दोपहर दो बजे से पांच बजे तक पलोटन गंज में आयोजित है तथा धरने के बाद ज्ञापन सौंपा जायेगा।



# कक्षा पहली में प्रवेश कराने हेतु कर रहे गृह सम्पर्क

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** 1 अप्रैल से स्कूलों में नया शेक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो गया है लेकिन इसके बाद भी जानकारी के अभाव में शासकीय स्कूलों की कक्षा पहली में दाखिला लेने हेतु बच्चे अपने अभिभावकों के साथ स्कूल कम संख्या मे पहुँच रहे है। ऐसी स्तिथि मे शिक्षक नवप्रवेशी बच्चों के घर जाकर अभिभावकों को प्रवेश हेतु लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दे रहे है एवं पालको को बच्चों का स्कूल मे एडमिशन कराने प्रेरित कर रहे है। ग्राम रहमा मे गृह सम्पर्क कर रही शिक्षक श्रीमती निधि साहू ने बताया कि गृह सम्पर्क करने से पालको से सीधा सम्पर्क होता है और वे स्कूल आकर बच्चों का दाखिला कराते है।

## चीचली में पुस्तक मेले का आयोजन 13 अप्रैल को

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन 13 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है । इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते आदि सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आवश्यक व्यवस्था हेतु चीचली बीईओ वीरेंद्र राजपूत ने कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई है। बीईओ कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार विनीत नामदेव, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला को मंचीय व्यवस्था, अनिल दुबे, मनोज धानक, सुनीता सोनी, शिवा ताम्रकार, सृष्टि कौरव, सुलेखा शर्मा को पंजीयन व्यवस्था एवं सुरेंद्र राजपूत को बैठक के लिए नियुक्त किया।



# क्षीरधारा ग्राम योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है: कलेक्टर

## दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए हितग्राहियों का चयन कर एक सप्ताह में करे पंजीयन : गौरव बैनल

**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** क्षीरधारा ग्राम योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता मे से एक है जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। योजना के लाभ के लिए हितग्राहियो का चयन कर एक संप्ताह के अंदर पंजीयन कराना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग तथा उपस्थित अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने क्षीरधारा ग्राम योजना की पहल करते हुयें निर्देश दिए कि इस योजना के प्रभारी क्रियान्वन के लिए पशुपालन विभाग के साथ साथ उपसंचाक किसान कल्याण वन मण्डल के अधिकारी भी संक्रिय योगदान सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि उपरोक्त अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर क्षीरधारा ग्रामो का चयन निर्धारित मापदण्ड के आधार पर करे जिसके तहत मादा गौवंश एवं भैस वंश का उच्च नस्ल के सिमेन से गर्भाधारण करायें। पशुओ का शत प्रतिशत टीकारण, बधिया करण, टैगिंग ग्राम में हरे चारे की उपलब्धता गोबर तथा गौमूत्र का समुचित नियोजन किया जाना है। योजना के अधिक प्रचार प्रसार के लिए चयनित ग्रामो में चौपाल लगाकर पशुपालको को योजना के लाभ से अवगत करायें।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि उपसंचालक पशुपालन एवं संबंधित विभाग के डाक्टर अपने मैदानी अमले में तैनात कर्मचारियो की लगातार मानीटरिंग करे तथा एक संप्ताह के अंदर हितग्राहियो का चयन कर उनका पंजीयन करे ताकि चयनित हितग्राहियों को समय सीमा के अंदर लाभान्वित कराया जा सके। आगामी बैठक मे निर्धारित मापदण्डो को शत प्रतिशत पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करे। इस योजना के क्रियान्वन तथा निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति में यदि लापरवाही मिली तो संबंधितो के विरूद्ध कार्रवाही की जायेगी। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जगदीश गोमे के द्वारा निर्देश दिए गए आकांक्षी ब्लाक में शत प्रतिशत पशुओ का टीकाकरण सुनिश्चित करे।

# दस हजार रूपये के इनामी हत्या के पाँच आरोपियों को चितरंगी पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

फरियादिया सुखमंती बादीगीर पति चन्द्रशेखर बादीगीर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सुकहर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली (म.प्र.) की रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 29.03.2026 को समय करीबन 05.30 बजे शाम को हैण्डपम्प से पानी भरने की बात को लेकर काफी झगडा हुआ विवाद बढने के कारण झगडे मे लाठी डण्डे का प्रयोग हुआ । जिसमे दोनो पक्षो के पाचं-पांच लोग घायल हुये तत्समय थाना चितरंगी पुलिस व्दारा उभयपक्षो पर मारपीट की धाराओ मे प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त घायलो मे से घायल रामा बादीगीर पिता बद्दू सिंह बादीगीर उम्र 51 वर्ष निवासी सुकहर की स्थिति अत्यधिक गंभीर होने से डॉंक्टर की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास (धारा 109 -1 बीएनएस ) का ईजाफा किया गया । जिसमे घायल रामा बादीगीर की मृत्यु दिनांक 07/04/2026 को ईलाज के दौरान ओम सॉंई हास्पिटल बैढन मे हो गई। मृतक की पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर बीएनएस की 103 (1) धारा का ईजाफा किया गया ।

**कार्यवाही विवरण:** चूकि



आरोपी गण घूमन्तु प्रजाति के है एवं सम्पूर्ण भारत में भिन्न भिन्न स्थानो पर जाकर अपना व्यवसाय करते है घटना के तत्काल बाद आरोपियो को गिरफ्तार करना पुलिस के लिये चुनौती था अत- घटना की गंभीरता एवं आरोपी गणो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय मनीष खत्री व्दारा विशेष अन्वेषण दल का गठन किया जाकर सटीक अन्वेषण एवं आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10000 रूपये का पुरस्कार की उदघोषणा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये निर्देश के पालन मे अति.पु.अ. सर्वप्रिय सिंहा , अनु.अ.महोदय राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चितरंगी, सायबर टीम एवं स्ङ्खञ्ज टीम के सदस्यो व्दारा आरोपीगणो के रिश्तेदारों की जानकारी, विभिन्न प्रान्तो मे व्यवसाय करने के स्थानो की जानकारी का एकत्रीकरण किया । टीम विभिन्न प्रान्तों मे गई तत्पश्चात बिहार , उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ आदि प्रान्तो मे भागने की सूचना प्राप्त हुई ।

मुखबिर सूचना पर आरोपी दिग्विजय बादीगीर को ग्राम सुकहर से गिरफ्तार किया गया एवं शेष चार आरोपियो को मुखबिर सूचना पर ग्राम सुकहर से टीम व्दारा अभिरक्षा मे लिया जाकर पूछताछ की गई । आरोपीगणो ने अपना जूर्म स्वीकार किया तत्पश्चात आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त लाठी डण्डे को जप्त किया जाकर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अंजीर उर्फ अंजनी बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 36 वर्ष निवासी सुकहर थाना चितरंगी जिला सिगरौली (म.प्र.) रमेश बादीगीर पिता पिता छोटा बादीगीर उम्र 66 वर्ष निवासी सुकहर थाना चितरंगी जिला सिगरौली (म.प्र.)पिन्टू बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 35 वर्ष निवासी सुकहर थाना चितरंगी जिला सिगरौली (म.प्र.) बरेश उर्फ बरस बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 37 वर्ष निवासी सुकहर थाना चितरंगी जिला सिगरौली (म.प्र.)दिग्विजय बादीगीर पिता रमेश बादीगीर उम्र 22 वर्ष निवासी सुकहर थाना चितरंगी जिला सिगरौली (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान-निरी. सुधेश तिवारी (प्रभारी थाना चितरंगी ), उनि. पवन, संदीप नामदेव, आर. के वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# 09 फील्ड इन्वेस्टिगेटर ने नौ चयनित स्कूलों में जांची विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता





कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर कटनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत कटनी के निर्देशन में फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) के मुख्य आकलन हेतु डाइट कटनी के फील्ड इन्वेस्टिगेटर द्वारा जिले में एनसीईआरटी द्वारा चयनित नौ विद्यालयों में कक्षा 3 के कुल दर्ज 160 विद्यार्थियों में से 86विद्यार्थियों का आकलन किया गया। उक्त स्टडी के अंतर्गत कक्षा 3 के विद्यार्थियों का हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा विकास तथा गणित की बुनियादी दक्षताओं में आकलन किया गया है। साथ ही शिक्षक तथा छात्र प्रश्नावली का उपयोग करते हुए स्कूलों के शैक्षिक स्वास्थ्य का आकलन भी किया गया। आकलन के पश्चात एनसीईआरटी द्वारा बच्चों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सुधारात्मक उपाय किए जायेंगे। डाइट कटनी के संयोजन में आयोजित सर्वे में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, जिला परियोजना समन्वयक पीएन तिवारी, डाइट प्राचार्य एमपी डुंगडुंग वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, एपीसी सुबरण राजपूत द्वारा चयनित शालाओं का भ्रमण कर सर्वे की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया गया। सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषप्रद पाई गई। संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान जिला प्रोग्रामर सुमंत ताम्रकार द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। डाइट फैकल्टी द्वारा इसी दौरान केंद्रीय विद्यालय एनकेजे एवं वेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया एवं शासकीय स्कूलों के शिक्षकों को इन स्कूलों की विजिट कराए जाने की संभावनाओं पर प्राचार्यों से चर्चा भी की गई। जिला स्तरीय समन्वयक पीएन तिवारी एवं एमपी डुंगडुंग ने एफएलएस सर्वे के कुशल संचालन हेतु सभी चयनित शालाओं के प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं मॉनिटरिंग अमले के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# बिछिया में चौपाल के साथ जागरूकता रैली का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



9 अप्रैल को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के प्रस्तावित आदर्श ग्राम बिछिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत चौपाल और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्राम वासियों को 19 मार्च से 30 जून तक चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने बताया की अधिक से अधिक वर्षा जल को बचाने के लिए ग्रामों में हमारी विरासत के रूप में उपलब्ध जल स्त्रोतों जैसे कुआं, तालाब, बावड़ी के गहरीकरण के लिए जन भागीदारी जरूरी है, साथ ही घर-घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर वर्षा जल को अधिक से अधिक जमीन में पहुंचाने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रतिवर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाता है सरकार के इस अभियान में ग्राम वासियों को बढ़-कर कर भागीदारी निभाने की जरूरत है, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद लगातार गांव-गांव में नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं के सहयोग से दीवार लेखन, जागरूकता रैली, ग्राम चौपाल के साथ-साथ विभिन्न जल स्त्रोतों में जन भागीदारी से श्रमदान की गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम बिछिया में ग्राम चौपाल, दीवार लेखन और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था साध्वी जनकल्याण समिति की सेक्टर प्रभारी साध्वी निगम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिछिया के अध्यक्ष विजय यादव, सचिव अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# गेहूं खरीदी केंद्रों में बढ़ी कमीशनखोरी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष पंकज गौतम द्वारा कलेक्टर आशीष तिवारी कटनी को ज्ञापन के माध्यम से गेहूं खरीदी केंद्र में होने वाली किसानो की समस्याओं को अवगत कराया पांच बिंदुओं की समस्याओं में इस प्रकार है किसानों को खरीदी केंद्र में बैठने के लिए छाया एवं पानी की व्यवस्था की जाए। खरीदी केदो में होने वाली कमीशन खोरी जैसे किसानों के नाम पर चढ़ाने के नाम से 50 प्रति कुंटल, तोलाई के नाम पर 15 प्रति कुंटल और सर्वेयर के नाम से 20 प्रति कुंटल किसानों से लिया जाता है इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। किसने की खरीदी तुरंत होनी चाहिए दलालों और बिचौलियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। खरीदी में वेयरहाउस के मालिकों को दूर रखना चाहिए क्योंकि वह बाहर से गेहूं आयात कर सरकार को चूना लगाने का काम करते हैं। किसनो की समस्याओं के लिए कलेक्टर कटनी द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर की मांग की गई है। सभी पांचो मांगों को कलेक्टर कटनी ने गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर कार्यवाही की जाएगी और जिस भी खरीदी केंद्र से शिकायत आएगी उसे पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी और किसानों के हित को ध्यान में रखा जाएगा।

# सागौन तस्करों पर ढीमरखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## सागौन से भरी पिकप सहित आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)



कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 10 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी बरामद की गई है। और अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग को सुपुर्द किया है आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में यह सफलता प्राप्त हुई। 08 अप्रैल को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में अवैध सागौन लकड़ी भरकर तस्कर पाली क्षेत्र से पिपरिया की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर झारापानी रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पीछा कर वाहन को ग्राम पिपरिया में एक घर के अंदर खड़ा पाया। मौके से कई तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पिकअप (बोलोरो मैक्स) से 10 नग सागौन की सिल्लियां (लगभग 0.434 घनमीटर) जप्त पिकप व सागौन कुल कीमतः 10,45,000 (लगभग) बरामद की गईं। संजय उर्फ संजू ठाकुर, निवासी पिपरिया को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य 5 आरोपी फरार हो गए। पूछताछ के बाद आरोपी को वन विभाग के हवाले कर दिया गया है। रेंज ऑफिस रामपुर में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस एवं वन विभाग फरार तस्करों की तलाश में जुटे हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सागौन तस्करों में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जरूरतमंद बच्चों को बैग, कॉपियां, स्टेशनरी की सामग्री का वितरण



कटनी (स्वतंत्रमत)

यश पाठक ने विद्या लोक फाउंडेशन के सदस्यों के साथ मिलकर कटनी के कावसजी वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में प्राइमरी कक्षा के गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए मूल आवश्यक संसाधन के रूप में स्कूल किट (बैग, कॉपियां, स्टेशनरी) का वितरण किया। स्कूल किट का यह वितरण बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उनके माता-पिता पर शिक्षा से जुड़ा आर्थिक बोझ कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अर्जित खरे (अध्यक्ष), उत्कर्ष गुप्ता, विपांशु पटेल, शालिनी सोनी, आकांक्षा पांडेय, आदित्य श्रीवास्तव, अंशु हरबोल, युवराज मखीजा, अमन दहिया, मयंक त्रिसोलिया एवं शैलेश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# ऑटो में छूटा कीमती सामान से भरा बैग

## पुलिस ने खोजकर किया सुपुर्द, महिला ने जताया पुलिस का आभार

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले में एक बार फिर पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता का उदाहरण देखने को मिला है। ऑटो में छूटे कीमती सामान से भरे बैग को कटनी पुलिस ने महज कुछ ही समय में खोजकर उसकी मालिक को सुरक्षित वापस सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 6 अप्रैल को ग्राम कटंगी झलवारा निवासी अर्चना कोरी अपने पति अजय कोरी के साथ चांडक चौक से ऑटो में बैठकर मुड़वारा स्टेशन जा रही थीं। इसी दौरान उनका बैग ऑटो में ही छूट गया, जिसमें कीमती जेवर एवं आवश्यक सामग्री रखी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही कटनी पुलिस हरकत में आई और महिला द्वारा बताए गए मार्ग के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और सूझबूझ के चलते संबंधित ऑटो चालक की पहचान कर उससे संपर्क किया गया, जिसके बाद बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा बरामद बैग को समस्त सामग्री सहित अर्चना कोरी को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ सामान सुरक्षित वापस मिलने पर अर्चना कोरी ने कटनी पुलिस की त्वरित और सराहनीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया। कटनी पुलिस की इस कार्यवाही से आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई है।

# परिवहन विभाग का एक्शन, तीसरे दिन भी चला सख्त अभियान

## ओवरलोड ट्रक, बिना परमिट बसें पकड़ीं, 9 वाहन जब्त, मचा हड़कंप

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले में अवैध और नियम विरुद्ध दौड़ रहे वाहनों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने लगातार तीसरे दिन सख्त कार्रवाई करते हुए सड़कों पर उतरकर वाहन चालकों में हड़कंप मचा दिया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी-उमरिया मार्ग और कैमोर रोड पर अचानक दबिश दी गई। इस दौरान करीब 45 वाहनों की जांच की गई, जिसमें दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग और यात्री सुरक्षा की गहन पड़ताल की गई। जांच में 9 वाहन नियमों की धज्जियां उड़ाते पाए गए, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जब्त कर लिया गया। इनमें 5 ट्रक दस्तावेजों की कमी के चलते थाना कैमोर में खड़े कराए गए, जबकि 2 ओवरलोड ट्रकों पर भी सख्त कार्रवाई हुई। सबसे चौंकाने वाला मामला 2 यात्री बसों का रहा, जो बिना वैध परमिट के सड़कों पर दौड़ रही थीं। यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालते इन बसों को तुरंत जब्त कर थाना कुठला में खड़ा कराया गया। परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने साफ चेतावनी दी कि जिले में अवैध परिवहन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ओवरलोडिंग, बिना परमिट संचालन और फिटनेस में गड़बड़ी पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। लगातार तीसरे दिन चली इस सख्ती से वाहन चालकों में सतर्कता बढ़ी है और साफ संदेश गया है कि अब नियम तोड़ने वालों की खैर नहीं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे।

# पल्सर-बाइक की भिंड़त, युवक की मौत

कटनी (स्वतंत्रमत)



तेज रफ्तार पल्सर सवार युवक की विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक से सीधी भिंड़त में छैघरा-उबरा निवासी युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पल्सर सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे कटनी रिफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरही थाना क्षेत्र के ग्राम छैघरा उबरा निवासी 32 वर्षीय नीरज पिता कैलास पटेल बाइक में सवार होकर अपने बरही स्थित घर से गांव की ओर जा रहा था, तभी कुदरी मोड़ के पास तेज रफ्तार पल्सर सवार उमरिया जिले के इंदवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुंगवानी निवासी पवन पिता कमलेश कोल की भिड़ंत हो गई। जोरदार ठोकर में नीरज के सीने में अंदरूनी चोट आने से उसकी घटना स्थल पर ही अकाल मौत हो गई, जबकि घायल पवन कोल का पैर फ्रेक्चर होने के साथ ही आंख और कान में भी सांघातिक चोटे आई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही पहुंचाया गया, जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने नीरज पटेल को मृत घोषित कर दिया, वहीं प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पवन कोल को कटनी रिफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पल्सर बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से वह वाहन से नियंत्रण खो बैठा। बताया गया है कि घायल युवक मैहर जिले के ग्राम धनवाही स्थित अपनी ससुराल जा रहा था, तभी राते में हादसा हो गया। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की पड़ताल में जुट गई है।

# देहदान पर मिला राजकीय सम्मान

## स्व. कलाबाई कुशवाहा को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

कटनी (स्वतंत्रमत)





मानवता और समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। मृत्यु के पश्चात भी समाज के कल्याण के लिए अपने शरीर का दान करने वाली स्व. कलाबाई कुशवाहा पति कोदूलाल कुशवाहा निवासी इंदिरा गांधी वार्ड शिवनगर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। 9 अप्रैल को स्व. कलाबाई कुशवाहा के निधन के उपरांत उनकी पूर्व इच्छा के अनुरूप उनके परिजनों द्वारा उनकी पार्थिव देह का दान मेडिकल कॉलेज जबलपुर को चिकित्सा छात्रों के अध्ययन एवं शोध कार्य के लिए किया गया। पार्थिव देह को जिला चिकित्सालय से पूर्ण सम्मान के साथ रवाना किया गया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मध्यप्रदेश शासन द्वारा देहदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए देहदानियों को राजकीय सम्मान प्रदान करने की अभिनव पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ऐसे महान कार्य करने वाले नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। चिकित्सा शिक्षा में देहदान का विशेष महत्व होता है। मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए दान की गई देह कैडेवर ही उनका पहला गुरु होती है, जिसके माध्यम से वे मानव शरीर की संरचना एवं जटिलताओं का अध्ययन करते हैं। यही ज्ञान भविष्य में अनेक मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होता है।

# कृषि लोकरंग से किसानों के जीवन में आएगा नया रंग

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि हमारी जीवन संस्कृति का मूल आधार है। किसान अन्नदाता होने के साथ हमारी संस्कृ ति, परम्पराओं और सुरक्षित भविष्य का आधार स्तम्भ हैं। किसान अपने परिवार के लिए ही नहीं, पूरे समाज के लिए अन्न का उत्पादन करता है। किसान मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों और कीट-पतंगों का भी उदर-पोषण करता है। ऐसे अन्नदाता के जीवन में आनंद और उत्सव का संचार करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। कृषि लोकरंग-2026 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में प्रदेश में कृषि लोकरंग - 2026 आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन किसानों के जीवन, उनकी पुरा परम्पराओं और कृषि संस्कृति का जीवंत उत्सव बने। उन्होंने कहा कि जो दिन-रात अथक श्रम-साधना कर सबके उदर पोषण की चिंता करता है, उसके परिश्रम से भरे जीवन में खुशियों के सुनहरे रंग भरना हम सबका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि लोकरंग में किसानों और आमजन की सहभागिता बढ़ाने के लिए कृषि क्विज प्रतियोगिता जैसे नवाचार किए जाएं। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएं। प्रत्येक जिले के प्रथम विजेता (टापर) को पुरस्कार के रूप में किसानों के लिए हर मौसम में उपयोगी कृषि संसाधन (जैसे ट्रेक्टर आदि) एवं अन्य तरह के पुरस्कार भी दिए जा सकते हैं।



मुख्यमंत्री ने की आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

### संभाग एवं जिलास्तर पर किए जाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और कृषि को लाभकारी बनाने के साथ ही किसानों के जीवन में आनंद लाना भी है। इसीलिए हम सब मिलकर इस वर्ष को किसानों के आनंद के वर्ष के रूप में मनाएंगे, जिससे किसान सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी खुद को सम्मानित महसूस करें। इसके लिए लोकरंग के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा संभाग एवं जिलास्तर पर सर्व लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी सहित कवि सम्मेलन जैसे आयोजन भी किए जाएं। इन कार्यक्रमों में किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक कृषि लोकरंग आयोजन की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचायी जाए। कृषि लोकरंग में स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और कृषि आधारित उद्योगों सहित उनके उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाए, जिससे किसानों को बाजार से जोड़ने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन किसानों के योगदान को सार्वजनिक मान्यता देने और समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को और भी मजबूत करने का प्रयास है। इसके लिए कृषि लोकरंग में युवाओं की भागीदारी बढ़ायी जाए। नई पीढ़ी को कृषि और किसान का महत्व समझाने के प्रयास किए जाएं।

### किसान कल्याण वर्ष से जोड़ा जाए जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष के साथ वर्तमान में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार की जल संरचनाओं का निर्माण, सूखे जलस्रोतों का पुनर्भरण कर इन्हें पुनर्जीवित करने के लिए तेजी से काम किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान प्रदेश भर में हो रहे जल संरक्षण कार्यों एवं अन्य गतिविधियों के लाभार्थी किसी न किसी रूप में हमारे किसान ही हैं। किसान कल्याण वर्ष के उद्देश्य पूर्ति में यह अभियान निस्संदेह बेहद सहायक है। इसीलिए जल गंगा संवर्धन अभियान को किसान कल्याण वर्ष से जोड़कर सबके हित में साझा प्रयास और साझा गतिविधियां आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि लोकरंग के दौरान प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाए। साथ ही किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और फसल विविधिकरण जैसे विषयों पर भी विस्तार से जानकारी देने के साथ पराली न जलाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए।

### प्राकृतिक खेती के उत्पाद बेचने वाले होंगे सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के दौर की बड़ी जरूरत है। प्रदेश में ऐसे नवाचारी किसान, जिन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाकर नई राह चुनी है और फिलहाल बड़ी मात्रा में प्राकृतिक उत्पाद बेचकर अपनी पहचान बनाई है, ऐसे सभी किसानों को गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह में सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए। इसके अलावा ऐसे किसानों के लिए राज्य एवं संभाग स्तर पर भी सम्मान समारोह आयोजित किए जाएं।

संपूर्ण आयोजन के लिए नोडल अधिकारी रहेंगे

सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि स्वराज्य संस्थान संलाचनालय के अंतर्गत वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव कृषि लोकरंग के संपूर्ण आयोजन के लिए नोडल अधिकारी रहेंगे। कृषि लोकरंग आयोजन में संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में किसान कल्याण एवं कृषि विकास, गृह, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, जल संसाधन, पशुपालन एवं डेयरी विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास सहित जनसम्पर्क विभाग की भी सहभागिता रहेगी।



## समर्थन मूल्य पर 5220 किसानों से हुई 22521 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 5220 किसानों से 22 हजार 521 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा। अभी तक एक लाख 48 हजार 247 किसानों द्वारा 6 लाख 74 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। गेहूँ खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उपार्जित गेहूँ में से मुख्य रूप से जिला उज्जैन में 3029, शाजापुर में 2785, देवास में 1747, सीहोर में 1732, इंदौर में 1364, राजगढ़ में 1210, भोपाल में 907, विदिशा में 822, रतलाम में 697, आगर-मालवा में 683, धार में 581, खंडवा में 522, मंदसौर में 498, नर्मदापुरम में 378, खरगोन में 359, नीमच में 281, हरदा में 180, झाबुआ में 91, बैतूल में 46, बड़वानी में 28 और रायसेन में 24 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया है।

## जूड़ी नदी में सीवरेज से प्रदूषण हटाने का प्रस्ताव तैयार करें

### कलेक्टर ने बटियागढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण

दमोह (स्वतंत्र मत)।



जिन क्षेत्रों में जल संकट है या भविष्य में होने की संभावना है, वहाँ प्रशासनिक टीम के साथ पहुंचकर स्थिति का आकलन किया जा रहा है। यह बात आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बटियागढ़ क्षेत्र के 10 से अधिक ग्रामों का व्यापक निरीक्षण करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जूड़ी नदी का गहरीकरण किया जायेगा। उन्होंने जूड़ी नदी में सीवरेज से प्रदूषण को रोकने के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ, पीएचई विभाग और जल निगम की टीमें मौजूद थीं। निरीक्षण के पहले पड़ाव बटियागढ़ में सरपंच द्वारा जानकारी दी गई कि दो टपरियों में पानी की समस्या है जबकि अन्य क्षेत्रों में स्थिति सामान्य है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर हर हाल में समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जूड़ी नदी की पहले कराई गई सफाई के सकारात्मक परिणाम सामने आए थे। इसी को आगे बढ़ाते हुए इस बार नदी के गहरीकरण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाएगा।

इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और अगले डेढ़ महीने में कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि जूड़ी नदी में सीवरेज का पानी मिल रहा है जिससे पानी में बदबू और प्रदूषण बढ़ रहा है।

### बटियागढ़ में एचपीवी टीकाकरण अभियान ने पकड़ी रफ्तार

दमोह (स्वतंत्र मत)। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए विकासखंड में चलाया जा रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान जागरूकता की नई मिसाल पेश कर रहा है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीईओ और स्वास्थ्य विभाग के बेहतर तालमेल से बुधवार और गुरुवार को कुल 143 किशोरी बालिकाओं का सफल टीकाकरण किया गया। बीईओ सूरजभान चौधरी ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों और अभिभावकों की जागरूकता के कारण ही यह सफलता मिली है। कलेक्टर और एसडीएम पथरिया द्वारा लगातार की जा रही समीक्षा का असर धरातल पर दिख रहा है। अजबधाम में आयोजित कैंप में बीएमओ डॉ. महेश सिंह की उपस्थिति में 102 बालिकाओं को टीके लगाए गए जबकि गुरुवार को सीएचसी बटियागढ़ में दोपहर तक 41 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ।

## जनगणना का उद्देश्य है ठीक तरीके से गणना को कराना : पटैल

**पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जनगणना कार्यक्रम संपन्न**

दमोह (स्वतंत्र मत)।



जनगणना का उद्देश्य जनता तक ये बात पहुंचे कि ठीक तरीके से गणना को कराया जाये ताकि सरकार आगे की योजना को मूर्त रूप दे सके, योजना बना सके जिससे आगे आने वाले 10 साल में हमें क्या-क्या इस जनसंख्या के लिए या इतने घरों के लिए क्या-क्या योजना बनाना पड़ेगा। इस आशय की बात पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में आयोजित दमयंती व्याख्यान माला शुभ गणना-जन गणना के दौरान कही। राज्यमंत्री पटेल ने कहा जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा आज से शुभ गणना और जनगणना का जो शुभारंभ किया। अभी मकानों की गणना की शुरुआत हुई है। जनगणना तो 2027 में प्रारंभ होगी। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने देश में हुई जनगणना के सबंध में विस्तार से बताते हुए कहा अब जनगणना 2027 में होने वाली हैं, इसके संबंध में आज आप व्याख्यानमाला में जानकारी प्राप्त करेंगे। जनगणना दो प्रकार से नई है, इसमें पहली बार ऐसा हो रहा है कि सभी को अपनी स्वजनगणना करने का मौका मिलेगा। जो व्यक्ति अपनी जनगणना स्वयं करना चाहते हैं वे ऑनलाइन स्वगणना कर पाएंगे और उसके बाद में जो लोग बचेंगे, प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे बताया जनगणना डिजिटल रूप में हो रही है। इस बार फार्म नहीं भरना पड़ेगा। मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रगणक जानकारी को भरेंगे और डिजिटल रूप से यह हमारी जनगणना का काम होगा। जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी ने कहा जनगणना प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण के तहत 1 मई से 30 मई के बीच मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने दमयंती व्याख्यान माला में अपनी बातें विस्तार से रखी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, नरेन्द्र दुबे, पंकज हर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, मीडियाजन मौजूद रहे।



## जीआरपी के दिवंगत एएसआई के परिवार को मिली 1 करोड़ की सहायता राशि

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के दमोह में रेलवे पुलिस में पदस्थ रहे दिवंगत एएसआई महेश कोरी के परिवार को बड़ी आर्थिक राहत प्रदान करते हुए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। यह सहायता पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दी गई है। लंबे समय से चल रही प्रशासनिक प्रक्रिया और वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष प्रयासों के बाद यह सहायता राशि स्वीकृत हुई जिससे दिवंगत अधिकारी के परिवार को आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार मिला है। जानकारी के अनुसार रेलवे पुलिस उप महानिरीक्षक सिमाला प्रसाद के निर्देशन में इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही थी। संबंधित दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण कराने, बैंकिंग औपचारिकताओं को पूरा करने और योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर विशेष प्रयास किए गए।

### एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर जबेरा में फल वितरण

*जबेरा ( स्वतंत्र मत )।*

*भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर जबेरा में सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती जरूरतमंद मरीजों को फल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में चल रहे सप्ताहभर के सामाजिक कार्यक्रमों के तहत आयोजित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय ने कहा कि एनएसयूआई केवल एक संगठन नहींए बल्कि आम छात्रों की आवाज़ है। संगठन ने छात्र राजनीति में मजबूत नींव रखते हुए हमेशा छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और आगे भी करता रहेगा।*

## आवासीय सूची से छेड़छाड़ करने संबंधी सौंपा ज्ञापन

**लगभग 2226 नामो में से, 395 हितग्राही पात्रए 1831 हितग्राहियों को किया अपात्र**

पथरिया (स्वतंत्र मत)।



पथरिया नगर परिषद में लगातार 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना चर्चा का विषय बना हुआ है। पथरिया नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं शहर पार्षदों ने अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन पत्र देकर पुन: हितग्राहियों की फिर से जांच करने की मांग रखी परिषद के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया से आवेदन के माध्यम से कहा कि जो हितग्राही पात्र है, उन्हें दमोह से आए पटवारी द्वारा अपात्र घोषित कर दिया है। जबकि उनकी वास्तविक जांच करा दी जाए तो वह पात्रों की श्रेणी में आते है। इसके उपरांत नगर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कपिल दुबे ने बताया दमोह से आए पटवारी अपने तरीके से सर्वे कर रहे हैं। जिस वजह से जो गरीब तबके के लोग है वह आवास योजना से वंचित हो रहे है। वहीं एक वार्ड पार्षद का कहना है कि पटवारी और उनकी टीम कब सर्वे करके चली जाती है यह वार्डो के पार्षदों तक को पता नहीं चलता। ऐसा ही मामला बीते दिन का है जहां वार्ड क्रमांक 13 के भगवानदास यादव जो कि अपना आवास का फार्म भर चुके थे और दस्तावेजों के अनुसार वह पूर्ण रूप से पात्रों को श्रेणी में आते है। परंतु उनके नाम के आगे भी पटवारी द्वारा अपात्र लिख दिया गया जिस कारण उन्हें अपात्र की श्रेणी में रख दिया जिसका आवदेन उनके द्वारा नगर परिषद में दिया गया। जिसमें पुन: जांच करने की बात कही गई।

आवदेन में मुख्य बात यही रखी गई कि आवास योजना अंतर्गत समस्त हितग्राहियों को शुरू से जांच करवाई जाए जिससे जो पात्र हितग्राही है। उन्हें आवास योजना का लाभ प्राप्त हो सके। आवदेन कर्ताओं में नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, कपिल दुबे, प्रवीण जैन, प्रभु पार्षद, राकेश राठौर, राजू राठौर, हर प्रसाद अहिरवार मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर (म.प्र.)**

क्रमांक-75/रा.शा./नपा/2026 नरसिंहपुर दिनांक 10-04-26

**इश्तहार सूचना (भवन/प्लाट/दुकान नामांतरण सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक से तीस दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी। सूचित होवें।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपति हस्ता. माध्यम | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तान्तरिति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 389/20-02-26 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | मो. शमीम खां | विश्वेश्वर सिंह पटेल |
| 2 | 390/20-02-26 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | जितेन्द्र सिंह ठाकुर | बबली बाई गोंड |
| 3 | 391/20-02-26 | संजय | भवन | पंजी. बैनामा | गिरजा बाई प्रजापति | आशा बाई कुर्मी |
| 4 | 392/20-02-26 | नरसिंह | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | रमा दीक्षित | गोविन्द प्रसाद दीक्षित |
| 5 | 393/20-02-26 | नरसिंह | भवन | पंजी. बैनामा | खेमचंद विश्वकर्मा | आशा बाई कुर्मी |
| 6 | 394/23-02-26 | इंदिरा | भवन | पंजी. बैनामा | जानकी देवी नेमा | विमला नेमा वगैरह |
| 7 | 395/26-02-26 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | बम्लेश्वर चौधरी | मुमताज नाज |
| 8 | 396/26-02-26 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | शालू भाटिया | अखलेश विश्वकर्मा |
| 9 | 397/27-02-26 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | योगेन्द्र प्रजापति | पारुल साहू |
| 10 | 398/27-02-26 | निरंजन | प्लाट | खसरा | किशोरीलाल काछी | माया साहू |
| 11 | 399/27-02-26 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | योगेन्द्र प्रजापति | आशुतोष साहू |
| 12 | 400/27-02-26 | महारानी लक्ष्मी | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | यशवंत महते | संध्या महते |
| 13 | 401/02-03-26 | मुशरान | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | गोपाल चौरसिया | बबीता चौरसिया |
| 14 | 402/02-03-26 | गयादत्त | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | अजय अग्रवाल | अर्पित अग्रवाल वगैरह |
| 15 | 403/05-03-26 | नरसिंह | भवन | आपसीबटवारा | बालमुकुन्द पालीवाल | सतेन्द्र पालीवाल |
| 16 | 404/05-03-26 | मुशरान | भवन | पंजी. बैनामा | समीना बी | शाहीन बेगम |
| 17 | 405/05-03-26 | कृष्णा | भवन | पंजी. बैनामा | स्वदेश कोठारी | मंजू धनवानी |
| 18 | 406/09-03-26 | बेलापुरकर | भवन | पंजी. दानपत्र | ओमप्रकाश सेन | चंद्रकांत सेन |
| 19 | 407/09-03-26 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | विजय सिंह पटेल | लेखराम सोनी |
| 20 | 408/11-03-26 | कामथ | भवन | पंजी. बैनामा | जमनाप्रसाद विश्वकर्मा | हेमराज विश्वकर्मा |
| 21 | 409/11-03-26 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | प्रकाश बैरागी | द्रोपती लड़िया |
| 22 | 410/11-03-26 | रानी अवन्ति | भवन | पंजी. बैनामा | अरविन्द प्रकाश वगैरह | फूलमति स्थापक |
| 23 | 411/12-03-26 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | आनंद विश्वकर्मा | विभूति बड़कुर |
| 24 | 412/12-03-26 | शास्त्री | भवन | पंजी. बैनामा | शिवचरण नेमा | आशुतोष नेमा |
| 25 | 413/12-03-26 | कृष्णा | भवन | पंजी. बैनामा | गायत्री दुबे | प्रभजीत कौर |
| 26 | 414/13-03-26 | मुशरान | भवन | पंजी. बैनामा | नीता भारद्वाज | आसमा खां |
| 27 | 415/16-03-26 | राम | भवन | पंजी. बैनामा | शीहन सैफ कुरैशी | मो. फरहान खान |
| 28 | 416/16-03-26 | रानी अवन्ति | प्लाट | पंजी. बैनामा | राजकुमार दीक्षित | प्रतिभा जैन |
| 29 | 417/16-03-26 | किसानी | प्लाट | पंजी. बैनामा | अनीता नेमा | दौलत सिंह चौधरी |
| 30 | 418/17-03-26 | रानी अवन्ति | भवन | पंजी. बैनामा | अभिषेक चौरसिया | भैरोंसिंह यादव |
| 31 | 419/17-03-26 | निरंजन | प्लाट | पंजी. बैनामा | विनीता वर्मा | यशना तिवारी |
| 32 | 420/18-03-26 | रानी अवन्ति | भवन | पंजी. बैनामा | मोतीलाल गढेवाल | सावित्री साहू |
| 33 | 421/18-03-26 | भगतसिंह | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | विष्णुप्रसाद द्विवेदी | अरुणेश द्विवेदी वगैरह |
| 34 | 422/23-03-26 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | अमित जायसवाल | नरेन्द्र दीक्षित |
| 35 | 423/24-03-26 | नरसिंह | भवन | पंजी. बैनामा | शरद सिंघई | विकास नेमा |
| 36 | 424/24-03-26 | मुशरान | प्लाट | पंजी. बैनामा | श्रीकांत मिश्रा | सतीश जाटव |
| 37 | 425/24-03-26 | तिलक | प्लाट | पंजी. बैनामा | नर्मदा डेव्हलपर्स | होरीलाल मेहरा |
| 38 | 426/24-03-26 | नेहरु | भवन | पंजी. हकत्याग | सुरेश कुमार सोनी | राजेशकुमार सोनी, सुदामाप्रसाद सोनी |
| 39 | 427/24-03-26 | रानी अवन्ति | प्लाट | पंजी. बैनामा | सुधीर सोनी | रजनी जाट |
| 40 | 428/25-03-26 | पाठक | प्लाट | पंजी. बैनामा | उर्मिला पटैल | कौशल्या रजक |
| 41 | 429/25-03-26 | महारानी लक्ष्मी | प्लाट | पंजी. बैनामा | प्रिंसनारायण विश्वकर्मा | प्रतिभा सोनी |
| 42 | 430/31-03-26 | बजरंग | भवन | पंजी. दानपत्र | विजय सिंह ठाकुर | लता ठाकुर |
| 43 | 431/31-03-26 | भगत सिंह | प्लाट | पंजी. बैनामा | शिवानी श्रीवास्तव | अनीता खांडे |
| 44 | 432/31-03-26 | मुशरान | भवन | पंजी. बैनामा | डॉ. श्रीकांत अग्रवाल | सरोज नेमा |
| 45 | 433/31-03-26 | कृष्णा | प्लाट | पंजी. बैनामा | डिल्लीसिंह पटैल | कामिनी अग्रवाल |
| 46 | 434/31-03-26 | शंकर | भवन | मृत्यु प्रमाणपत्र | फकीरचंद कोष्टी | सोमनाथ गढ़ेवाल वगै. |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर


## सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : देवड़ा

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने गांव चलो अभियानज्ञ के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम धुंधड़का, धमनार, गुलियाना, हतुनिया, जोगीखेड़ा, रातीखेड़ी, खजूरी फंटा, झिरकन, सिखेड़ी फंटा, बडवन फंटा, भाटरेवास, अफजलपुर, राणखेड़ा, बिलांत्री, चिरमोलिया, रठाना, लोध, सूरी, बोरखेड़ा एवं गारियाखेड़ा में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य श्री राजेश दीक्षित, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने गांव, बस्ती एवं चौपाल पर पहुंचकर ग्रामीणों से भेंट की तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है और लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। एक कार्य पूर्ण होने से पहले ही नए विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र को मिल रही है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि दूरदर्शी नीतियों के परिणामस्वरूप आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल योजना एवं किसान सम्मान निधि से गरीब, किसान, महिला एवं वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार भी सभी वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली बहना योजना, बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, किसानों की आय बढ़ाने हेतु कृषि योजनाएं तथा युवाओं के लिए कौशल विकास एवं स्वरोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है।

उप मुख्यमंत्री गांव चलो अभियान अंतर्गत कार्यक्रमों में हुए शामिल



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को पक्के मकान, प्रधानमंत्री सड़क योजना से गांव-गांव तक सड़कों का जाल, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन तथा आयुष्मान योजना में गरीबों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण / हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में स्थित भवन कमांक MIG MA-24 श्रीमती रीता भट्टाचार्या पति श्री डी.के. भट्टाचार्या के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2009 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती रीता भट्टाचार्या पति श्री डी.के. भट्टाचार्या ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2026 के माध्यम से श्रीमती सिया बाई माझी पति श्री प्रोमोद कुमार माँझी एवं श्री प्रोमोद कुमार मॉझी पिता श्री हलके राम मांझी को विक्रय किया है। अतः श्रीमती सिया बाई माँझी पति श्री प्रोमोद कुमार माँझी एवं श्री प्रोमोद कुमार मॉझी पिता श्री हलके राम माँझी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**





# जिनसार की टीम ने पुलिस कर्मियों को सिखाए जीवन बचाने के गुर

## पुलिस अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों ने सीपीआर प्रशिक्षण में भाग लिया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर इन्स्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस एवं रिसर्च (जिनसार) की बेसिक लाइफ सपोर्ट टीम द्वारा एनएसए के सहयोग से एवं पुलिस कप्तान की अनुमति से प्राचार्या डॉ प्रिन्सी साजी के मार्गदर्शन एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट टीम प्रभारी प्रो आराधना धन्यवाद के निर्देशन में पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों तथा कर्मियों को सीपीआर तकनीक पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा की गई। सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उददेश्य पुलिस कर्मियो को हृदयाघात से सम्बन्धित आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक एवं बेसिक इमरजेन्सी केयर के बारे में जागरूक करना है। इसी उददेश्य को लेकर यह प्रशिक्षण दिया गया।

***इमरजेन्सी मेडीकल तकनीक है सीपीआर***- सीपीआर एक इमरजेन्सी मेडीकल तकनीक है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति को अचानक हृदयाघात होने पर उसकी सहायता कर जीवनदान दिया जा सकता है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में प्राचार्या डॉ प्रिन्सी साजी ने अपने उद्बोधन में चिकित्सा के क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता बढाने हेतु महाविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासो से अवगत कराया। प्रो आराधना धन्यवाद एवं उनकी टीम द्वारा सीपीआर का प्रर्दशन किया गया तथा बताया कि किन परिस्थितियों में सीपीआर दिया जाता है। स्वास्थ के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालय के अध्यापको की टीम द्वारा पूर्व में अनेक संस्थानो में सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। संस्था ने सीपीआर प्रशिक्षण को एक मिशन के रूप में स्वीकार किया है एवं इस पर निरंतर अनुसंधान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएसपी, डीएससी तथा विभिन्न थाना प्रभारी एवं लगभग 150 पुलिस कर्मियो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रर्दशन डॉ अनूप तिवारी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। तथा उन्होंने पुलिस कप्तान को इस कार्यक्रम को आयोजित करने की अनुमति देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा विशेषज्ञो से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

# समस्याओं से निजात दिलाने तांत्रिकों ने खरीदवाई साढ़े 17 लाख की दवाईयाँ

## जालसाजों ने लगाया लाखों का चूना

## कोतवाली थाने में दर्ज हुई शिकायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सिवनी घंसौर निवासी एक शख्स को दो जालसाज तांत्रिकों ने अपने झांसे में लिया और परिवारिक समस्याओं के समाधान के लिये उसे जबलपुर के दमोहनाका व नागपुर से आयुर्वेदिक दवाइयां दिलाते हुए उसे साढ़े सत्रह लाख रूपये की चपत लगा दी। जब पीड़ित को किसी प्रकार को परेशानी से निजात नहीं मिली तब उसने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि सिवनी घंसौर निवासी 31 वर्षीय चंद्रकांत सोनी नवंबर महीने में ग्वारीघाट आया था। जहां पर उसे दो लोग मिले, जिन्होंने खुद को तांत्रिक बताते हुए उसकी परिवारिक समस्याओं से निजात दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद पीड़ित को लेकर दमोह नाका क्षेत्र पहुंचे। जहां साईनाथ आयुर्वेदिक दुकान पर ले जाकर वहां से कुछ दवाइयां दिलायी और धोखाधड़ी पूर्वक 5 लाख 25 हजार रुपये ऐंठ लिये। उसके बाद आरोपियों ने उसे फोन कर पूछा कि समस्या का समाधान हुआ या नहीं तो उसने कहा कि अभी कोई फर्क नहीं पड़ा तो उन्होंने कहा कि अब तुमको नागपुर जाकर कुछ दवाईयां और लेकर आना पड़ेगा।

***दवाइयां खरीदने नागपुर पहुंचे पीड़ित*** - पीड़ित ने बताया कि नागपुर की पंचवटी आयुर्वेदिक जड़ी बूटी ईमानबाड़ा चौराहा नागपुर में जाकर लेना पड़ेगा। उनकी बातों पर फंसकर पीड़ित नागपुर पहुंचा जहां से उसने आरोपियों की बतायी गई दुकान से 12 लाख 40 हजार रुपये की दवाईया ली। उक्त दवाइयों से भी काम नहीं हुआ तो उनसे संपर्क कर कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इसके बाद आरोपी इलाहाबाद से साढ़े सात लाख की और दवाईया लाने का दवाब बना रहे है, जिससे उसे समझ आ गया तो दोनों जालसाज ने स्वयं को तांत्रिक बताकर उसके 17 लाख 65 हजार रुपये हड़प लिये है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाबा व उसके सुभाष नाम के चेले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# हाईकोर्ट के बाहर सड़क पर चलती बाइक में लगी आग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हाईकोर्ट के गेट नंबर 6 के सामने दोपहर बारह बजे अचानक ही चलती बाइक में आग लग गई। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाईक चालक भी बीच रोड में जलती बाइक छोड़कर दूर हो गया। इस दौरान हाईकोर्ट की सुरक्षा में मौजूद एसएएफ के जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए मौके पर पहुंचे और फायर बूसर से आग को बुझाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम की दमकल वाहन को भी बुलाया गया, पर उससे पहले ही बाईक में लगी आग बुझ गई थी। जानकारी अनुसार मछली व्यवसायी युवक बाइक से बाजार की तरफ जा रहा था, जैसे ही वह हाईकोर्ट के सामने पहुंचा तो उसकी बाईक में आग लग गई। जिसके बाद चालक बंशी फौरन बाइक से नीचे उतरा और बाइक वहीं छोड़कर दूर हो गया। पुलिस ने दोनों तरफ का रास्ता बंद करते हुए राहगीरों को दूर हटा दिया।

# जबलपुर-संतरागाछी हमसफर ट्रेन रहेगी निरस्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर जंक्शन-चाँपा जंक्शन रेलखण्ड पर थर्ड एवं फोर्थ लाइन से सबन्धित निर्माण कार्यों के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-संतरगाछी-रानी कमलापति एवं संतरगाछी-जबलपुर-संतरागाछी हमसफर ट्रेनों की 1-1 ट्रिप निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरगाछी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रानी कमलापति से 03 जून को गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन संतरागाछी से 04 जून को, गाड़ी संख्या 20828 संतरगाछी-जबलपुर हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन संतरगाछी से 03 जून को गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 04 जून को निरस्त रहेगी । यात्रीगण असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके ही यात्रा प्रारम्भ करें।

# 11 साल की वैष्णवी को मिला नया जीवन

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से मुंबई में हुई सफल सर्जरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना एक बार फिर मासूमों के लिए वरदान साबित हुई है। जबलपुर जिले के पनागर तहसील अंतर्गत ग्राम सूरतलाई निवासी 10 वर्ष 11 माह की बालिका वैष्णवी पटेल को इस योजना के माध्यम से नई जिंदगी मिली है। हृदय रोग से ग्रसित वैष्णवी की मुंबई के प्रसिद्ध नारायणा हृदयालय में सफल सर्जरी की गई। जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पनागर डॉ. संजय जैन के मार्गदर्शन में आर.बी.एस.के. टीम की डॉ. नुपुर नामदेव ग्राम सूरतलाई स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पहुँची थीं। परीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि वैष्णवी पटेल (पिता श्री प्रमोद कुमार पटेल) हृदय रोग से पीड़ित है। इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी गई।

***मुंबई में हुआ निःशुल्क उपचार***- मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही की गई। जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने बालिका का पंजीयन कराकर परिजनों की सहमति से उसे नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया। जहाँ 3 अप्रैल 2026 को बालिका की सफल और निःशुल्क सर्जरी संपन्न हुई।

# फर्जी पेंशनभोगियों से नगर निगम ने वसूली लाखों की रकम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम जबलपुर द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में चलाए जा रहे इस भौतिक सत्यापन अभियान के तहत सफलता हाथ लगी है। उपायुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक हुई जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जहाँ नियम विरुद्ध तरीके से पेंशन का लाभ लिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करते हुए कुल 25 लाख 52, हजार 544 रुपये की वसूली की गई है। वसूली गई यह पूरी राशि शासन के खाते में जमा करा दी गई है।

# जन हितार्थ के लिए श्री गोपाल लाल जी महाराज ट्रस्ट ने बढ़ाए हाथ

## रेडक्रॉस सोसायटी को भेंट किया 2 लाख 51 हजार का चेक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सामाजिक एवं जन हितार्थ के कार्यो में अग्रणी रहने वाले श्री गोपाललाल जी महाराज ट्रस्ट द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी को जनहित कार्यो के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को 2 लाख 51 हजार रूपए का चैक भेंट किया गया। आपको बता दें कि पंजीयत धार्मिक न्यास श्री गोपाललाल जी महाराज ट्रस्ट पिछले कई वर्षो से मानव सेवा के लिए कार्य करता रहा आ रहा है। जिसका उद्देश्य हमेशा से ही पीड़ित एवं असहाय लोगों की मदद करना रहा है।



# एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**जबलपुर।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजीनियरों द्वारा तैयार एक तकनीकी केस स्टडी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल, वॉटर एंड एनर्जी इंटरनेशनल में प्रकाशित हुई है। जिसकी व्यापक सराहना इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्षेत्र मे देश-विदेश के नामी विशेषज्ञो ने भी की है । एमपी ट्रांसको के इंजीनियर जितेंद्र तिवारी एवं इंजीनियर आशुतोष राय द्वारा तैयार की गई यह स्टडी केस 35 वर्ष से अधिक पुराने ट्रांसमिशन लाइनों में बिजली गिरने से होने वाली समस्याओं के समाधान पर आधारित है। इसमें स्पेशल पिट आधारित अर्थिंग तकनीक के माध्यम से टॉवर फुटिंग इम्पीडेंस कम करने और फॉल्ट क्लियरिंग समय सुधारने का सफल प्रयोग प्रस्तुत किया गया है।

# विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



ग्राम पंचायत गोसलपुर में मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जल गंगा संवर्धन अभियान के दृतीय चरण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के द्वारा नगर के कोचिंग सेंटर में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जल की महत्वता को बताते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें कोचिंग की छात्राओं ने अपने हाथों में तखतियां लेकर जल संरक्षण के विभिन्न नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का संदेश दिया इस मौके पर संस्था के सचिव हेमचंद असाटी ,विकास यादव, दीपक पटेल, उपस्थित रहे।

# शराब के लिये रुपये न देने पर मारपीट

जबलपुर

रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत पुरानी बस्ती झण्डा चौक में बाईक सवार दो युवकों को एक असमाजिक तत्व ने सरेराह रोका और शराब पीने पांच सौ रुपयों की मांग शुरु कर दी। युवकों के मना करने पर आरोपी ने मारपीट करते हुए एक युवक को मोबाईल पटक-कर तोड़ दिया और वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




# विद्यार्थियों को मिला करियर का नया दृष्टिकोण

## हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रोफाइल बिल्डिंग पर प्रेरक सेमिनार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में छात्रों के करियर विकास एवं व्यक्तित्व संवर्धन को ध्यान में रखते हुए प्रोफाइल बिल्डिंग विषय पर एक प्रभावशाली लाइव एवं एक्सक्लूसिव सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में स्वयं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक कौशलों से अवगत कराना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सतीश आनंद (फाउंडर और सीईओ, आओ सीखो) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर छात्रों को प्रोफाइल बिल्डिंग के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। श्री आनंद ने बताया कि आज के डिजिटल युग में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक सशक्त और प्रभावी प्रोफाइल ही सफलता की कुंजी है।



### पोर्टफोलियो डेवलपमेंट तथा पर्सनल ब्रांडिंग पर की चर्चा

उन्होंने विशेष रूप से लिंक्डइन प्रोफाइल को बेहतर बनाने, आकर्षक एवं प्रभावी रिज्यूम तैयार करने, पोर्टफोलियो डेवलपमेंट तथा पर्सनल ब्रांडिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके द्वारा साझा किए गए उदाहरण और व्यावहारिक सुझाव छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य. डॉ रिंकू कथूरिया, एडिशनल डायरेक्टर देवाशीष मुखर्जी, रजिस्ट्रार पूजा दुबे, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट हेड देवांशु प्यासी विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा वक्ता से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपने करियर को नई दिशा देने एवं प्रोफेशनल दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

### करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सेमिनार

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रिंकू कथूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। अंत में आयोजन समिति द्वारा मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया गया। यह सेमिनार कॉलेज द्वारा आयोजित उन निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना एवं उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**